CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 24°C

लखनऊ, बुधवार 13 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 283 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बीके सिंह यूपी के नए पुलिस महानिदेशक नियुक्त

पेज 2



कोहली का जलवा इंस्टाग्राम पर बरकरार

खेल टाइम्स



गायब होती नौकाएं और विमान का कारण बर्मुडा ट्रायंगल

सम्पादकीय



पाक ने भारतीय राजनयिकों के घरों की गैस सप्लाई रोकी

पेज 12

# अब फिर से नहीं बसेगा धराली, पूरा गांव नई जगह होगा शिफ्ट

चिरंजीव सेंमवाल

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में 5 अगस्त को दिन के 1:15 बजे खीर गंगा गाड़ में आए सैलाब ने धराली को 34 सेकंड में पूरी तरह तबाह कर दिया। यहां के मकानों, कई भवनों, होटल, होमस्टे, सेब के बागानों सहित पूरे गांव को जमींदोज कर दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि आपदा में तबाह हुए धराली को अब उसी स्थान पर फिर से नहीं बसाया जाएगा, बल्कि सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। नदियों के किनारे और भूस्खलन-प्रवण क्षेत्रों में नए निर्माण पर भी रोक लगाई जाएगी। पिछले कई वर्षों में



**■ धराली में आई आपदा के बाद सरकार का साहसिक कदम, संवेदनशील है धराली का इलाका, 42 लापता का अभी तक सुराग नहीं**

धराली तीन बार आपदाओं का सामना कर चुका है, लेकिन हर बार गांव दोबारा बसाया गया। इस बार प्रशासन ने स्थायी विस्थापन की दिशा में कदम उठाया है। अपर सचिव बंशीधर तिवारी के अनुसार, ग्रामीणों से नई बसावट को लेकर बातचीत शुरू हो गई है। लोग 8 से 12 किमी दूर लंका, कोपांग या जांगला में बसाए जाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, हर्षिल में आई आपदा में सेना का कैंप भी बह गया था। इसलिए नया कैंप लगाने के लिए सेना श्रीखंड पर्वत और आसपास के ग्लेशियरों, झीलों की रेकी करेगी। सरकार ने अब तक 42 लोगों के लापता होने की पुष्टि की -**शेष पृष्ठ दो पर**

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कैश कांड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ मंगलवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

स्पीकर ने कहा कि मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने की मांग है। स्पीकर ने जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का ऐलान



**■ स्पीकर ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाई**
**■ कहा: आरोप गंभीर, पद से हटाने की कार्रवाई जरूरी**

किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के एक-एक जज और एक कानूनविद शामिल हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा। इस साल 14 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर का वीडिया वायरल हुआ था। इसमें 500-500 के अधजले नोटों की गड्डियां नजर आई थीं। स्पीकर बिरला ने कहा कि तथ्य करप्शन की तरफ इशारा कर रहे हैं, हमने न्यायाधीश जांच अधिनियम के प्रावधानों का अध्ययन किया है। हमने सुप्रीम कोर्ट के घोषित कानूनों के साथ-साथ कई अन्य फैसलों की जानकारी भी रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत को गंभीर प्रकृति का पाया है। इनहाउस प्रक्रिया का पालन किया।

## सजा पूरी कर चुके कैदियों को तुरंत रिहा करें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम निर्देश में कहा है कि जो भी कैदी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि सजा पूरी कर चुका कोई कैदी अभी भी जेल में तो बंद नहीं है। अदालत ने ये भी कहा कि अगर कोई ऐसा कैदी पाया जाता है, जिसकी सजा पूरी हो चुकी है और वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई योजना नहीं: केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सदन में कहा है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हरिद्वार से भाजपा सांसद त्रिवेंद्र के सवाल के जवाब में ये बात कही। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 246(3) के अनुसार, केंद्र और राज्यों के बीच बांटी गई विधाई शक्तियों के मुताबिक पशुओं का संरक्षण ऐसा मामला है जिस पर राज्य विधानमंडल को कानून बनाने का विशेष अधिकार है।

# आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## बिहार SIR को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा: आधार का सत्यापन जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड को नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इस बात की जांच कर रही है कि क्या चुनाव आयोग के पास इस तरह का सत्यापन अभियान चलाने का कानूनी अधिकार है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर उनके पास यह शक्ति नहीं है, तो मामला यहीं खत्म हो जाएगा, लेकिन अगर है, तो कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आधार अधिनियम की धारा 9 का उल्लेख करते हुए कहा कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है और इसका सत्यापन जरूरी है। राजद सांसद मनोज झा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता

**■ सितम्बर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है**



कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि चुनाव आयोग की यह प्रक्रिया बड़ी संख्या में मतदाताओं के बहिष्कार का कारण बन सकती है, खासकर उन लोगों के लिए जो निर्धारित फार्म जमा नहीं कर पाते। उन्होंने आरोप लगाया कि 2003 से मतदाता सूची में शामिल लोगों को भी नए सिरे से फार्म भरने को कहा जा रहा है और फार्म न भरने पर, पते में कोई बदलाव न होने के बावजूद, नाम हटा दिए जा रहे हैं। कई मामलों में जीवित मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया और मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने हुए हैं। पीठ ने कहा कि उच्च प्रतिक्रिया दर बड़े पैमाने पर नाम कटने के दावों को कमजोर करती है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि मौजूदा वोटर लिस्ट में शामिल लोगों के खिलाफ नकारात्मक धारणा बनाना गलत है। यह मामला तत्काल हस्तक्षेप का हकदार है, वरना चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर असर पड़ सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से दोहराया कि अगर सितम्बर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है।

## योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के उड़ाए तोते

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट में मामला सम्भाल ले गया था, मगर तभी योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में बिहार के दो ऐसे लोगों को पेश किया, जिन्हें चुनाव आयोग ने मृत घोषित कर मतदाता सूची से नाम हटा दिया था,जबकि वे जीवित थे। उन्होंने इसे प्रक्रिया की गड़बड़ी का एक उदाहरण बताया। बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई मंगलवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की बेंच ने की। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग की दलीलें सुनीं। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल, प्रशांत भूषण, और अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया गैर-पारदर्शी और मनमानी है, जिससे लाखों मतदाताओं, खासकर गरीब और प्रवासी समुदायों का मताधिकार -**शेष पृष्ठ दो पर**







# वोटर वेरिफिकेशन पर राहुल ने कहा: पिक्चर अभी बाकी है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है।

बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा कि हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं।



पिक्चर अभी बाकी है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। ईसी का कर्तव्य है कि वो एक -**शेष पृष्ठ दो पर**

## आवारा कुत्तों के साथ क्रूरता नहीं होनी चाहिए: राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से आवारा कुत्तों को हटाने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश को बेजुबानों के साथ क्रूरता और एक प्रतिगामी कदम बताते हुए कहा है कि यह हमारी दशकों पुरानी मानवीय और विज्ञान-आधारित पशु कल्याण नीति को कमजोर करता है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का उच्चतम न्यायालय का निर्देश दशकों से चली आ रही मानवीय, -**शेष पृष्ठ दो पर**












## संक्षिप्त समाचार

### फतेहपुर में धार्मिक स्थल के आसपास तनावपूर्ण शांति

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में मकबरा को लेकर दो संप्रदायों के बीच हुए विवाद के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में दस नामजद समेत 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है हालांकि अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाले भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष को नामजद नहीं किया गया है, जिससे छुटभैए भाजपा नेताओं में आक्रोश है। बीते सोमवार को शहर के आबू नगर मोहल्ले में 300 वर्ष पुराना मकबरा को एक संप्रदाय के लोगों ने शिव मंदिर घोषित किया था।

### मुंबई से दो नई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने सितंबर में मध्य एशियाई देशों के लिए मुंबई से दो नई उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने मंगलवार को बताया कि वह 01 सितंबर से उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद और 2 सितंबर से कजाकिस्तान के अल्माटी के लिए मुंबई से सीधी उड़ानें शुरू करेगी। दोनों उड़ानें सप्ताह में चार दिन होंगी।

### परिषद के बाहर गिर पड़े पूर्व मंत्री बलराम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विधानभवन में मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधान परिषद की कार्यवाही में हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व मंत्री व विधान परिषद सदस्य बलराम यादव परिषद के बाहर गिर पड़े। अचानक उनके गिरने से मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाकर सोफे पर बिठाया। तकरीबन 20 मिनट बाद यादव नार्मल हुए।

## आईपीएस बीके सिंह यूपी पुलिस के नए महानिदेशक नियुक्त किए गए



**लखनऊ।** सीनियर आईपीएस अधिकारी बीके सिंह को यूपी पुलिस का नया महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। उनका पूरा नाम बिनोद के सिंह है और वह 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। बीके सिंह मूल रूप से बिहार की राजधानी पटना के रहने वाले हैं, उनके पिता का नाम श्रीकृष्णा सिंह हैं। सिंह का जन्म नौ मई 1971 को हुआ था। बीके सिंह ने इतिहास विषय से एमए, एमफिल और एलएलबी किया है।

सीनियर आईपीएस बीके सिंह मौजूदा समय में अपर पुलिस महानिदेश साइबर क्राइम के पद पर तैनात हैं उन्हें अभी तक कई महत्वपूर्ण सम्मान से नवाजा जा चुका है। इस आशय की जानकारी राज्यपाल की आज्ञा से प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने दी है।

# यूपी में 67.50 लाख बुजुर्गों को मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 2024-25 में 5599997 लाभार्थियों को मिल चुका पेंशन का लाभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में 67.50 लाख पात्र बुजुर्गों तक पेंशन की राशि पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे पहले बीते वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में ही योगी सरकार ने अपने लक्ष्य के अनुरूप 56 लाख गरीब बुजुर्गों के खाते में 1000 रुपए प्रतिमाह की दर से पेंशन की राशि देकर उनका आर्थिक सहायता कर चुकी है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सरकार ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वर्ष 2025.26 में वृद्धावस्था पेंशन योजना में पेंशनरों का लक्ष्य 61 लाख निर्धारित किया था, जिसे पहले ही वित्तीय वर्ष में प्राप्त कर आगे का नया लक्ष्य तय किया है। इस महत्वपूर्ण फैसले से सरकार ने प्रदेश के बुजुर्गों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। साथ ही सिंगल नोडल एकाउंट प्रणाली ने पेंशन की प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया है, जहां पेंशन सीधे आधार, लिंक्ड खातों में जाती है, बिना किसी मध्यस्थ के। इससे सरकारी धन का सदुपयोग सुनिश्चित होता है और लाभार्थी बिना देरी के लाभ पाते हैं। एसएनए प्रणाली का इस्तेमाल न केवल वितरण को तेज करता है, बल्कि ऑडिट और ट्रैकिंग को आसान बनाता है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है और हर पैसे का हिसाब रखा जाता है। वृद्धावस्था पेंशन योजना योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रमुख हिस्सा है, जो बुजुर्गों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने पर केंद्रित है। इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के आर्थिक रूप से कमजोर वृद्धजनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए की पेंशन प्रदान की जाती है, जिससे उनके जीवन के अंतिम वर्षों में वित्तीय परेशानियां कम होती हैं। योगी सरकार ने इस योजना को शुरू से ही प्राथमिकता दी है। 2017 में जब योजना का विस्तार शुरू हुआ, तब लाभार्थियों की संख्या 37.47 लाख थी, जो आज 67.50 लाख के लक्ष्य तक पहुंच गई है। यह वृद्धि सरकार की सक्रियता का नतीजा है, जहां विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर पात्र बुजुर्गों को चिह्नित किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यदि तय लक्ष्य से अधिक पात्र मिलते हैं, तो उन्हें भी योजना में शामिल किया जाता है। इस योजना के तहत पिछले कुछ वर्षों में लाभार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2018.19 में 40,71,580 वृद्धजनों को इस योजना का लाभ मिला, जिसमें 187913.10 लाख रुपए की धनराशि खर्च की गई। 2019.20 में यह संख्या बढ़कर 47,99,480 हो गई और 269774.45 लाख रुपए का व्यय हुआ। 2020.21 में 51,24,155 लाभार्थियों को 369449.13 लाख रुपए की पेंशन मिली। 2021.22 में 51,92,779 वृद्धजनों को 427790.56 लाख रुपए की पेंशन दी गई। 2022.23 में यह संख्या 54,97,237 तक पहुंच गई, और इस पर कुल 608374.50 लाख रुपए खर्च हुए। 2023.24 में 55,68,590 वृद्धजनों को इस योजना का लाभ मिला है।

## फतेहपुर मामले में सरकार सख्त कदम उठाए: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को कहा कि फतेहपुर में मकबरा विवाद पर सरकार सख्त कदम उठाए जिससे सांप्रदायिक सदभाव खराब न हो सके। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि यूपी के जिला फतेहपुर में मक़बरा व मन्दिर होने को लेकर चल रहे विवाद/बवाल पर सरकार को किसी भी समुदाय को ऐसा कोई भी क़दम नहीं उठाने देना चाहिए, जिससे वहां साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो जाए तथा आपसी भाईचारा व सद्‌भाव भी बिगड़े। सरकार इस मामले को ज़रूर गम्भीरता से ले तथा ज़रूरत पड़ने पर सख्त क़दम भी उठाए। गौरतलब है कि फतेहपुर जिले के आबू नगर में सोमवार को धार्मिक स्थल पर दावे को लेकर दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए थे। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हिंसा फैलाने के आरोप में दस नामजद समेत 160 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही आज तक के लिए स्थगित

# फतेहपुर मामले पर हंगामे के बीच कई बिल पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा सदस्यों ने प्रश्नकाल के बाद एक घंटे तक किया हंगामा सरकार ने दिया जवाब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को फतेहपुर मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रश्नकाल के बाद लगभग घंटे भर तक हंगामा किया, जिसकी वजह से विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी।

सपा के सदस्य फतेहपुर के मामले को लेकर लगातार सदन के भीतर नारेबाजी कर सरकार से इस मामले पर चर्चा की मांग कर रहे थे। हंगामे को देखते हुए सरकार की तरफ़ से संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने फतेहपुर मामले पर जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने समय रहते कार्रवाई की है और एफआईआर भी दर्ज की गई है। दोषियों के खिलाफ़ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया है। सरकार इस मामले में कठोर कार्रवाई करेगी। सुरेश खन्ना के जवाब देने के बाद भी समाजवादी पार्टी के सदस्य नारेबाजी करते रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने अपना जवाब दिया है अब सपा के सदस्यों को शांत हो जाना चाहिए। लेकिन सपा की तरफ़ से नारेबाजी जारी रही। नारेबाजी बंद न होने पर हंगामे के बीच ही कैग की रिपोर्ट टेबल की गई। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को भी सदन में रखा गया। हंगामे के बीच करीब 50 मिनट तक कार्यवाही जारी रही। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डे ने सदन के भीतर फतेहपुर का मामला उठाया और कार्य स्थगन प्रस्ताव के ज़रिए सदन में चर्चा कराने की बात कही।

### फतेहपुर में मकबरा विवाद में लिप्त पप्पू सिंह चौहान को सपा ने पार्टी से निकाला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में मकबरा विवाद में संलिप्तता पाए जाने पर समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यकर्ता पप्पू सिंह चौहान को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। हांलाकि पप्पू चौहान ने वीडियो जारी कर सपा को सनातन विरोधी बताते हुए पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। गौरतलब है कि फतेहपुर के आबूनगर में मकबरा को मंदिर बताते हुए हिन्दूवादी संगठनों ने सोमवार को विवादित स्थल पर पूजा अर्चना की थी। इस सिलसिले में पुलिस ने दस नामजद समेत 160 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में पप्पू चौहान का भी नाम है। सपा आलाकमान ने मकबरा विवाद में पप्पू चौहान का नाम आते ही उसे पार्टी से बाहर करने का ऐलान किया। फतेहपुर में सपा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने एक पत्र जारी कर कहा कि हुसैनगंज तहसील के गांव रहिमालन के पुरवा निवासी पप्पू सिंह चौहान को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है। इससे पहले पप्पू चौहान ने एक वीडियो जारी कर कहा कि मुस्लिमो की रहनुमा सपा वही काम करती है, जो मुस्लिमों को पसंद है। उन्हें अपने किए पर कोई अफसोस नहीं है और वह सनातनी है और सनातन के पक्ष में हमेशा खड़े रहेंगे।

## सपा के शासनकाल में था माफिया का बोलबाला: मौर्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में अपराधियों, माफिया का बोलबाला था। सपा के शासन में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती थी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त है। अपराध होता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी होती है।

विधान परिषद में कानून व्यवस्था का मसला सपा की तरफ से उठाए जाने पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता था। मुख्यमंत्री आवास तक में अपराधियों की पैठ थी। सपा के समय में यूपी में भय का वातावरण था। 2017 के चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी अहंकार के आकाश पर चढ़ गई थी। जनता को लगा कि सपा सरकार आएगी तो फिर से वही स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। उन्होने कहा कि सपा डूबती हुई नाव है। 2017 में सपा के साथ जो हुआ वहीं 2027 में होगा। भ्रष्टाचारी, अपराधियों को राजनीति में आगे लाने का काम सपा ने किया। सपा के शासनकाल में कोई भी पर्व त्यौहार सकुशल संपन्न नहीं होते थे। 2027 में गरीबों के उत्थान के लिए फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि यूपी में रक्षक ही भक्षक बन गए हैं।



सेंसेक्स 80235.59
निफ्टी 24487.40

सोना रु. 99549
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 113593
प्रति किलो



# बैंकिंग, एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली से टूटे प्रमुख सूचकांक



मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को एक बार फिर गिरावट देखी गई और बैंकिंग तथा एफएमसीजी शेयरों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 368.49 अंक (0.46 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,235.59 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 97.65 अंक यानी 0.40 प्रतिशत टूटकर 24,487.40 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को दोनों सूचकांक करीब एक प्रतिशत की बढ़त में बंद हुए थे। निजी बैंक, वित्तीय सेवा, रियलिटी और एफएमसीजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्र की कंपनियों में भी बिकवाली हुई। ऑटो, आईटी, धातु और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर टूट गए। बजाज फाइनेंस का शेयर 2.87 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.36 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.35 प्रतिशत फिसल गया। एचडीएफसी बैंक, इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक में भी गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टीसीएस, इंफोसिस और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वहीं मारुति सुजुकी का शेयर 2.06 फीसदी चढ़ा। टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा स्टील के शेयर भी बढ़त में रहे। जहां बड़ी और मझौली कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की, वहीं छोटी कंपनियों में विश्वास दिखाते हुए उनके शेयरों में पैसा लगाया। एनएसई में निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त में रहा, जबकि मिडकैप 50 सूचकांक 0.42 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। सौ शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 भी 0.34 प्रतिशत टूट गया। सुबह सेंसेक्स 95.57 अंक की गिरावट में 80,508.51 अंक पर खुला और कुछ ही देर में हरे निशान में चला गया। दोपहर बाद तक सूचकांक में सीमित उतार-चढ़ाव बना रहा लेकिन आखिरी डेढ़ घंटे में मुनाफा वसूली होने से यह अंत में 368 अंक टूट गया। इस दौरान सेंसेक्स ऊपर 80,997.67 अंक और नीचे 80,164.36 अंक तक गया जो 800 अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव है।

### सोने के दाम में गिरावट चांदी महंगी हुई

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। जबकि चांदी महंगी हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 408 रुपए गिरकर 99,549 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,957 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 92 रुपए बढ़कर 1,13,593 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,501 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,100 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 थी। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,000 रही। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,387 रुपए बढ़कर 99,549 रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़, चीनी मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत दाम बढ़ गए जबकि गेहूं में नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख देखने को मिला। चीनी में मजबूती देखी गई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 16 रिंगिट चढ़कर 4,400 रिंगिट प्रति टन बोला गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.08 प्रतिशत फिसलकर 52.43 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब नौ रुपए बढ़कर 3,835.89 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं दो रुपए की मामूली गिरावट में 2,839.29 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 3,293.82 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। सरसों तेल औसतन छह रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। मूंगफली तेल में पांच रुपए की तेजी रही। वनस्पति 65 रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। पाम ऑयल में नौ रुपए की तेजी रही। सूरजमुखी तेल में दो रुपए की मामूली गिरावट देखी गई। सोया तेल 14 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत 15 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपए नरम हुई जबकि तुअर दाल 14 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल में 15 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल मूंग भी सात रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव 18 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अब फिर...**

है, जबकि स्थानीय लोग यह संख्या 60 से अधिक बता रहे हैं। इनमें 29 नेपाली मजदूर भी शामिल हैं, जिनमें से 5 से संपर्क हो चुका है और 24 अब भी लापता हैं। फिलहाल केवल एक शव बरामद हुआ है, जबकि मलबे में दर्जनों लोगों के दबे होने की आशंका है। गंगनानी से आगे लिम्चागाड़ में टूटा पुल अब के स्थान पर वैली ब्रिज तैयार हो गया है, जिससे उत्तरकाशी और धराली का संपर्क फिर से जुड़ गया, लेकिन भूस्खलन से गंगोत्री हाईवे डबारानी और धराली से पहले 350 मीटर बंद है।

**वोटर वेरिफिकेशन...** व्यक्ति एक वोट को लागू करे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम ऐसा करते रहे हैं और करते रहेंगे। दरअसल संसद के दोनों सदनों में भी बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा चल नहीं पाई। सदन की कार्यवाही शुरू के होने के पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं। वहीं संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंके गए। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल सदन की कार्यवाही चला रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उपनेता की ओर से इशारा किया गया। इसके बाद कागज फाड़कर चेयर की ओर फेंके गए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि आपने सदन की गरिमा गिराई है। देश आपको माफ नहीं करेगा। आपके क्षेत्र के लोग आपसे दुखी होंगे। इसके बाद लोकसभा सोमवार 18 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि चुनाव आयोग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीवान के दरौंदा विधानसभा की वोटर के रूप में रजिस्टर्ड मिंता देवी की उम्र 124 नहीं बल्कि 35 साल थी। उनके आवेदन में गलती के कारण उनकी उम्र में बदलाव किया गया।

**योगेंद्र यादव ने ...**

छिन सकता है। कपिल सिब्बल ने बताया कि एक निर्वाचन क्षेत्र में 12 जीवित लोगों को मृत दिखाकर उनकी वोटर लिस्ट से नाम हटाए गए। चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है और यह प्रक्रिया कानूनी है। आयोग ने दावा किया कि 65 लाख नाम हटाए गए, जिनमें 22 लाख मृतक और 36 लाख स्थानांतरित लोग शामिल हैं। हालांकि, आयोग ने इन नामों की सूची सार्वजनिक करने से इनकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि बड़े पैमाने पर नाम हटाए गए हैं, तो वह हस्तक्षेप करेगा। जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा कि क्या प्रक्रिया संवैधानिक है और क्या आयोग को नागरिकता सत्यापन का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर सितम्बर 2025 तक अवैधता साबित होती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द की जा सकती है।

**आवारा कुत्तों...**

विज्ञान-समर्थित नीति से एक कदम पीछे है। ये बेजुबान हैं और इनसे ऐसी कोई 'समस्या' नहीं हैं जिनके कारण उनको खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थल, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल के जरिये सड़कों को बिना किसी क्रूरता के सुरक्षित रखा जा सकता है। इनको क्रूरता से हटाना अदूरदर्शी है और हमारी करुणा को खत्म करता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि शहर के सभी आवारा कुत्तों को कुछ ही हफ्तों में आश्रय गृहों में भेजने का नतीजा उनके साथ बेहद अमानवीय व्यवहार होगा। उन्हें रखने के लिए पर्याप्त आश्रय गृह भी मौजूद नहीं हैं। शहरी परिवेश में जानवरों के साथ दुर्व्यवहार और क्रूरता होती है। निश्चित रूप से इस स्थिति से निपटने का एक बेहतर और मानवीय तरीका खोजा जा सकता है, जिससे इन मासूम जानवरों की देखभाल की जा सके और उन्हें सुरक्षित भी रखा जा सके। कुत्ते सबसे सुंदर और कोमल प्राणी होते हैं, वे इस तरह की क्रूरता के लायक नहीं हैं। उच्चतम न्यायालय ने कल दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) को राष्ट्रीय राजधानी के सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को तुरंत हटाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि हर इलाके को आवारा कुत्तों से मुक्त बनाने में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

### बिहार वोटर यात्रा के लिए कांग्रेस के जिला समन्वयक नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को 25 जिला समन्वयक नियुक्त किए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। उनकी सूची में इस प्रकार है, रोहतास में अजय राय तथा रामकिशन ओझा, औरंगाबाद में धीरज गुर्जर, गया में कमलेश्वर पटेल, नवादा के लिए दिनेश गुर्जर (विधायक), नालंदा में दिनेश गुर्जर (विधायक), शेखपुरा में संजय कपूर, जमुई में कुलदीप इंदोरा, लखीसराय में सत्य नारायण पटेल, मुंगेर के लिए नीलांशु चतुर्वेदी, भागलपुर में अशोक को नियुक्त किया है।















# फतेहपुर मकबरा/मंदिर विवाद पर सियासत गरमाई, मायावती और अजय राय ने सरकार को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में एक मकबरे पर तोड़फोड़ और हिंदू संगठनों द्वारा उसे मंदिर बताकर पूजाख्रअर्चना की कोशिश के बाद मंगलवार को तनाव फैल गया। पुलिस की मौजूदगी में हुई इस घटना के बाद प्रशासन पर पक्षपात और लापरवाही के आरोप लगने लगे हैं।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि सरकार को किसी भी समुदाय को ऐसा कदम उठाने से रोकना चाहिए, जिससे साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो और आपसी भाईचारा व सद्भाव बिगड़े। उन्होंने सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेने और आवश्यकता पड़ने पर सख्त कदम उठाने की सलाह दी। मायावती का यह रुख उनकी पुरानी विचारधारा के अनुरूप है, जिसमें वे धार्मिक सौहार्द और निष्पक्ष प्रशासन पर जोर देती रही हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने घटना को योगी सरकार की लापरवाही और पुलिस-भाजपा नेताओं की मिलीभगत का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि फतेहपुर गंगाख्रजमुनी तहजीब के लिए मशहूर है और यहां तक कि बाबरी विध्वंस के दौरान भी अमन कायम रहा था, लेकिन अब सत्ता की हनक और पुलिस संरक्षण में इसे दंगों की आग में झोंकने की कोशिश की गई है। अजय राय के अनुसार, भाजपा नेताओं की नजर मकबरे से जुड़ी बेशकीमती जमीन पर है और माहौल बिगाड़कर उसका कब्जा करने की योजना बनाई गई है। अजय राय ने आरोप लगाया कि भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा भीड़ जुटाने का आह्वान करने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, और घटना के 24 घंटे बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा फतेहपुर में अपनी चुनावी हार से हताश होकर हिंदू-मुस्लिम के बीच खाई पैदा करने की नापाक कोशिश कर रही है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर हो रहे कार्यक्रम



शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** हर घर तिरंगा अभियान व आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम का आयोजन पूरे जिले में किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना एवं नागरिकों को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना रहा।

हर घर तिरंगा अभियान 2025 जनपद सीतापुर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रथम चरण (2 से 8 अगस्त) में तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी बनाकर पुलिस एवं सेनाओं को भेजा गया। दीवारों एवं बोर्डों की तिरंगा सजावट आदि कार्य कराए गए। द्वितीय चरण (9 से 12 अगस्त) में तिरंगा महोत्सव/मेला/म्यूजिकल कंसर्ट, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रैली, तिरंगा वितरण आदि कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। तत्क्रम में आज राजकीय इण्टर कॉलेज, सीतापुर प्रांगण से तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग 700 छात्र-छात्रायें शामिल हुए। रैली को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपायुक्त श्रम/स्वत: रोजगार, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि ने रैली में उपस्थित बच्चों का उत्साहवर्धन किया। तिरंगा रैली राजकीय इण्टर कॉलेज से लालबाग चौराहा होते हुए, आख अस्पताल, तरणताल से मुड़कर राजकीय इण्टर कॉलेज में समाप्त हुई। अपरान्ह 12 बजे से विकास भवन सभागार में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर, कम्पोजिट विद्यालय जमैयतपुर, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, हिन्दू कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। डीएलएड प्रशिक्षु उम्मे ऐमन द्वारा देशभक्ति गीत, आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा हर्षिता ने राष्ट्रप्रेम पर कविता एवं राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र अमन भारती ने भाषण दिया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमैयतपुर की कक्षा-7 आशिका जायसवाल और प्रिया ने अपने हाथों से बनाये हुए गिफ्ट प्रदान किये। हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य व तिरंगा पटटी निर्माण में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित भी किया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अपने उद्बोधन में सभी प्रस्तुतियों की सराहना की तथा सभी को राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपेक्षा की कि हर घर तिरंगा अभियान का तृतीय चरण (13 से 15 अगस्त) भी इसी उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाए। अंत में उपायुक्त श्रम/स्वत: रोजगार द्वारा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं सभी उपस्थित अधिकारियों का तथा सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत करने वाले छात्र/छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

## भटक कर सीतापुर पहुंची लखीमपुर की युवती

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के नैपालापुर चौराहे पर मंगलवार को लोगों ने एक युवती को परेशान और भटकते देखा। इस पर नागरिकों ने जब उससे पूछा, तब वह फफक कर रोने लगी। इस पर स्थानीय नागरिकों ने उसको ढांढस बंधाया और उसको उसके परिजनों से मिलाने का आश्वासन दिया। इस पर उसने अपनी पहचान लखीमपुर खीरी जनपद के गोला थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी रमेश की पुत्री रिंकी के रूप में होना बताया। अप ने बताया कि उसका विवाह हैदराबाद थाना क्षेत्र की ग्राम भूड़ा निवासी अरविंद से हुआ है । आप है कि ससुरालीजनों ने उसको जमकर पीटा और उसे घर से भगा दिया। इसके बाद वह रास्ता भटक गई और भटक कर सीतापुर जनपद में आ गई। स्थानीय नागरिकों ने उसके द्वारा बताए गए फोन नंबर पर काल की। काल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम सूरज ग्राम हसनपुर बताया। सूरज ने कहा कि वह रिंकी का मामा है और वह उसको लेने सीतापुर आ रहा है।

# विपक्ष के आरोपों पर सरकार का दावा

## प्रदेश में किसानों के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अन्नदाता किसान डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता में हैं और 2017 में योगी सरकार बनने के बाद से ही किसानों के उत्थान व समृद्धि के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं, जिनका लाभ प्रदेश के हर हिस्से के किसानों तक पहुंच रहा है।

योजनाओं के साथ ही यह सुनिश्चित किया गया है कि उन्हें समय पर और बिना किसी अतिरिक्त मूल्य के गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध हो, ताकि खेती में कोई बाधा न आए। कृषि विभाग ने खरीफ सत्र 2025 में सुगमता से वितरण के लिए आवश्यक प्रबंध किए हैं और कालाबाजारी, जमाखोरी, ओवररेटिंग या टैगिंग जैसे अवैध तरीकों से किसानों को होने वाली परेशानी को रोकने के लिए सख्त कार्यवाही की है। विभागीय आंकड़े विपक्ष के आरोपों को लगातार खारिज करते हुए बताते हैं कि इस वर्ष खरीफ सत्र में उर्वरक की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 11 अगस्त तक कुल 39.40 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की बिक्री हो चुकी है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 33.42

### खरीफ सत्र 2025 में बिक्री के आंकड़े पिछले वर्ष से आगे

लाख मीट्रिक टन था, यानी इस बार अब तक 5.98 लाख मीट्रिक टन अधिक बिक्री दर्ज की गई है और शेष समय में इसमें और तेजी आने की संभावना है। आंकड़ों के अनुसार यूरिया की बिक्री इस वर्ष 28.98 लाख मीट्रिक टन हुई, जो पिछले वर्ष के 24.53 लाख मीट्रिक टन से कहीं अधिक है, वहीं डीएपी की बिक्री 5.11 लाख मीट्रिक टन रही जो पिछले साल 5.02 लाख मीट्रिक टन थी। एनपीके उर्वरक की बिक्री 2.25 लाख मीट्रिक टन तक पहुंची, जबकि पिछले खरीफ सत्र में यह 1.88 लाख मीट्रिक टन थी। म्यूरेट आफ पोटाश की बिक्री भी 0.43 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई, जो बीते वर्ष 0.23 लाख मीट्रिक टन थी। इसी तरह सिंगल सुपर फास्फेट की बिक्री 2.63 लाख मीट्रिक टन रही, जो पिछले वर्ष की 1.76 लाख मीट्रिक टन बिक्री से कहीं अधिक है। योगी सरकार का दावा है कि इन बढ़े हुए आंकड़ों के पीछे किसानों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने की प्रतिबद्धता, वितरण तंत्र की पारदर्शिता और हर अन्नदाता तक समय पर संसाधन पहुंचाने की गंभीरता है, जिससे खरीफ सत्र 2025 में भी प्रदेश के खेत-खलिहान भरपूर उत्पादन के लिए तैयार हैं।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर सऊदी फ्लाइट में तकनीकी खराबी

**लखनऊ।** राजधानी से जेद्दा जाने वाली सऊदी एयरलाइंस की एक अंतर्राष्ट्रीय उड़ान में मंगलवार तड़के तकनीकी गड़बड़ी सामने आने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विमान में सवार लगभग दो सौ छियासी यात्रियों को उड़ान भरने से पहले ही रोका गया और सभी को करीब ढाई घंटे तक विमान में ही इंतजार करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार टैक्सीवे पर जाते समय पायलट को तकनीकी संकेत मिले, जिसके बाद विमान को रोककर इंजीनियरों को जांच के लिए बुलाया गया। प्रारंभिक आकलन में हाइड्रोलिक सिस्टम में रिसाव की आशंका जताई गई है। एयरपोर्ट फायर यूनिट और तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। एयरलाइन की ओर से यात्रियों की सुरक्षा की पुष्टि की गयी । घटना की विस्तृत जांच जारी है।

## बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर दिया शिकायती पत्र

**सीतापुर।** खूबपुर की ध्वस्त बिजली व्यवस्था को लेकर मंगलवार को उपभोक्ता अपर जिलाधिकारी व सिटी मजिस्ट्रेट से मिले। उपभोक्ताओं ने बताया कि यहां के बिजली हालात बहुत खराब है । बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो गई है। लोगों ने कहा कि सरकार व प्रशासन की मंशा के अनुरूप उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पा रही है। तार, पोल ट्रांसफार्मर सब कुछ खराब है । 24 घंटे में नाम मात्र बिजली मिल पा रही है। इससे जन जीवन बेहाल है। शहर के भवानीपुर पावर हाउस के श्रीनगर ,विकास नगर , खूबपुर में जो नई केबल एनबीपी के 630 दाल मिल ट्रांसफार्मर के अंतर्गत डाली गई है। उसकी क्षमता कम है। क्वालिटी भी उचित नहीं है । इस कारण यह केवल जगह-जगह सुलग रही है। इस अवसर पर उपभोक्ता उमेश चंद्र शुक्ला, शिवम यादव, पुनीत मिश्रा ,विजय श्रीवास्तव, ओम प्रकाश मिश्रा ,अनमोल अस्थाना, अंशुल अवस्थी, शशांक तिवारी, मधुप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षिका के निधन से फिर उजागर हुआ वृद्ध जीवन का एकाकीपन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी के केसरबाग स्थित नजरबाग मोहल्ले में रहने वाली सेवानीवृत्त शिक्षिका डा. सरोजनी कपूर (माता, ब्रिगेडियर अखिलेश कपूर) का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे लखनऊ के सैनिक स्कूल से सेवानिवृत्त थीं और लंबे समय से हृदय रोग व श्वास रोग से पीड़ित थीं। इकलौता बेटा ब्रिगेडियर पद पर बेंगलुरु में तैनात है, जिसके कारण वह अकेली अपने बड़े मकान में रहती थीं।

परिजनों के अनुसार, रक्षाबंधन के दिन वे अपने भाई के चौक स्थित घर गई थीं, जहां राखी बांधने के बाद भतीजे विमर्श रस्तोगी उन्हें घर छोड़ गया था। मंगलवार सुबह बेटे ने फोन किया, परंतु कॉल न उठाने पर शक हुआ। रिश्तेदार मौके पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीढ़ी के रास्ते प्रवेश कर दरवाजा तोड़ा तो सरोजनी कपूर मंदिर के पास मृत अवस्था में मिलीं। माना जा रहा है कि पूजा के दौरान उन्हें हृदयाघात या सांस का दौरा पड़ा, और समय पर सहायता न मिलने के कारण वे बच नहीं सकीं। यह घटना शाह टाइम्स में सोमवार को प्रकाशित 'वृद्ध जीवन का एकाकीपन' शीर्षक लेख की आशंका को चरितार्थ करती है, जिसमें आगाह किया गया था कि अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिक समय पर सहायता न मिलने पर जानलेवा परिस्थितियों का शिकार हो सकते हैं। लेख में सुझाव दिया गया था कि सरकार, प्रशासन और सामाजिक संगठनों को ऐसे वृद्धजनों की पहचान कर उनके घरों में त्वरित सहायता के लिए ध्वनि या अलर्ट डिवाइस की व्यवस्था करनी चाहिए। एक दिन बाद ही लखनऊ में सामने आई यह घटना इस चेतावनी को और गंभीर बना देती है।

# उप्र के 178 श्रमिक लालकिले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के बनेंगे साक्षी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के लाल किले पर आयोजित ऐतिहासिक समारोह में उत्तर प्रदेश के 178 श्रमिक विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जिन्हें बंधुआ श्रम की परिस्थितियों से मुक्त कराकर पुनर्वासित किया गया है।

इनमें 89 महिला श्रमिक भी हैं, जिनके साथ उनके पति या पिता समारोह में भाग लेंगे। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, डा. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम ने बताया कि ये सभी श्रमिक 13 अगस्त की सुबह अलीगढ़, संभल, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और बागपत जनपदों से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त प्रयास से इन श्रमिकों के आने-जाने और प्रवास की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। यह सभी 16 अगस्त तक दिल्ली में रहेंगे और पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे, जिनमें दिल्ली भ्रमण भी शामिल है। 15 अगस्त को वे प्रधानमंत्री के लाल किले से राष्ट्र को संबोधन के प्रत्यक्ष साक्षी बनेंगे। श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश, मार्कण्डेय शाही ने बताया कि इन श्रमिकों के लिए यह अनुभव जीवन में पहली बार मिलने वाला अद्वितीय अवसर है, जिसे लेकर वे अत्यंत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि बंधुआ श्रम कराए जाने की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए इन्हें विभिन्न स्थानों से मुक्त कराया गया था। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्येक श्रमिक को केंद्र सरकार की बंधुआ श्रम पुनर्वास योजना के अंतर्गत दो लाख रुपये की धनराशि सीधे उनके खातों में उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे अपने कौशल के अनुसार आजीविका शुरू कर सकें और फिर से बंधुआ श्रम की स्थिति में न लौटें। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इनके सशक्त पुनर्वास के लिए राज्य की विभिन्न योजनाओं और भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं से इन्हें लाभान्वित किया है। सरकार का उद्देश्य है कि यह आर्थिक सहायता और योजनाओं का लाभ मिलकर उन्हें आत्मनिर्भर और गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर प्रदान करे।

### दरी व्यापार में किया सीतापुर का नाम रोशन सुनील मिश्रा हुए सम्मानित

**सीतापुर।** जिले के सुनील मिश्रा ने दरी व्यापार में जिले का नाम रोशन किया है। सबसे अधिक हैंडलूम निर्यात वृद्धि के लिए जनपद के वरिष्ठ दरी निर्माता सुनील मिश्रा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान वस्त्र मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय के राज्य मंत्री पबित्र मार्घेरिटा के द्वारा स्वर्ण ट्राफी से सुनील मिश्रा को सम्मानित किया गया है।

# अखिलेश यादव ने शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

## भाजपा पर साधा निशाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे रांची होते हुए रामगढ़ के निमरा पहुंचे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी माताजी रूपी सोरेन, पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन सहित परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की।

मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि शिबू सोरेन ने आदिवासी समाज के अधिकारों और सम्मान के लिए जीवनभर संघर्ष किया, एक पार्टी खड़ी की और नया प्रदेश बनाने का आंदोलन चलाया। उन्होंने उम्मीद जताई कि हेमंत सोरेन अपने पिता की संघर्षशील विरासत को आगे बढ़ाएंगे। भाजपा पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पार्टी जनता से मतदान का अधिकार छीनने और वोटों में बड़े पैमाने पर हेरफेर की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा अंग्रेजों से प्रेरित है और फूट डालो, राज करो की नीति पर काम करती है। फतेहपुर की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और लापरवाह अधिकारियों को हटाने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है, महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है, जबकि भाजपा जनता का ध्यान बांटने के लिए सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जनता अब भाजपा की चाल समझ चुकी है और ऐसी घटनाओं से न तो अटकेगी और न ही भटकेगी।

## बैठक संपन्न

**इन्हौना अमेठी ।** गांव में शांति व सुरक्षा रखने हेतु ग्राम सुरक्षा समितियां को सक्रिय किए जाने हेतु मिनी सचिवालय आजादपुर में बैठक संपन्न हुई। इन्हौना थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय आजादपुर में बैठक संपन्न हुई।

# कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

## जिलाधिकारी ने दिए कृषि विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**कमरौली अमेठी।** कृषि विज्ञान केंद्र, कठौरा में मंगलवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की तृतीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में कृषि वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

बैठक में जनपद के किसानों के बीच उन्नत कृषि तकनीकी का प्रसार, मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा, पशुपालन का विकास, नर्सरी स्थापना, व्यावसायिक प्रशिक्षण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ किसानों तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शासन की योजनाओं और नवीनतम ख्रषि तकनीकी को सीधे किसानों के दरवाजे तक पहुंचाएं। उन्होंने विशेष रूप से मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती पर जोर देते हुए कहा कि इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि यह पोषण सुरक्षा एवं जलवायु अनुकूल कृषि को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो किसान पहले से मोटे अनाज की खेती कर रहे हैं, वे अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करें और उनकी आवश्यकता अनुसार बीज एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं। पशुपालन को बढ़ावा देने पर भी विशेष चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को पशुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे अपनी आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को समय-समय पर नवीनतम कृषि आधारित प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि वे बदलते मौसम और बाजार की मांग के अनुसार खेती में सुधार कर सकें। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओंजैसे कि फसल बीमा, सिंचाई, उर्वरक, यांत्रिकरण और बागवानी योजनाओं की जानकारी किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने एक समन्वय समिति गठित करने के निर्देश दिए, जिसमें कृषि वैज्ञानिक, कृषि क्षेत्र से जुड़े प्रशासनिक अधिकारी एवं किसानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस समिति की मानिटरिंग मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की जाएगी। समिति का दायित्व होगा कि जनपद के सभी क्षेत्रों में किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और शासन की योजनाओं की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। बैठक में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों ने विभिन्न तकनीकी समाधानों और नवीन प्रयोगों की जानकारी साझा की। इनमें जलवायु अनुकूल फसलों का चयन, कीट एवं रोग नियंत्रण के जैविक तरीके, आधुनिक सिंचाई पद्धतियां और फसल विविधीकरण के लाभ शामिल थे। नर्सरी स्थापना, समूह प्रदर्शन और नवयुवक-युवतियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि यह जनपद के आर्थिक एवं सामाजिक विकास की रीढ़ है। ऐसे में कृषि से जुड़े सभी विभाग और वैज्ञानिक मिलकर कार्य करें, ताकि किसानों को वास्तविक लाभ मिले और उनकी उत्पादन क्षमता एवं आय में सतत वृद्धि हो।

# अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर युवाओं को रोजगार से जोड़ने की तैयारी में सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत राज्य कार्यकारी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश के युवाओं को देश और विदेश दोनों स्तरों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता श्रम एवं सेवायोजन विभाग के प्रमुख सचिव डा. एम. के. शन्मुगा सुन्दरम् ने की। प्रमुख सचिव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय रोजगार राज्य की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण कारक बनकर उभरा है।

श्रम एवं सेवायोजन विभाग अब तक इजराइल में निर्माण कार्य हेतु 5,978 श्रमिक भेज चुका है, जिसकी चर्चा प्रदेश और देश ही नहीं बल्कि अन्य देशों में भी हो रही है। मिशन के तहत न केवल अंतर्राष्ट्रीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर खोजने, कौशल अंतराल को दूर करने, करियर काउंसलिंग, रोजगार कार्यक्रम और घरेलूख्रविदेशी प्लेसमेंट के माध्यम से युवाओं को जोड़ने की योजना है। बैठक में बताया गया कि विदेश में नौकरी के लिए युवाओं को प्रोफेशनल रूप से तैयार किया जाएगा और बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। फिलहाल जर्मनी, जापान और इजराइल से नर्स एवं केयरख्रगिवर की रिक्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें लगभग डेढ़ लाख रुपये तक का वेतन प्रस्तावित है। खाड़ी देशों से भी विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार अवसर मिलने की संभावना जताई गई। इस पूरी प्रक्रिया के संचालन और निगरानी के लिए आनलाइन व्यवस्था विकसित की गई है। 'रोजगार संगम' पोर्टल पर रिक्रूटमेंट एजेंसियों, नियोजकों, जाब सीकर्स और शैक्षणिक संस्थानों के पंजीकरण के साथ कैंपस प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध है। रोजगार से जुड़ी सूचनाओं और समस्याओं के समाधान के लिए एकीख्रत काल सेंटर स्थापित किया गया है। बैठक में विशेष सचिव कुणाल सिल्कू, निदेशक सेवायोजन श्रीमती नेहा प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने-अपने विभागों की रोजगार सृजन योजनाओं को सेवायोजन विभाग के साथ समन्वित करने पर सहमति व्यक्त की, ताकि युवाओं को स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा सकें।

### तिरंगा हमारी शान,स्वाभिमान व शौर्य का प्रतीक: धीरेन्द्र प्रताप सिंह

**तिलोई-अमेठी।** भेलाई कला स्कूल में बच्चों व शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी।तिरंगा यात्रा को प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह,राष्ट्रीय काउन्सलर,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ-अमेठी ने झण्डी दिखाकर रवाना किया।तिरंगा यात्रा भेलाई खुर्द गांव में घुमायी गयी।बच्चे हाथ में तिरंगा लेकर,विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊंचा रहे हमारा,इसकी शान न जाने पाते,चाहे जान भले ही जाये।बुलन्द आवाज में जय घोष करते हुए चल रहे था।ध

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर निकाला

## पति समेत पांच पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। ससुराल में विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। देवर ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। आरोपियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने अपनी बेटी की शादी करीब छह साल पहले बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। गला दबाकर हत्या का भी प्रयास किया गया। आरोपी दहेज में मायके से दस लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाते थे। इसके बाद ससुराल वालों ने विवा. हिता को मारपीट करके घर से निकाल दिया। पीड़िता तभी से मायके में पिता के घर रहती है। बीती 16 जून की शाम करीब छह बजे विवाहिता मायके में मौजूद थी। उसी दौरान ससुराल वाले घर में घुस आए और मारपीट की। देवर ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद को घिरते हुए पाकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# डीएम व एसपी ने ईटीपी प्लांट का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोहा।** जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित ब्लड बैंक में ईटीपी प्लांट का

**सहयोग**

- **संयुक्त जिला चिकित्सालय को पांच स्ट्रेचर भी किए प्रदान**

लोकार्पण जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार आनंद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। गजरौला में स्थित जुबिलेंट इनग्रेडिएंट लिमिटेड एवं जुबिलेंट भारतीय फाउंडेशन द्वारा ब्लड बैंक परिसर में ईटीपी प्लांट लगवाया गया है। इसके अलावा जिला चिकित्सालय को पांच स्ट्रेचर भी प्रदान की हैं। जेबीएफ के मेडिकल हेड डॉक्टर सुजिंदर फोगाट ने बताया कि इस तरह के प्लांट बड़े जनपदों में ही लगे हुए हैं। डीएम एवं एसपी के साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसपी सिंह एवं सीएमएस डॉक्टर एके भंडारी ने जुबिलेंट के इस सहयोग की प्रशंसा की। इस मौके पर जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित के साथ ही डॉ प्रमोद कुमार, डॉ प्रतिभा अरोड़ा, डॉ विकास आनंद,



ललित मोहन, मोहित चौधरी, शबनम यादव, प्रीति चहल, अनुराग शर्मा, डॉक्टर इकबाल आदि भी मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक मकबरे के हमलावरों पर कार्रवाई हो

## कमाल ने विधानसभा में उठाया मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। उत्तर प्रदेश विधानसभा के सत्र में काँठ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने फतेहपुर के ऐतिहासिक मकबरे पर हुए हमले का मुद्दा बेहद तीखे अंदाज में उठाया। र इस घटना की कड़ी निंदा की। पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने इसे केवल एक धार्मिक स्थल पर हमला नहीं, बल्कि प्रदेश की गंगा-जमुनी तहजीब, हमारी साझा विरासत और सांस्कृतिक धरोहर पर सीधा हमला बताया। विधायक कमाल अखघ्तर ने सदन में कहा कि यह मकघ्बरा वर्षों से आपसी भाईचारे, मोहब्बत और एकता का प्रतीक रहा है। यहाँ आने वाले लोग केवल इबादत के लिए नहीं, बल्कि आपसी मोहब्बत और इंसानियत के रिश्तों को मजबूत करने के लिए आते हैं। इस पवित्र और ऐतिहासिक धरोहर पर हमला करने वालों का असली मकसद समाज में नफरत और विभाजन फैलाना है। जो कि प्रदेश की शांति और सौहार्द के लिए बेहद खघ्तरनाक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे कृत्य न केवल कघनून का उल्लंघन हैं, बल्कि हमारी सभ्यता और इतिहास का भी अपमान हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस घटना में शामिल सभी दोषियों की तुरंत पहचान कर उन्हें उदाहरणात्मक और सखघ्त से सखघ्त सजा दी जाये। ताकि आने वाले समय में कोई भी ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने राज्य सरकार से यह भी आग्रह किया कि सभी धार्मिक और ऐतिहासिक धरो. हरों की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा बल तैनात किए जाये। और स्थायी प्रबंध किए जाये। जिससे इन स्थलों की गरिमा और पवित्रता बनी रहे। कहा कि गंगा-जमुनी तहजीब हमारी पहचान है। और इस पर किसी भी तरह का हमला बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब तक इस विरासत और भाईचारे की हिफाजत नहीं हो जाती तब तक यह आवाज न केवल सदन में बल्कि सड़कों पर भी बुलंद होती रहेगी। क्योंकि यह लड़ाई केवल एक मकघ्बरे की नहीं, बल्कि इंसा. नियत, मोहब्बत और एकता की है।

# डिडौली में निकली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत डिडौली में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें देशभक्ति के नारों की गूंज दूर तक सुनाई दी। तिरंगा यात्रा में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा वह भारत माता की जय व वंदेमातरम का जयघोष करते चल रहे थे जिससे सारा माहौल भक्तिमत हो गया। कई स्थानों पर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा सारे गांव में घूमी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख गजरौला मीनाक्षी चौधरी, ऋषिपाल नागर, शुभम चौधरी, जिला पंचायत सदस्य पति हाजी सत्तार, पवनीत दिवाकर, कंचन सिंह, रामप्रकाश, पोपाल सिंह, गिरीश त्यागी, संदीप पंवार, बबीता, शांति, सुन्दरी, अकशा मौजूद रहे।

# सांप के डसने से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। पशुओं के लिए चारा लेकर घर लौट रही महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। परिवार में हड़कम्प मच गया।

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली महिला सुधा मंगलवार को पशुओं के लिए जंगल से चारा लेकर घर पहुंची। जब उसने चारा नीचे रखा तो उसमें से निकले जहरीले सांप ने महिला को डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। देखते ही देखते महिला ने दम तोड़ दिया। लोगों का कहना है कि चारे में ही जहरीला सांप घर तक पहुंच गया। इस दौरान जब लोगों की नजर सांप पर पड़ी तो उन्होंने उसे घेरकर मार दिया। महिला की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# संस्कृत भाषा भारत की अमूल्य निधि

## जेएस में संस्कृत सप्ताह महोत्सव का समापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जेएस हिन्दू पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि संस्कृत भाषा भारत की अमूल्य निधि होने के साथ इसका भारतीय संस्कृति से घनिष्ठ संबंध है। कालेज में चल रहे संस्कृत महोत्सव सप्ताह का मंगलवार को समापन हो गया। जिसमें बोलते प्राचार्य प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में संस्कृत के प्रचार और प्रसार को बढ़ावा देने के लिये विभिन्न प्रयास किये जा रहे है। संस्कृत विभागध्यक्ष डा. अरविंद कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में संस्कार, वर्णाश्रम व्यवस्था, पंचमहायज्ञ, ईश्वर की सर्वव्यापकता, सर्वकल्याण की भावना हमेशा से रही है। अंहिसा जैसे अनेक ऐसे पक्ष है जिनका मूल्य संस्कृत साहित्य में देखा जा सकता है। संस्कृत के बिना भारतीय संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती। भारतीय संस्कृति और संस्कृत भाषा में ही भारत की प्रतिष्ठा निहित है। कार्यक्रम में प्रोफेसर बीना रुस्तगी, प्रो. अनिल रायपुरिया, रणदेव सिंह, डा. बब्लू सिंह, डा. सविता राणा, डा. विशेष कुमार, डा. मौ. जावेद, डा. राजीव कुमार, डा. पीयूष शर्मा मौजूद रहे। जबकि रासेयो एवं कल्चरल क्लब के स्वयसेवकों ने तिरंगा रैली भी निकाली।

## एक नजर

### तरक्की के लिये शिक्षा बेहद जरूरीः परवेज




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पूर्व एमएलसी परवेज अली ने कहा कि समाज में तरक्की के लिये शिक्षा बेहद जरूरी है। मंगलवार को पूर्व एमएलसी परवेज अली ने उम्मीद एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल फाउन्डेशन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर बोलते श्री अली ने कहा कि जो माता पिता गरीबी के कारण अपने बच्चों को शिक्षा नहीं दिला सकते उनकी मद्द के लिये फाउन्डेशन हमेशा तैयार रहेगा। इस संस्था का शुभारंभ होने से क्षेत्रवासियों को काफी मद्द मिलेगी। उन्होंने कहा कि समाज में बिना शिक्षा के तरक्की नहीं की जा सकती। इस मौके पर आश्कार एड., शाहिद अहमद, अमजद सैफी, खुर्शीद, जानी, राशिद, समीर सैफी मौजूद रहे।

### संगठन को बूथ स्तर पर करें मजबूत



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** राष्ट्रीय लोकदल के मंडलाध्यक्ष चौधरी सरजीत सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं की पहली जिम्मेदारी संगठन को मजबूत करने की है। विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान भी किया गया। गांव चांदनगर में रालोद की बैठक हुई। जिसमें मंडल अध्यक्ष चौ. सरजीत सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करें। उन्होंने कहा कि आने वाले विधान सभा चुनाव में पार्टी नई ताकत बनकर सामने आयेगी। कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाये। बैठक में महासचिव चौ. यतीन्द्र सिंह, कर्मवीर सिंह, बलवीर शर्मा, मयाराम सिंह, हरदम सिंह, ओमपाल सैनी, यशवीर सिंह, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# दस मीटर पिस्टल वर्ग में प्रीत ने जीता गोल्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** 69वीं मंडलीय राइफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में गजरौला क्षेत्र के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया। ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के शूटिंग कोच अनुज चौधरी के नेतृत्व में बिजनौर जनपद के ग्राम केलनपुर में स्थित लोकप्रिय इण्टर कॉलेज में सोमवार को आयोजित एयर पिस्ट एवं दस मीटर एयर राइफल मंडलीय प्रतियोगिता में स्थानीय विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। छात्र प्रीत देवल ने 10 मीटर पिस्टल वर्ग में गोल्ड व छात्रा अंशिका ने सिल्वर मैडल जीता, जबकि छात्र अंश सिरोही ने 10 मीटर ओपन साइड राइफल वर्ग में सिल्वर मैडल जीता। कोच अनुज चौधरी के साथ सहायक कोच शरद कुमार शर्मा एवं अमरजीत सिंह ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। कोच अनुज चौधरी ने बताया कि विजयी प्रतिभागी आने वाले अक्टूबर माह में बनारस में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# बेसमेंट निर्माण पर बुलेट शोरूम स्वामी को नोटिस

## समय पर जवाब न देने पर कार्रवाई को चेताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। बिना स्वीकृति के बेसमेंट बनाने पर एसडीएम ने इनफील्ड एजेंसी स्वामी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जोया रोड स्थित इनफील्ड बुलेट बाइक शोरूम है। बताया जाता है कि शोरूम स्वामी आदित्य गिल द्वारा शोरूम पर बेसमेंट का निर्माण बिना विनियमित क्षेत्र की स्वीकृति के करा लिया गया। जिसकी शिकायत एसडीएम से की गयी। एसडीएम ने कार्रवाई करते शोरूम स्वामी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। समय पर जवाब न देने पर कार्रवाई को चेताया गया है। बताते चलें कि दिल्ली में बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण कई छात्रों की मौत हो गयी थी। जिसके विरोध में करीब छह माह पूर्व जिले में भी बेसमेंट के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया था। इस दौरान आजाद रोड स्थित एक जिम संचालक से विनियमित क्षेत्र के जेई भानू प्रताप की तीखी नोकझोंक हुई थी। जिस पर जिम संचालक के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। पूरे जिले में चले अभियान में दर्जनों बेसमेंट सीज कर दिये गये थे।

# अमरोन बैटरी के शोरूम का शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के हसनपुर रोड स्थित अलीपुर चौपला पर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के निकट अमरोन ( बैटरी) के शोरूम का उद्घाटन कंपनी के नेशनल सेल्स हेड अनुपम सिंह, रीजन सेल्स हेड सौरभ गुप्ता, ब्रांच सेल्स हेड हेमंत शर्मा ने रिबन काटकर व नारियल फोड़कर किया। शोरूम के स्वामी लक्ष्मीनारायण गर्ग ने बताया की अब देश की बड़े ब्रांड में शुमार अमरोन कंपनी की सभी प्रकार की घरेलू एवं कमर्शियल बैटरियां खरीदने के लिये लोगों को दूसरे शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इस अवसर पर राजू यादव, अनुज गिल, प्रदीप गुप्ता, सुबोध सिंघल, सोनू गर्ग, सम्राट अग्रवाल, कपिल गर्ग, मोहित गर्ग, अंकित गर्ग, आकाश गर्ग, डॉ.राजीव शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# भागीरथी देवी में गूंजे देशभक्ति के नारे



**शाह टाइम्स ब्यूरो मंडी धनौरा।** भागीरथी देवी महाविद्यालय में सोमवार को भव्य तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। रैली को उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मुख्य मार्गों से होकर वापस महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। इस आयोजन में पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल भी तिरंगा लेकर रैली में शामिल हुए और भारत माता की जय के नारों से जनमानस को देशप्रेम के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. अभय कुमार ने कहा देशभक्ति केवल एक भावना नहीं, बल्कि हमारी पहचान है। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने कर्तव्यों को महसूस किया। इस दौरान लेफ्टिनेंट संजीव कुमार, चीफ प्रॉक्टर डॉ. अनिल सिरोही, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता अग्रवाल, डॉ. अवनीश, डॉ. प्रतिभा, डॉ. कुशल रानी, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, डॉ. सुधा राजपूत, प्रीति सिरोही, चारु वशिष्ठ, देवांग शर्मा, ललित कुमार, मो. जीशान, राजधानी गोलाज, राजन गर्ग, सुरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# फैक्ट्री कर्मी के पुत्र ने फांसी पर झूलकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हाइवे स्थित एक औद्योगिक इकाई में कार्यरत ऑपरेटर के पुत्र ने घर में फांसी पर झूलकर जान दे दी, घटना से परिजनों में चीत्कार मच गई।

जानकारी के अनुसार नगर के हाइवे स्थित औद्योगिक इकाई में कार्यरत ऑपरेटर के पुत्र ने मंगलवार को अपने घर में फांसी पर झूलकर जान दे दी। बताते हैं कि युवक का परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसके बाद वह गुस्से में दूसरी मंजिल पर चला गया। वहां पर उसने फांसी लगा ली। जब वह काफी देर तक नीचे नहीं आया तो परिजनों ने ऊपर जाकर देखा, तब घटना का पता चला। घटना से परिजनों में चीत्कार मच गया।, आसपास के लोगों की भीड़ भी लग गई। वहीं बिना पुलिस को सूचना दिए ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# नगर में आवारा कुत्तों पर लगेगी लगाम

## पालिका ने शुरू किया बधियाकरण अभियान



**मंडी धनौरा**। नगर पालिका परिषद ने नगर में बढ़ती आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण पाने के लिए बधियाकरण अभियान शुरू किया है। पालिका की टीम इस काम में पूरी तरह सक्रिय है और तय योजना के अनुसार हर वार्ड में अभियान चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर रोक लगाना।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवधेश वर्मा ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या के साथ-साथ नगर में आवारा कुत्तों की संख्या भी बढ़ रही है, जिससे कई बार नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बधियाकरण अभियान से न केवल संख्या पर नियंत्रण होगा, बल्कि कुत्तों का स्वास्थ्य भी सुधरेगा। वहीं पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि, नगरवासियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। अक्सर कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आती हैं, जिसे देखते हुए यह कदम जरूरी था। यह अभियान सुनियोजित तरीके से सभी वार्डों में चलाया जाएगा। नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित और पशुहित दोनों के लिए लाभकारी बताया है। पालिका द्वारा शीघ्र ही अन्य वार्डों में भी यह अभियान तेजी से चलाए जाने की योजना है।

# दस सेमी घटा गंगा का जलस्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गंगा तिगरी में जलस्तर घटने का क्रम मंगलवार को भी जारी रहा। दस सेंटीमीटर की कमी के बाद गंगा का जलस्तर 200.50 मीटर गेज पर पहुंच गया है, बाढ़ ग्रस्त गांवो में भरा पानी भी पहले से कम हुआ है। सोमवार को गंगा धाम तिगरी में जलस्तर का गेज 200.60 मीटर पर था जबकि बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा 1,27,976 क्युसेक रही थी जबकि मंगलवार को जलस्तर तो दस सेमी घटकर 200.50 मीटर गेज पर पहुंच गया मगर बैराज से छोड़े गए पानी की मात्रा बीते दिन से अधिक 1,55,365 क्युसेक रही। बाढ़ खंड विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि मंगलवार को जलस्तर में 10 सेमी की कमी दर्ज की गई। सभी तटबंध भी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। वहीं ब्रजघाट में भी गंगा का जलस्तर दस सेमी घट गया है। यहां मंगलवार को 198.60 मीटर गेज मापा गया जबकि बीते दिन यहां पर जलस्तर 198.70 मीटर था। खादर गांवो के बाढ़ग्रस्त गांवो में भी जलस्तर कम हुआ है, जिससे ग्रामीणों की चिंता कुछ कम हुई है।

### तिलक लगाकर किया फ्रैशर का स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** जीएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टिटयूशन में नये सत्र के सभी छात्र-छात्राओं के लिये स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। चेयरमैन शहनवाज अली व ग्रुप डायरेक्टर डा. हरीश कुमार ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत पेश किया। चेयरमैन शाहनवाज अली ने सभी को शुभकामनाएं देते हर संभव मद्द का भरोसा दिया। डा. हरीश कुमार ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रो. मौहम्मद मुजाहिद ने सफलता के टिप्स दिये। प्रधानाचार्य साहिल चौधरी व संतोष कुमार ने कहा कि मंजिल हासिल करने के लिये कठिन परिश्रम करना जरूरी है। नर्सिंग व फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने कालेज का भ्रमण भी किया।

### रैली निकाल बताया आजादी का महत्व



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नायाब अब्बासी डिग्री कालेज के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाल लोगों को इसकी महत्ता बताई। रैली की शुरूआत कालेज से हुई तथा निकटवती बस्ती में पहुंचे छात्र-छात्राओं व स्टाफ ने लोगों को तिरंगे का महत्व बताया। प्राचार्या डा. लुबना हामिद ने कहा कि स्वाधीनता बहुत प्यारी है जो हमारें वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर हमें दिलाई है। चीफ प्रोक्टर डा. महताब अमरोहवी व डा. नसीम अहमद ने कहा कि तिरंगा देश के गौरव का प्रतीक है। रैली के बाद छात्र-छात्राओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कसीम अशरफ, डा. तशकील हैदर,डा. एम अथर कमाल, डा. रेशमा जैदी, डा. रूचि अग्रवाल, डा. सरिता चौ., नेहा, मंजू सागर, अर्चना शर्मा, शिवानी सागर, सोफिया, उमैर सैफी, तालिब अंसारी, हुमैरा शुजा, शिवी यादव मौजूद रहीं।

# तिरंगा हमारे देश की शान



**शाह टाइम्स ब्यूरो मंडी धनौरा।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कस्बे में मंगलवार को पुलिस की ओर से देशभक्ति का नजारा देखने को मिला। सीओ अंजली कटारिया और थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने तिरंगा हाथों में लेकर नगर में भव्य तिरंगा रैली निकाली। रैली में पुलिसकर्मी जब वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारों के साथ सड़कों पर मार्च करते दिखे, तो पूरा कस्बा देशभक्ति के रंग में रंग गया। मुख्य मार्गों से होते हुए यह रैली नगर में भ्रमण करते हुए एकता, अखंडता और तिरंगे के सम्मान का संदेश देती रही। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा खाकी सिर्फ कानून की रक्षा नहीं करती, बल्कि हर परिस्थिति में देश के लिए खड़ी रहती है।

# बाढ़ प्रभावित लोगों को बांटी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव इब्राहिमपुर और पट्टीखादर (आजमपुर) में मंगलवार को प्रशासनिक टीम और जनप्रति. निधियों ने पहुंचकर पीड़ितों को राहत पहुंचाई। लगातार बारिश और गंगा के बढ़ते जलस्तर से प्रभावित इन गांवों में लोगों की पीड़ा को देखते हुए एसडीएम विभा श्रीवास्तव, पूर्व विधायक तोताराम और तहसीलदार मूसाराम थारू ने राहत सामग्री वित. रित की और स्थिति का जायजा लिया।

भाजपा विधायक राजीव तरारा के पिता व पूर्व विधायक तोताराम ने अपनी टीम के साथ जनसंपर्क करते



हुए गांव-गांव जाकर लोगों से मुलाकात की। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए कि पीड़ितों को समय पर राशन, दवाइयां और अन्य जरूरी सहायता उपलब्ध कराई जाए। पूर्व विधायक तोताराम ने कहा जनता का दुख हमारा अपना दुख है। जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, हम सभी गांवों में डटे रहेंगे और हर परिवार तक मदद पहुंचाएंगे। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बाढ़ प्रभावित गांवों में जरूरी सेवाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। किसी भी परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। तहसीलदार मूसाराम थारू बोले जिन क्षेत्रों में जलभराव है, वहां नाव व राहत दलों की सहायता ली जा रही है। जरूरतमंदों तक हर संभव राहत पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर लेखपाल मोहित चौधरी, युवा नेता निहार त्यागी, पवन चौधरी, विनोद कुमार, सुरेंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह पाल, सलमान, मंडल उपाध्यक्ष सीताराम कश्यप, पूर्व मंडल प्रभारी सतवीर सिंह जाटव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार मौर्य एडवोकेट समेत कई अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण भी उपस्थित रहे। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने राहत पाकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया

# गौशाला में गौवंश को तड़पते देख डीएम हुए लाल

- डीएम ने गौशाला संचालक की जमकर लगाई फटकार
- पशु चिकित्सक को अभिलेखों सहित किया तलब
- एसडीएम को दिए जांच कर कार्रवाई के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** गौशाला के निरीक्षण को पहुंचे डीएम को गौवंश तड़पते मिले। गौशाला में गोबर की दुर्गंध और कींचड़ का अंबार मिला। गौवंश के खाने के लिए दाना और हरा चारा और दाना भी नहीं मिला। जिसपर डीएम ने गौशाला संचालक की जमकर फटकार लगाने के साथ ही पशु चिकित्सक को अभिलेखों सहित तलब किया।

अधकटा नजराना गांव के वृहद गौ संरक्षण केन्द्र है। जिसमें इस समय 622 गौवंश मौजूद है। तीन दिन पूर्व रक्षा बंधन पर्व पर विधायक डाक्टर एमपी आर्य और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार वहां गौवंश को गुड़ खिलाने गए थे। गौशाला के अंदर घुसते ही उन्हें पूरी गौशाला में गोबर ही गोबर बिखरा पड़ा है, साफ सफाई न होने से वह कींचड़ में तब्दील हो गया था। इसी भीषण गंदगी के चलते कई बीमार मिले थे। कई बीमार गौवंश दूसरे गौवंश के बीच पड़े तड़पते मिले थे। उनके लिए चारे और पानी का कोई इंतजाम नहीं था। गौशाला में हरा चारा पशुओं को न खिलाकर सूखा भूसा खिलाया जाता मिला। जिससे गुस्साए विधायक डॉक्टर एमपी आर्य और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने गौशाला संचालक के कर्मचारियों की खूब फटकार लगायी थी। बाद में उन्होंने एसडीएम को फोन कर कड़ी नारा. जगी जताते हुए कार्रवाई को कहा था। इसके साथ ही उन्होंने डीएम से बात कर गौशाला का हाल उनके सामने रखा था। जिसपर मंगलवार को डीएम अविनाश सिंह ने गौशाला का निरीक्षण किया तो उन्हें वहां कई गौवंश तड़पते हुए मिले। गौशाला में कीचड़ भरी पड़ी थी। गौवंश के खाने के लिए दाने और हरे चारे की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। जिसपर उन्होंने वहां मौजूद गौशाला संच.ालक की जमकर फटकार लगाने के साथ ही एसडीएम उदित पवार और खण्ड विकास अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को अभिलेखों सहित तलब किया। अब एसडीएम इस पूरे मामले की रिपोर्ट डीएम को भेजेंगे। बाद में उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंग. वार ने भी डीएम अविनाश सिंह को गौशाला की इस दुर्दशा से अवगत कराते हुए कार्यवाही का अनुरोध किया।

## विधायक ने प्रदेश के पशु पालक निदेशक से की शिकायत

रक्षाबंधन पर्व पर क्षेत्र के गांव अधकटा नजराना की इस वृहद गौशाला के पशुओं को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार के साथ गुड़ खिलाने पहुंचे थे, जिसपर मिली भारी अनियमित. ताओं से बह बिफर पड़े थे।

इस मामले में विधायक ने सोमवार को प्रदेश के पशु पालक निदेशक मुलाकात कर इसकी शिकायत की थी, जिसपर मंगलवार को पहुंचे डीएम ने गौशाला का औचक निरीक्षण किया था। माना जा रहा है कि जल्द ही गौशाला किसी अन्य व्यक्ति को ट्रांसफर की जा सकती है।

# प्राथमिक विद्यालय के बिलय को रद्द करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ब्लॉक रिछा क्षेत्र के गांव जमुनिया के ग्रामीण मंगलवार को गांव के प्राथमिक विद्यालय के बिलय को रद्द करने की मांग को लेकर ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर जमा हुए, और खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बिलय के सहमति प्रस्ताव पर अध्यापकों ने प्रबंध समिति के स्वयं हस्ताक्षर किए हैं।

गौरतलब रहे कि शासन द्वारा मानक पूरे नहीं किए जाने (पचास से कम छात्र संख्या) वाले प्राथमिक विद्यालयों को पास जे विद्यालयों में मर्ज (बिलय) किया जा रहा है। इसी कड़ी में ब्लॉक रिछा में काई विद्यालयों का बिलय हुआ है। अब बेसिक शिक्षा मंत्री के फरमान के बाद बिलय होने वाले स्कूलों की दूरी जिस विद्यालय में बिलय हो रहा है, उससे दूरी एक किलोमीटर से ज्यादा है, तो उस बिलय रद्द होगा।

बीईओ को दिए शिकायती पत्र में गांव जमुनिया के ग्रामीणों का करना है कि उनके गांव के प्राथमिक विद्यालय को कंपोजिट विद्यालय पचुआ गौंटिया मेंघ बिलय किया गया है। उनके गांव की पचुआ गौंटिया से दूरी दो किलोमीटर से ज्यादा है। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे गरीब-मजदूर लोगों के हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिलय के लिए दिए गए सहमति प्रस्ताव पर जमुनिया स्कूल के अध्यापकों ने विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर किए हैं। इसलिए उनके गांव के विद्यालय को रद्द किया जाए। बीईओ के न मिलने पर शिकायती पत्र ग्रामीणों ने लेखाकार मोहम्मद इमरान खान को दिया। शिकायती पत्र देने वालों में प्रवेश कुमार, सुनील कुमार बीडीसी सदस्य, शेर सिंह, प्रवेंद्र कुमार आदि शामिल रहे। बीईओ जगदीश कुमार का कहना है कि ग्रामीणों की शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

# राजकीय हाईस्कूल में चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मंगलवार को को एसएमडीसी दो दिवसीय प्रशिक्षण की आज समाप्ति हुए कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता सक्सेना ने दीप प्रज्वलित करके की।मास्टर ट्रेनर डॉक्टर राज.ेश सक्सेना एवं ममता कुलपद द्वारा समिति के गठन, अभिवावकों के दायित्व, वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी गई ।राजकीय हाई स्कूल अलीनगर सीधी जितेंद्र, अनामिका,अमन, आकांक्षा, रामौतार ने अपने विचार रखे। वन्दना,शिवानी, पुष्पा, दिव्या सक्सेना ने प्रशिक्षण में अपना सक्रिय सहयोग दिया, अभिभावकों में सोमपाल, अनिता, नाजिश, मुक.ेश कुमार , पुष्पा गंगवार, कांति देवी,विनीता गंगवार,हरीश गंगवार ने अपने विचार रखें। प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति, जीवन कौशल, व्यावसायिक शिक्षा, खेल, साम.ुदायिक सहभागिता, सुरक्षा एवं संरक्षा पर अपने विचार साझा किए



मास्टर ट्रेनर द्वारा अभिवावकों के सक्रिय सहयोग पर हर्ष व्यक्त किया गया। एमव डीव सीव दो दिवसीय प्रशिक्षण की आज समाप्ति हुए कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता सक्सेना ने दीप प्रज्वलित करके की।मास्टर ट्रेनर डॉक्टर राजेश सक्सेना एवं ममता कुलपद द्वारा समिति के गठन, अभिवावकों के दायित्व, वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी गई । राजकीय हाई स्कूल अलीनगर सीधी जितेंद्र, अनामिका,अमन, आकांक्षा, रामौतार ने अपने विचार रखे। वन्दना शर्मा , शिवानी, पुष्पा देवी , दिव्या सक्सेना ने प्रशिक्षण में अपना सक्रिय सहयोग दिया, अभिभावकों में चेतराम, सोमपाल, अनिता, नाजिश, कांति देवी,विनीता गंगवार,हरीश गंगवार ने अपने विचार रखें। प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति, जीवन कौशल, व्यावसायिक शिक्षा, खेल, सामुदायिक सहभागिता, सुरक्षा एवं संरक्षा पर अपने विचार साझा किए । मास्टर ट्रेनर द्वारा अभिवावकों किया गया।

# प्रचार प्रसार के अभाव में फीका रहा रक्तदान कैम्प



- मात्र पांच लोगों ने ही किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगे रक्तदान कैम्प में मात्र पांच लोगों ने रक्तदान किया। इसमें तीन अस्पताल कर्मी और दो पुलिस कर्मी शामिल थे।

प्रचार-प्रसार के अभाव में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर मंगलवार को लगाया गया रक्तदान कैम्प फीका रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा लगवाए गए इस रक्तदान कैम्प में अस्पताल के कर्मी नीरज भास्कर, धर्मेंद्र कुमार, साहिब खां के साथ ही पुलिस कर्मियों रोहित बालियान और शिवम वर्मा ने रक्तदान किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंग. वार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमित कुमार गंगवार, केन्द्र के स्वास्थ शिक्षा अधिकारी विनोद यादव, भाजपा नेता महेन्द्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमित कुमार गंगवार ने बताया कि उन्होंने कई लोगों से कहा था लेकिन लोग नहीं आए। खास बात यह है कि अस्पताल में ही भारी भरकम स्टाफ होने के बाद भी मात्र तीन कर्मियों द्वारा रक्तदान किया गया, जो सोचनीय है।

# नई पुलिस चौकी खुलने से ग्रामीणों, व्यापारियों को मिलेगी सुरक्षा

- साइबर क्राइम को रो. कने के लिए गांवों में वृहद जागरूकता अभियान चलाया जाएगा: अनुराग आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए अब गांव गांव में वृहद जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। एसएसपी अनुराग आर्य ने शीशगढ़ में निरीक्षक कक्ष , साइबर हेल्प डेस्क, पुलिस चौकी एवं पिंक बूथ के उद्घाटन अवसर पर यह बात कही।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि शीशगढ़ धनेटा मार्ग पर ग्राम ढकिया डाम के निकट बनाई गई पुलिस चौकी सुरक्षा की दृष्टि से ग्रामीणों विशेषकर व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। पुलिस की मौजूदगी सुरक्षा का एहसास कराएगी यहां पर सीसीटीवी कैमरे व बैरियर लगाने की व्यवस्था की गई है तथा दरोगा की तैनाती के लिए प्रभारी निरीक्षक से रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। इसके बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने थाना परिसर में बनाए गए



नवनिर्मित निरीक्षक कक्ष का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह निरीक्षक महत्वपूर्ण दस्तावेज रखने की दृष्टि से बेहतर साबित होगा। सभी दरोगाओं के लिए अलग-अलग वर्क सेशन बनाए गए हैं। विवेचना के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज इसमें रखे जा सकेंगे। जिले के अन्य थानों में भी इसी तरह वर्क सेशन बनाए जाएंगे।

इससे पूर्व एसएसपी अनुराग आर्य ने साइबर हेल्प डेस्क एवं महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन भी किया। साथ ही महिला हेल्प डेस्क पर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस महानिदेशक के आदेश का अनुपालन करते हुए शीशगढ़ थाने में साइबर हेल्प डेस्क खोला गया है, इसमें 6 प्रशिक्षित कर्मचारी लगाए जाएंगे, जो साइबर सुरक्षा की जानकारी रखते हो यदि किसी के साथ कोई साइबर क्राइम हो जाता है, तो वह शीशगढ़ थाने में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। पुलिस ठगी के पैसे भी वापस करवाएगी और साइबर अपराधियों पर कार्यवाही भी करेगी। उद्घाटन अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू, हाजी अब्दुल सलाम शास्त्री, रामौतार मौर्य, बब्लू, वसीम अकरम, रामप्रकाश गुप्ता,प्रवेश कुमार देवल, मकसूद रहमानी, शरीफ अहमद, हाजी आफताब अहमद, अंकुश गुप्ता,रामौतार गंग. वार,सभासद कमर अली आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी निरीक्षक को साबासी दे गए एसएसपी अनुराग आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** एसएसपी अनुराग आर्य शीशगढ़ थाने की व्यवस्था देखकर प्रसन्न हो गए। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि थाना परिसर में निरीक्षक कक्ष की स्थापना प्रभारी निरीक्षक का एक अच्छा प्रयास है। यह व्यवस्थ अन्य थानों में भी कराएंगे। बताते चलें कि गत वर्ष एसएसपीअनुराग आर्य थाने का निरीक्षण करने आए थे तो निरीक्षक कक्ष बनाने का सुझाव दे गए थे। प्रभारी निरीक्षक ने अपने प्रयासों से निरीक्षक कक्ष को तैयार कराकर सराहनीय कार्य किया है जो प्रशंसनीय है।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगा रैली का किया गया आयोजन

- देश भक्ति की भावना का विकास और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि करना हर घर तिरंगा कार्यक्रम का है उद्देश्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 2 से 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि आम जनता में देश भक्ति की भावना का विकास हो, और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित यह कार्यक्रम तीन चरणों में होगा।

उक्त के अन्तर्गत प्रथम चरण 02 से 08 अगस्त, द्वितीय चरण 09 से 12 अगस्त और तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त 2025 तक आयोजित



होगा। जिसमें द्वितीय चरण के अंतिम दिवस पर आज तिरंगा रैली का आयोजन डीएम अविनाश सिंह तथा सीडीओ देवयानी की उपस्थिति में किया गया।

रैली में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर सहित अन्य सभी जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे। यह तिरंगा रैली विकास भवन परिसर से आरम्भ होकर गांधी उद्यान, चौकी चौराहा, थाना कोतवाली, प्रेमनगर एवं सीआई पार्क पर सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों से हार्दिक अपील की गयी कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तीसरे चरण दिनांक 13 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक अपने कार्यालयों, घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर पूरे सम्मान एवं आदर भाव के साथ भारतीय तिरंगा झंडा फहराएं, और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। शासन की मंशा के अनुसार आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक सम्बन्ध बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। शासन के प्रयास से पिछले कुछ वर्षों में यह राष्ट्रीय अस्मिता, देश भक्ति और गौरव के जन भागीदारी आंदोलन के रूप में एक सफल अभियान बन चुका है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम का उद्देश्य देश वासियों में देश प्रेम एवं देश भक्ति की भावना के विकास के साथ-साथ देश को आजादी दिलाने वाले अमर बलिदानियों, क्रांतिकारियों एवं शहीदों को याद करना तथा श्रद्धा सुमन अर्पित करना है।

# बरेली पुलिस का गुडवर्क: 5 महीने में जोड़े 52 बिखरते रिश्ते

- आंवला पुलिस परामर्श केंद्र बना परिवारों का सहारा
- "जनता से जुड़ा प्रशासन" विजन के तहत शुरू हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आंवला कोतवाली में संचालित पुलिस मध्यस्थता एवं परामर्श केंद्र ने महज पांच महीने में 85 पारिवारिक विवादों में से 52 रिश्तों को फिर से जोड़ दिया। बाकी 33 मामलों में समझौते की कोशिशें जारी हैं।

यह केंद्र 12 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के "जनता से जुड़ा प्रशासन" विजन के तहत शुरू हुआ।

एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी (दक्षिणी) की निगरानी में हर बुधवार काउंसलिंग होती है, जिसमें पति-पत्नी और परिवार. जनों को आमने-सामने बैठाकर बातचीत कराई जाती है।

कई बार तलाक की कगार पर पहुंचे रिश्ते भी यहां सुलह-सफाई के बाद पटरी पर लौट आए।

केंद्र की टीम में 6 सम्मानित नागरिक और 2 महिला पुलिसकर्मी हैं, जिनकी समझदारी और अनुभव से अब तक 61.17% मामलों में समझौता संभव हुआ।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस पहल ने न केवल परिवारों को टूटने से बचाया, बल्कि समाज में भरोसा भी बढ़ाया है। लोग अब अदालत का रुख करने से पहले यहां काउंसलिंग को प्राथमिकता देने लगे हैं। कार्यक्रम के दौरान सीओ आंवला नितिन कुमार, इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह, अध्यक्ष जय गोविन्द सिंह, एडवोकेट रमाकांत तिवारी, रजिया सुल्तान, शोरवी अग्रवाल, रामदीन सागर, एडवोकेट योगेश माहेश्वरी, महिला हेड कांस्टेबल किरन मनी और महिला कांस्टेबल दयावती मौजूद रहीं।

## एक नजर

### ट्रांसफार्मर से चिपककर युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला गंगापुर में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब मजदूरों की पुलिया के पास एक युवक का शव दीवार और ट्रांसफार्मर के बीच फंसा मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखते ही पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची और बिजली विभाग से सप्लाई बंद कराकर शव को बाहर निकलवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। मृतक की पहचान कोतवाली क्षेत्र के आलमगीरिगंज निवासी 20 वर्षीय बबलू पुत्र राजेंद्र के रूप में हुई। आसपास के लोगों के अनुसार, बबलू नशे का आदी था। वह ट्रांसफार्मर के पास कैसे पहुंचा, यह फिलहाल रहस्य बना हुआ है। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडे ने बताया कि शव पर चोट के कोई निशान नहीं मिले, लेकिन हाथ और पेट पर करंट से जलने के स्पष्ट निशान हैं। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण विद्युत करंट लगना माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की परिस्थितियों का सही खुलासा हो सकेगा।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने को सीएम पोर्टल पर लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एसएसपी अनुराग आर्य के सख्त तेवरों के बावजूद पुलिस का रवैया सुधर नहीं रहा है। बारदातों पर पर्दा डालकर रिपोर्ट दर्ज नहीं करना देव. रनियां पुलिस का रवैया बन गया है। रिछा कस्बे में एक बंद घर से हुई लाखों की चोरी की रिपोर्ट जब पुलिस ने एक सप्ताह बाद दर्ज नहीं की तो पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित रिपोर्ट दर्ज कराने को थाने और चौकी के चक्कर काट रहा है, मगर पुलिस उसकी नहीं सुन रही है।

पिछले काफी दिनों से मचे ड्रोन चोरों के शोर के बीच चार अगस्त की रात्रि थाना देवरनियां के कस्बा रिछा के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी मोहम्मद जुनैद खान और शोएब अहमद के बंद मकान से अज्ञात चोरों द्वारा सोने-चांदी के जेवर समेत करीब तीन लाख की चोरी की गई थी। जुनैद के मुताबिक वह और उसका भाई शोएब अहमद नगर पंचायत कार्यालय के पास एक ही मकान में रहते हैं। शोएब दिल्ली में रहकर काम करता है, जबकि जुनैद यहीं रहता है।

जुनैद ने बताया कि वह 22 जुलाई को अपने परिवार के साथ अपनी ससुराल नानपारा जिला बहराइच गया हुआ था, घर में ताला लगा था। पांच अगस्त को जब वह घर आया, तो चोरी होने का पता चला। अलमारी, संदूक आदि के ताले टूटे हुए थे, और उनमें रखे 18 हजार नकद समेत सोने-चांदी के जेवर गायब थे। पीडित की सूचना पर डायल 112 और रिछा चौकी प्रभारी पहुंचे जरुर, मगर मौका मुआयना कर चले आए। पीड़ित ने बताया उसने मामले की तहरीर देवरनियां कोतवाली में दी है, मगर एक सप्ताह बीत जाने पर जब रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई, तो सोमवार को उसे सीएम पोर्टल पर गुहार लगानी पडी है। पीड़ित ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। जुनैद ने बताया कि वह रिपोर्ट दर्ज कराने को देवरनियां थाने, रिछा चौकी के चक्कर लगा रहा है, मगर हर बार पुलिस जांच का हवाला देकर टरका दे रही है। इधर एक बात तो साफ है कि चोरी रोकने और उनके खुलासे से ज्यादा पुलिस का जोर बारदातों पर पर्दा डालना रह है। थाना क्षेत्र के बसुधरन जागीर समेत कई चोरी के मामले अब भी अनसुलझे हैं।

### पुलिस ने पकड़े दो सट्टेबाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** चौकी इंचार्ज विवेक कुमार ने सोमवार को दो सटोरियों को सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया है।

कस्बे में एक अर्से से सट्टा कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है, लेकिन पुलिस प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में अभी तक कामयाब नहीं हो पाया है। हां बीच बीच में पुलिस एक दो सटोरियों को पकड़कर अपनी पीठ जरूर थपथपा लेती है।

सोमवार को चौकी इंचार्ज विवेक कुमार अपने पुलिस कर्मी राकेश कुमार और आशुतोष कुमार के साथ गश्त पर थे। मुखबिर से मिली सूचना पर उन्होंने छापा मारी करते हुए कस्बे के आकाश पुत्र राजकुमार और सतीश पुत्र रामौतार को सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से एक मोबाइल, एक पेन, पांच सट्टा पर्ची के साथ 2430 रुपए भी बरामद किए हैं। चौकी इंचार्ज द्वारा इन सटोरियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### युवक पर हमले के मामले में एक नामजद दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली में मोहम्मद फैजान पुत्र हिम्मत अली निवासी मोहल्ला शाहजीनगर ने बहेड़ी पुलिस को तहरीर दी है कि वह रात रेलवे लाइन के किनारे-किनारे घर जा रहा था, जब वह रेलवे लाइन के पास पहुंचा, तो वहां पर कुछ युवक शराब पी रहे थे। जब वह उनके पास से निकला, तो उनमें से एक युवक भूरा पुत्र नत्थू ने उसे गाली देना शुरू कर दिया और कहा, तू निकल रहा है अभी शराब का गिलास गिर जाता, और गाली देने लगे।

फैजान ने जब गालियों का विरोध किया तो उन युवकों ने उसे लातों, घूसों और डंडों से बुरी तरह मारा-पीटा, जिससे उसके चेहरे और शरीर में चोटें आईं। शोर-शराबा होने पर लोग आए और उसे उन युवकों से बचाया। जाते समय उन युवकों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित फैजान की तहरीर पर पुलिस ने भूरा पुत्र नत्थू और दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि मामले में आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा

### बिहारीपुर में विकलांग दुकानदार और परिजनों पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना कोतवाली क्षेत्र के करोलान पुलिस चौकी के पीछे शनिवार दोपहर उस समय हंगामा मच गया, जब मोहल्ले में एक विकलांग दुक. ानदार और उसके परिजनों पर कुछ लोगों ने अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि हमले की सूचना देने के बावजूद पुलिस ने न केवल पीड़ित पक्ष की अनदेखी की, बल्कि महिलाओं से बदसलूकी कर वीडियो डिलीट कर दिया। पुलिस ने मामले में एसएसपी से शिकायत की है।

वजीर अहमद, जिलाध्यक्ष सर्वधर्म सेवा समिति, ने बताया कि दोपहर में जावेद, सलमान, फुरकान, गुड्डी और इदरीस सहित 5-6 लोग उनके विकलांग भाई नाजिम अहमद की दुकान पर पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए भतीजे को भी लोहे की रॉड से सिर पर वार कर घायल कर दिया। परिजनों के अनुसार, घटना की जानकारी तत्काल बिहारीपुर चौकी इंचार्ज को दी गई, लेकिन वहां पहले से मौजूद दूसरे पक्ष से साठगांठ होने के कारण उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने वजीर अहमद की पत्नी के साथ मारपीट और बदतमीजी की, जबकि मौके पर मौजूद सभी पीड़ितों का 151 में चालान काट दिया गया।

वजीर अहमद की बेटी यासमीन खान, जो स्वयं एडवोकेट हैं, चौकी पहुंचीं तो चौकी इंचार्ज ने उनके साथ भी बदतमीजी की। आरोप है कि उनका मोबाइल छीनकर उसमें मौजूद बदसलूकी का वीडियो डिलीट कर दिया गया और चेतावनी देकर फोन लौटा दिया गया।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# मंदिर परिसर से बिना अनुमति के काटे पेड़

## वन विभाग ने कब्जे में ली लकड़ी

**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** वन विभाग की बिना अनुमति के नीम व पीपल के पेड़ काट दिए गए। शिकायत पर वन विभाग ने लकड़ी अपने कब्जे में ले ली है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला रम्पुरा में वाल्मीकि जिला गुरु गद्दी के अंदर अवैध तरीके से नीम और पीपल के पेड़ काट दिए गए। वन विभाग से कोई अनुमति भी नहीं ली गई। पेड़ काटने वाले शेर सिंह पुत्र पन्नालाल और विनोद पुत्र नौरतू निवासी मोहल्ला रमपुरा हरिद्वार रोड नजीबाबाद ने अनुमति लेना गंवारा नहीं समझा। डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर उन्होंने तत्काल वन दरोगा परशुराम सिंह को मौके पर भेज कर कटे हुए पेड़ों को अपने कब्जे में लिया। पेड़ काटने वालों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। अब देखना यह है कि अवैध तरीके से पेड़ काटने व कटवाने वालों पर क्या कार्रवाई होती है। जबकि धार्मिक मान्यताओं के हिसाब से पीपल के पेड़ को पूजनीय माना जाता है और नीम के पेड़ को औषधि के हिसाब से काफी लाभदायक माना गया है। नागरिकों का कहना है कि कार्रवाई अमल में लाने की बहुत ज्यादा जरूरत है, ताकि कोई भी हरे-भरे व धार्मिक महत्व के पेड़ों को काटने की गलती न करें।





# बजाज समूह में नेतृत्व की पांचवीं पीढ़ी का सशक्त आगमन

## आनंदमयी बजाज के नाम की घोषणा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बजाज समूह ने अपने संस्थापक जमनालाल बजाज की पांचवीं पीढ़ी की प्रतिनिधि आनंदमयी बजाज के समूह में शामिल होने की ऐतिहासिक घोषणा की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चीनी, इथेनॉल, बिजली और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के उत्पादन से जुड़े भारत के जाने माने समूह के अध्यक्ष कुशाग्र नयन बजाज की सुपुत्री आनंदमयी बजाज समूह की पहली महिला उत्तराधिकारी भी बन गई हैं। जो सक्रिय रूप से नेतृत्व की भूमिका में शामिल होंगी। आनंदमयी ने कोलंबिया विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क से वित्तीय अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री के साथ ही गणित में भी डिग्री प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों को समृद्ध किया है। अपनी तीव्र बौद्धिक क्षमता, अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण और पारिवारिक विरासत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के साथ, आनंदमयी बजाज समूह में नई ऊर्जा और दृष्टिकोण लेकर आई हैं। महज 22 वर्ष की आयु में वह बजाज एनर्जी, बजाज कंज्यूमर और बजाज हिंदुस्तान शुगर जैसी प्रमुख कंपनियों के नेतृत्व दल के साथ मिलकर कार्य करेंगी और मुंबई स्थित मुख्यालय से अपनी पूर्णकालिक भूमिका की शुरुआत करेंगी। अपनी भूमिका की शुरुआत के दौरान वह विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में क्रॉस-फंक्शनल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी और 2025 के अंत तक प्रमुख संचालनात्मक जिम्मेदारियाँ निभाने के लिए पूरी तरह तैयार होंगी।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर कुशाग्र नयन बजाज ने एक भावनात्मक संदेश में कहा आनंदमयी का पालन-पोषण हमारे मूल्यों और विरासत के साथ हुआ है। वह नई सोच, गहरी समझ और जमीन से जुड़ी जिम्मेदारी लेकर आ रही हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि वह समूह को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्षम हैं। अपनी नई भूमिका पर आनंदमयी बजाज ने कहा बजाज समूह से औपचारिक रूप से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं सीखने, बढ़ने और समूह की परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हूं। यह एक जिम्मेदारी है, जिसे मैं पूरे समर्पण के साथ निभाऊंगी।

बजाज समूह आज एक +2.5 बिलियन का विविध समूह है। जिसकी उपस्थिति चीनी, इथेनॉल, बिजली और एफएमसीजी जैसे क्षेत्रों में है। समूह के पास 5 बिलियन डॉलर से अधिक का परिसंपत्ति आधार है और इसमें 12,000 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं। आनंदमयी के आगमन के साथ, समूह एक नई सोच, नई ऊर्जा और नई दिशा की ओर अग्रसर होता दिख रहा है।

# दीवार फांद कर घर में घुसे चोरों ने जेवरात किए चोरी

## पुलिस घटना को मान रही संदिग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** चोरों ने बीती रात एक घर की दीवार फांदकर कमरे में रखी दो अलमारी से लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिये। परिजनों का कहना है कि रात में परिवार घर की छत पर सोया हुआ था। सुबह उठने पर चोरी का पता चला। पीड़ित व्यक्ति ने चोरी की तहरीर पुलिस को देते हुए कार्यवाही कि मांग की है। पुलिस चोरी की घटना को संदिग्ध मान रही है।

रविवार की रात्रि मौहल्ला चमारान निवासी मुहम्मद राशिद सब्जियों की ढुलाई का काम करता है। वह रात में सब्जियों को लेकर पिकअप गाड़ी से किरतपुर से रुड़की गया था। घर पर परिवार की महिलाएं ही थीं। रात्रि में किसी समय चोर पीछे से घर की दीवार फांदकर कर घर में घुस गये और उन्होंने घर में रखी अलमारी के ताले काटकर उसमें रखे लाखों रुपये के सोने, चांदी के जेवरात चोरी कर लिये। सुबह चार बजे चोरी का पता चला। पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। पीड़ित ने तहरीर देकर चोरी का खुलासे करने मांग की है। चोरी गये सोने, चांदी के आभूषणों की कीमत चार-पांच लाख रुपये बताई जा रही है। बहरहाल पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। पुलिस का मानना है कि चोरी की घटना संदिग्ध लग रही है।

## खस्ताहाल सड़क पर स्कूली बच्चे और राहगीर हो रहे चोटिल

**नजीबाबाद।** तहसील क्षेत्र नजीबाबाद कौड़िया निकट उत्तर प्रदेश उत्तराखंड बॉर्डर कोटद्वार कौड़िया तेलीपाड़ा को जाने वाली सड़क काफी खस्ता हाल है। सड़क पर गहरे गहरे गड्ढ़े है, जिसमें वर्षा होने से पानी जमा हो गया है। इन गड्ढों में आए दिन स्कूली बच्चे और राहगीर चोटिल हो रहे हैं। इस ओर कोई संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है।

# अर्चित, राहुल व सौरभ पर शिकंजा

## दर्ज कराई गई एफआईआर

**जिशान अंसारी**

**सहसपुर।** भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा चलाई गई योजना में धोखाधड़ी को लेकर अर्चित, राहुल व सौरभ पर शिकंजा कस गया है। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अर्चित अग्रवाल, राहुल रामानी एवं सौरभ पांडे ने मिलकर 220 छात्र-छात्राओं का भविष्य लगभग पांच साल से अंधेर में रखा है। न तो परीक्षा कराई गई और न ही सार्टिफिकेट दिलाए गए। सीखो और कमाओ योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को कौशल विकास और नौकरी के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक सरकारी पहल है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यक युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कराना है। सभी विद्यार्थियों का कहना है कि सीखो और कमाओ योजना के अंतर्गत सत्र 2019-20 में जयराम एजुकेशनल ट्रस्ट के माध्यम से तीनों ने लगभग पांच साल पहले जनपद बिजनौर व मुरादाबाद के बॉर्डर पर स्थित एक प्रशिक्षण केंद्र को अपना निशाना बनाया। उन्होंने कहा था कि इस स्कीम के तहत छात्र-छात्राओं के भविष्य को उज्जवल बनाने का कार्य करे। जब छात्र-छात्राओं के भविष्य के बारे में कहा तो इस पर स्टाफ के मन में एक अलग ही खुशी पैदा हो गई थी। केंद्र के स्टाफ ने काफी मेहनत करके लगभग 220 छात्र-छात्राओं को एमएलटी कोर्स के लिए जगह-जगह से एकत्रित किया। सभी 220 छात्र-छात्राओं ने कोर्स को समय सीमा के अनुसार पूरा किया। सभी छात्र-छात्राओं का कहना है कि सेंटर के स्टाफ ने बहुत मेहनत की और हमारे भविष्य को उज्जवल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस योजना को लगभग पांच साल बीत चुके है, पर अभी तक न कोई परीक्षा कराई है और न ही कोई सार्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। कुछ छात्र-छात्राओं का यह भी कहना है कि हम ने काफी स्थानों पर शिकायत की। अब इन तीनों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज हो गई है। निदा, फरहा, आलम, सादिया, नौशाद, मंतशा, फरहा, शोएब आदि ने न्याय की गुहार लगाई है।

## एक नजर

### व्यापारियों के साथ बैठक



**नजीबाबाद।** उप जिलाधिकारी ने व्यापारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस पर हर दुकान व हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज को फहराने एवं नगर को स्वच्छ रखने को लेकर बैठक का आयोजन किया। व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगर संरक्षक उमापति गर्ग के नेतृत्व में अजय अग्रवाल, चंद्र प्रकाश गुप्ता, सरदार हरिंदर सिंह नगर अध्यक्ष, कमल बंधु महामंत्री, अनुज अग्रवाल कोषाध्यक्ष, सौरभ अग्रवाल जिला मंत्री, विशेष महेश्वरी उपाध्यक्ष, अनूप अग्रवाल नगर मंत्री, मौहम्मद आदिल नगर मंत्री, वरुण अग्रवाल उपाध्यक्ष, अंश अग्रवाल नगर मंत्री, शक्ति गर्ग नगर प्रचार मंत्री, सिकंदर खान आदि व्यापारियों ने हिस्सा लिया। नगर में बिजली व्यवस्था आदि मुद्दे व्यापारियों द्वारा उठाए गए। नगर पालिका ईओ एवं सफाई इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी द्वारा व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के बाद जल्द से जल्द निवारण का आश्वासन दिया गया।

### भाकियू की मतत्वपूर्ण बैठक



**अफजलगढ़।** ग्राम कादराबाद में भाकियू टिकैत की बैठक हुई। जिला अध्यक्ष सुनील चौधरी एवं युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत संधू ने समस्याएं सुनी और 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टर मार्च में शामिल होने का आह्वान किया। जिला सचिव मुखत्यार सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष मदन राणा ने समस्याएं रखीं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अफजलगढ़ वसीम गुर्जर, चौधरी बलजीत सिंह, राणा सैनी, गुरविंदर सिंह, विजेंद्र सिंह, देवेंद्र कौशिक, रमेश शेखावत, सरदार कुलदीप सिंह, चक्रधर शर्मा, शैलेंद्र चौहान, जसपाल सिंह बब्बू, दर्शन रावत, चिरंजीवी लाल, हरी सिंह, ज्ञानी अवतार सिंह, चरणदीप सिंह, मनप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह मिंटा, जसबीर सिंह आदि ने ट्रैक्टर मार्च की सफलता के लिए रणनीति बनाई।

### राहुल देश का गौरव: आदित्य



**बिजनौर।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आदित्य सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देश का गौरव है। आज जब भारतीय लोकतंत्र पर सवालों के बादल मंडरा रहे हैं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में 300 से अधिक सां. सदों ने संसद भवन से चुनाव आयोग के दफ्तर तक प्रदर्शन कर एक स्वर में लो. कतंत्र की रक्षा का आह्वान किया। यह ऐतिहासिक कदम न केवल वोट चोरी के खिलाफ एकजुटता का प्रतीक है, बल्कि यह भारतीय जनमानस को यह विश्वास दिलाता है कि हमारे लोकतंत्र को बचाने के लिए सच्चाई और न्याय की लड़ाई अभी जिंदा है। राहुल गांधी ने कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर एक लाख से अधिक फर्जी वोटों के सबूत पेश कर न सिर्फ चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए, बल्कि यह भी उजागर किया कि कैसे मोदी सरकार के संरक्षण में लो. कतंत्र की नींव को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। यह प्रदर्शन केवल एक मार्च नहीं, बल्कि हर भारतीय के वोट के अधिकार और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए एक संकल्प है।

### जिला अस्पताल में चले लात-घूंसे

**बिजनौर।** बीती रात जिला अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में पुलिस की मौजूदगी में दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि मुकुल नामक युवक का स्थानीय भरत विहार कॉलोनी निवासी बादल (18 वर्ष) से करीब दो माह पहले विवाद हो गया था। इसी विवाद को लेकर रविवाद को लेकर रविवार की देर रात मुकुल ने अपने दो साथियों के साथ बादल को एसपी आवास के सामने घेर लिया और बुरी तरह मारना-पीटना शुरू कर दिया। बादल किसी तरह छूट कर जिला अस्पताल चला गया। आरोप है कि मुकुल व उसके साथियों ने अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में भी पुलिस की मौजूदगी में उसके साथ मारपीट की। मुकुल व उसके साथियों द्वारा की गई। मारपीट से बादल व उसका रिश्तेदार चमन (45 वर्ष) बुरी तरह घायल हो गए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### बंटवारे की वार्ता बनी चर्चा का विषय

**नजीबाबाद।** थाना क्षेत्र की आदर्शनगर चौकी पर तैनात रहे एक दरोगा व सिपाही के बीच मोबाइल पर वार्ता शहर में चर्चा का विषय बनी है। यह ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। वायरल ऑडियो में सिपाही अशोक कुमार ने कहा जय हिंद साहब! मैं तो जा रहा। डॉक्टर वाले मामले का मुझे तो कर देते तीन महीने के लिए जा रहा हूं तीन महीने बाद आप भी भूल जाओगे और मैं भी। क्या मेरा कुछ नहीं उसमें, जिस पर दरोगा अन्नू कुमार ने जवाब देते हुए कहा कि क्यों नहीं तुम मिले ही नहीं। मैंने तुझे बुलाया तू आया ही नहीं कोई बात नहीं जब वापस आएगा तब मिलना। गाली देते हुए दरोगा ने कहा पकड़े गए चोर भी और उनके अल्टीनेटर भी पकड़े गए। अंत में दरोगा ने कहा परेशान ना हो फोन पर करा देंगे। अब क्या कर देंगे। यह बात क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई। कुछ सोशल मीडिया ग्रुप पर इस मामले में लोगों ने लिखा कि दोनों के बीच रुपए के बंटवारे को लेकर बात चल रही है, तो कुछ लोगों ने दूसरे तर्क भी दिये।

## एक नजर

### टेंट व्यापार एसो. की बैठक



**नजीबाबाद।** टैंट व्यापार एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन मैरिज हॉल में हुआ। अध्यक्षता तसनीम सिद्दीकी ने की एवं संचालन मौहम्मद सलीम ने किया। बनारस से आए अभिलेश वर्मा, मौहम्मद हसीन आजाद, जितेंद्र कुमार गुप्ता, मनोज रावत अचछू, अनिल मौर्य, रोहित पाठक, मौहम्मद अख्तर, सुभाष धवन, लड्न खां, साबिर जैदी, मनोज टांक, दीपक अग्रवाल, निसार अहमद, मौहम्मद असलम, अनिल गोयल आदि ने भाग लिया। बैठक में जनपद के भारी संख्या में टैंट व्यापारी शामिल हुए।

### नूरपुर में निकाली तिरंगा यात्रा



**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। देश भक्ति के तरानों के साथ नारे लगाए गए। तिरंगा यात्रा की शुरुआत मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रेंस एकैडमी स्कूल पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने व्यवस्था बनाई। भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बाबी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन दिनेश चौधरी, नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह व ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ संयुक्त रूप से हुआ। तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता देशबंधु, वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह शेखावत, मंडल महामंत्री वीर प्रकाश, प्रयमुन गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रदीप राणा, जीतू भुइयार, प्रेमपाल रवि, राहुल यादव, सुरेंद्र पाल, विनोद वाल्मीकि, अनिकेत घाघट, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह, जुगनू चौधरी, धर्मेंद्र जोशी, डॉ. गुलरेज अंसारी, शीला राणा, तकदीश अंसारी, संदीप जोशी, अंकित जोशी, सरदार हरभजन सिंह आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया बैराज का निरीक्षण



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज शाम मध्य गंगा बैराज पुल सिलेब्स में आई हुई दरारों का स्थलीय निरीक्षण कर अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह के अलावा एनएचआई विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा निरीक्षण के दौरान गंगा बैराज पुल के गेट नंबर 1516 तथा 23 24 के सिलेबस में आई दरारों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिल. ेबस में आने वाली दरारों की तत्काल तकनीकी जांच करें और इसको रोकने के लिए आवश्यक उपाय करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जब तक दरारों की समस्या का हल नहीं हो जाता तब तक भारी वाहनों का आवागमन बंद रखें। इसके अलावा उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बैराज पुल के सभी गेटों के सिलेबों पर कड़ी निगाह रखते हुए उसकी स्थिति का पूरी सजगता और सटक सतर्कता के साथ निगरानी का कार्य जारी रखें।

# भाकियू व प्रशासन की वार्ता विफल

## 13 को निकलेगा ट्रैक्टर मार्च



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाकियू टिकैत व प्रशासन की वार्ता विफल हो गई है। जिसके बाद 13 मार्च को ट्रैक्टर मार्च निकालने का निर्णय बरकरार रखा गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के 13 अगस्त को धरने व ट्रैक्टर मार्च को लेकर एक वार्ता प्रशासनिक अधिकारियों और भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के बीच महात्मा विदुर सभागार कलेक्ट्रेट में हुई। जिसमें 21 जुलाई को दिए गए मांग पत्र पर चर्चा हुई। मांग पत्र में दी गई मांगों का समाधान करने के लिए कोई भी सक्षम अधिकारी ही बैठक में उपस्थित नहीं था। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम सदर लगभग एक माह बीतने के बाद भी स्वयं अपनी ही तहसीलों से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं करा सके। जिस कारण वार्ता विफल हो गई और किसान पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए सभा कक्ष से बाहर चले गए। सभा कक्ष के बाहर भाकियू जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता 13 अगस्त को प्रस्तावित आन्दोलन की तैयारी मे जुट जाएं। बारिश हो चाहे या आंधी आये, अब हमारा आन्दोलन और भी बड़ा तथा अनिश्चितकालीन होगा, जब तक समस्याओं का समाधान करने मे सक्षम प्रत्येक विभाग के उच्च अधिकारी वार्ता के लिए उपस्थित नहीं होंगे, तब तक वार्ता का भी कोई औचित्य नहीं है, सुनील प्रधान ने कहा कि आज की वार्ता में मध्यस्थता करने वाले अधिकारी अपने ही विभाग की समस्याओं का समाधान नहीं करा पाये, तो काहे की वार्ता।

इस मौके पर किसानों की ओर से राम अवतार सिंह, कुलदीप सिंह, बाबूराम तोमर, मनप्रीत सिंह, प्रमोद कुमार, जितेंद्र सिंह, मुनेंद्र काकरान, संदीप त्यागी, दिनेश कुमार, नरदेव सिंह, विजय चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, अवनीश कुमार, गजेंद्र सिंह, मुनेश अहलावत, अमरपाल सिंह, कल्याण सिंह, ऋषिपाल सिंह, हरीराज सिंह, कोमन सिंह, सोनू वीरक, कविराज सिंह, विनीत चौधरी, मुनिदेव, आशु चौधरी, अजय बालियान, अमित कुमार, अशोक कुमार, शुभम, आक. श चौधरी, किरत बालिया आदि मौजूद थे।

## फ्लाई ओवर ब्रिज में जीने का मामला

# मानवाधिकार आयोग ने मांगा स्पष्टीकरण







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** फ्लाईओवर में जीना न बनाए जाने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संबंधित विभाग से स्पष्टीकरण मांगा है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा नजीबाबाद के जलालाबाद स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 और गढ़मलपुर स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 480 पर फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण करोड़ों रुपए की लागत से कराया गया था। परंतु विभाग के पास धनराशि होने के बाद भी जीना नहीं बनाया गया है। जिस कारण कई लोगों की मृत्यु लाइन क्रॉस में हो चुकी है। इस संबंध में खुद रेलवे विभाग ने भी जानकारी दी है।

उधर शिकायत को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से लिया है।

इस संबंध में आयोग ने उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान से चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है। ताकि अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही की सजा नागरिक भुगत रहे है।

# कर्ज में डूबे किसान ने फांसी लगाकर जान दी

## परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उझारी**। कर्ज में डूबे किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



नगर के मोहल्ला बड वाली मस्जिद का रहने वाला इरफान पुत्र हमीद 48 वर्ष रविवार को रोज की तरह सुबह मजदूरी के लिए घर से निकला, लेकिन शाम को घर नहीं आया। परिजनों को चिन्ता होने लगी। काफी खोज बीन करने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। मंगलवार की सुबह बुरावली मार्ग मसरूर पटवारियों के बाग में अपने अगोछे को गर्दन में डाल कर आम के पेड़ से लटक गया। आम का बाग सड़क किनारे होने से राहगीरों की नजर मृतक इरफान पर पड़ी। सूचना पर लोग घटना स्थल की तरफ दौड़े। देखा इरफान आम के पेड़ से लटका हुआ था। खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके थाना अध्यक्ष विकास कुमार, चौकी प्रभारी सतवीर सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। शव का पंचनामा भर शव को पीएम को भेजा। इरफान अपने पीछे तीन बेटियां व तीन बेटे छोड़ गया है। पत्नी नसरीन व बेटी अलकमा, शहरीन फायजा, बेटा अरमान, सुभान व का रो रोकर बुरा हाल है।



# केवाईसी के नाम पर ठगे 1.16 लाख रुपये

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। खाते की केवाईसी कराने के नाम पर ठगों ने 1.16 लाख रूपये ठग लिये। जबकि उपभोक्ता फोरम ने आवेदन करने पर 18 हजार रूपये छह प्रतिशत ब्याज के साथ लोटाने के आदेश दिये हैं।

मंडी धनौरा के मोहल्ला चामुंडा निवासी सुरेश चंद्र गर्ग अपने मोबाइल पर ऐप चलाते हैं। 24 दिसंबर 2019 को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। कॉलर ने खुद को ऐप का अधिकारी बताते हुए केवाईसी कराने के लिए कहा। धोखाधड़ी का इरादा भांपने में नाकाम सुरेश चंद्र गर्ग ने बताई गई सभी प्रक्रिया को पूरा कर दिया। इसके बाद उनके क्रेडिट कार्ड व डेबिट कार्ड से 1.16 लाख रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। वहीं, 18 हजार रुपये उनके क्रेडिट कार्ड से ऐप के खाते में ट्रांसफर किए गए। इसके बाद ऐप ने उस धनराशि को ब्लॉक कर दिया। इसके बाद सुरेश चंद्र गर्ग उस धनराशि को कहीं भी ट्रांसफर नहीं कर सके। मामले में सुरेश चंद्र गर्ग ने मंडी धनौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस दौरान ऐप के कस्टयूमर केयर अधिकारी से बात की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। धनराशि लौटने से इनकार पर मामले में पीड़ित सुरेश चंद्र गर्ग ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली थी। मामले को गंभीरता से लेकर आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह व महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने ऐप के अधिकारियों को तलब कर लिया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद उपभोक्ता फोरम ने ऐप के अधिकारियों को सेवा में कमी का दोषी तो नहीं पाया लेकिन स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि पीड़ित अपने 18 हजार रुपये के लिए आवेदन करता है तो उसे वापस कर दी जाए। साथ ही धनराशि को होल्ड किए जाने की तिथि 14 अप्रैल 2019 से 18 हजार रुपये छह प्रतिशत ब्याज के साथ लौटने का आदेश दिया। आर्थिक व मान.सिक क्षतिपूर्ति के लिए पांच हजार तो वहीं और वाद व्यय के तीन हजार रुपये अलग से देने होंगे।

# तिरंगा यात्रा निकाल दिया देशभक्ति का संदेश

## कई स्थानों पर हुआ फूल वर्षा से स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भाजपायों एवं पालिका बोर्ड के सभासदों ने तिरंगा यात्रा निक.ालकर देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के गीतों पर लोग झूमते रहे।

मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में भाजपाइयों एवं पालि.का बोर्ड के सदस्यों ने पूरे उत्साह उमंग और सब की भागीदारी के साथ नगर के विभिन्न मार्गों पर तिरंगा यात्रा को निकाला। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया गया। भाजपाईयों पालिका बोर्ड के सदस्यों के संग एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा के आगे आगे चल रहे थे। इस समय तेज भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है हर घर तिरंगा अभियान के तहत यात्राये निकाली जा रही हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष में देश भर में हर घर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। देश भर में तिरंगा यात्रा अभियान के तहत तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा निक.ालने वाले उत्साही भाजपा कार्यकर्ता एवं पालिका बोर्ड के सदस्य द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ इसको निक.ाला गया। तिरंगा यात्रा अंबेडकर पार्क, राजपूत कॉलोनी, बाईपास मार्ग, संभल बस स्टैंड चौराहा होते हुए रहरा बस स्टैंड चौराहा स्थित महाराणा प्रताप चौक पर तिरंगा यात्रा का समापन हो गया। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा बड़े हर्षोल्लास के साथ यात्रा को निकाला गया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर उदयगिरी गोस्वामी, एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, नगर स्वास्थ्यता प्रेरक प्रशांत सैनी, मुकेश गुप्ता, अतुल गर्ग, हमजा अली, पंकज भटनागर सचिन गुप्ता, जावेद जरताब, शराफत मलिक, मोहसिन खान, श्याम आर्य आदि मौजूद थे।

# ससुरालियों से विवाद पर किसान की पत्नी ने पिया जहर

## गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान की पत्नी ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। उल्टी आने के साथ हालत बिगड़ते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। स्थिति गंभीर देखते हुए परिजनों ने तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया, प्राथमिक उपचार के बाद भी रिकवरी नहीं होने पर चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल मामले में पुलिस को सूचना देते नहीं दी गई है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा की है। बताया जा रहा है कि यहां रहने वाले एक किसान की पत्नी का किसी बात को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों से विवाद चल रहा था। काफी प्रयास के बावजूद गलतफहमियों की वजह से आपस में उलझे हुए मसले किसी सूरत हल नहीं हो पा रहे थे। इसी गृह क्लेश के चलते किसान की पत्नी बीते कई दिन से मानसिक तनाव से जूझ रही थी। सोमवार को परिवार में हुए झगड़े के बाद किसान की पत्नी ने अचानक घर में रखा कीटनाशक पी लिया। शुरुआत में परिजन कुछ समझ नहीं पाए लेकिन उल्टियां आनी शुरू होते ही हड़कंप मच गया। तुरंत ही महिला को स्थानीय एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन प्राथमिक उपचार देने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। लिहाजा, हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने घटना संज्ञान में होने से इनकार किया है। तहरीर मिलने पर जांच व आगे की कार्रवाई की बात कही है।

## एक नजर

### बाइक फिसलने से कपड़ा विक्रेता घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। तेज गति से चल रही बाइक के फिसल कर गिरने से कपड़ा विक्रेता घायल हो गया। निजी चिकित्सक के उपचार चल रहा है। नगर के मोहल्ला लालबाग निवासी फरजाना पुत्र बूंदु गांव में कपड़े की फेरी लगाकर परिवार का पालन पोषण करता है। मंगलवार की शाम फरजाना फेरी लगाने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। फरजाना जब अमरोहा मार्ग पर पहुंचा तो तेज गति से चल रही बाइक फिसल कर नीचे गिर गई। गनीमत रही की फरजान सड़क किनारे कच्ची मिट्टी पर गिरा अन्यथा बड़ा हादसा घटित हो सकता था। राहगीरों ने घायल को उठाकर हसनपुर के चिकित्सक के पास भर्ती कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये। घायल फरजाना ने बताया कि बाइक चलाते समय उसे ऐसा महसूस हुआ कि उसे किसी ने धक्का दिया है।

### देश के प्रति प्रेम भावना जागृत करें



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। नगर के सरदार बेगम मेमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक सेविकाओं ने हर घर तिरंगा अभियान का बस्ती में जाकर आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान देशभक्ति की भावना में एकता का संदेश दिलाना है। कार्यक्रम के इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन खुर्रम आजाद खान ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रति प्रेम भावना जागृत करने का यह बहुत ही अच्छा संदेश है महाविद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर दानिश खान ने सभी छात्र-छात्राओं को झंडा देकर राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान व देश के प्रति प्रेम भावना का संदेश दिया। और भारत की एकता व अखंडता को सशक्त करें। प्राचार्या डा. मलिका निजामी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### अमर सिंह कालेज में दिखा देशभक्ति का जोश



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। मंगलवार को अमर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। महाविद्यालय प्रबंधक अशोक सैनी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा कॉलेज परिसर से शुरू होकर शहवाजपुर गुर्जर शेरपुर रोड होते हुए पुनः कॉलेज पहुंची। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को राष्ट्रभक्ति, एकता और संविधान के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने छात्र-छात्राओं व स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि राजभवन, उ.प्र. के निर्देशानुसार सभी को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मुशर्फ खाँ, चन्द्रमोहन, डॉ. रूपा, राजाराम, निसार अहमद, जितेन्द्र सिंह, समरपाल सैनी, निशिन सैनी, महेश सैनी, योगेन्द्र त्यागी समेत अनेक शिक्षक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### वाईएमएस के छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर के वाईएमएस पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रबंधक रियाज अहमद और प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यह यात्रा बछरायूं रोड होते हुए धनौरी खुर्द शुमाली गांव में विभिन्न स्थानों से होकर कॉलेज परिसर में समाप्त हुई। वहीं कॉलेज प्रबंधक रियाज अहमद ने कहा, इस तरह के आयोजनों से छात्रों में राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत होती है। आज का युवा यदि अपने देश और संविधान के लिए जागरूक है, तो हमारा भविष्य स्वर्णिम है। कॉलेज सदैव इस प्रकार की सकारात्मक गतिविधियों को प्राथमिकता देता रहेगा। इस अवसर पर डॉ. मनु सिंह, डॉ. त्रेता देवी, सुरेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, नीरज गहलौत, मोबीन अहमद सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांवड़िये की मौत पर बाइक चालक पर रिपोर्ट

## मृतक के भाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हादसे में हुई कांवड़िये की मौत के मामले में डिडौली पुलिस ने बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के भाई की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

बरेली जिले के सीबी गंज थाना क्षेत्र के गांव पस्तौर निवासी सत्यपाल श्रावण मास के आखिरी सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए गांव निवासी अपने दोस्त धर्मवीर व आशीष के साथ जल भरने के लिए बृजघाट आया था। कांवड़ भरने के बाद सोमवार सुबह में करीब छह बजे यह तीनों बाइक पर सवार होकर बरेली लौट रहे थे। डिडौली क्षेत्र में गांव ढकिया चमन के पास से गुजरते समय कांवड़ियों के लिए आरक्षित हाईवे की लेन पर इनकी बाइक की कांवड़ियों की बाइक से जबरदस्त टक्कर हो गई थी। हादसे में सत्यपाल, आशीष व धर्मवीर गंभीर घायल हो गए थे। उपचार के दौरान सत्यपाल की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव घर ले गए थे, तब मामले में मुकदमा दर्ज नहीं कराया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने नौ दिन पूर्व हादसे में हुई कांवड़िये की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# स्वदेशी जागरण मंच ने फूंका डोनाल्ड ट्रंप का पुतला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा 'स्वदेशी स्वावलंबन अभियान' के अंतर्गत स्वदेशी शंखनाद का कार्यक्रम इंदिरा चौक गजरौला में हुआ। कार्यक्रम में व्यापारी सुरक्षा फॉर्म संस्थान, लघु उद्योग भारती, गायत्री परिवार व समाज के संभ्रांत नागरिकों द्वारा स्वदेशी का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संघर्ष वाहिनी प्रमुख सुधांशु बिश्नोई एडवोकेट ने कहा भारत विश्व का सिरमौर बनेगा, उसके लिए हमें स्वदेशी को अपनाना होगा, मानसिक रूप से विकृत अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी दादागिरी विकसित देशों पर थोपना चाहता है, इसीलिए वह उल्टे सीधे टैरिफ लगाकर भारत पर दबाव बनाना चाहता है। भारत का जनमानस इसको सबक सिखाएगा और स्वदेशी को अपनाकर भारत को विश्व की प्रथम अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान देगा। हमें स्वरोजगार अपनाकर भारत को अधिक से अधिक उत्पादन वाला देश बनाना होगा। कहा कि ऑनलाइन कंपनियां भारत को अपने मकड़जाल में फंसा कर भारत के व्यापार को चौपट करना चाहती हैं, इससे हमारे खुदरा व्यापार को बहुत बड़ी हानि का सामना करना पड़ेगा। हमें सजग प्रहरी बनना पड़ेगा और जोरदार तरीके से इन विदेशी कंपनियों को भगाना होगा। इस अवसर पर जिला संयोजक वेद प्रकाश चौहान, ईशान अग्रवाल, सह विभाग संयोजक मोहित शर्मा, हिमाचल यदुवंशी, शुभम सिंह, मनमोहन सेन, रामरतन सिंह, नवीन गर्ग, सुलभ, दयानंद शर्मा, सचिन, अंकुश आदि मौजूद रहे।

# महिला समेत तीन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। चैकिंग करने गई विद्युत टीम के साथ मारपीट और अभद्रता करने वाली महिला और दो अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस ने जेई की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घटना में विद्युत टीम के टीजीटू घायल भी हुए थे।

**■ चैकिंग को गई विद्युत टीम के साथ की थी मारपीट**

बता दें कि सोमवार की शाम को विद्युत विभाग के जेई अनिकेत कुमार, टीजीटू अंकुश यादव, चार संविदाकर्मी मदन सिंह, मनोज कुमार, रमेश, बबी, नरेन्द्र आदि की टीम चैकिंग करने के लिये मौहल्ला मायापुरी पहुंचे थे। यहां की निवासी महिला मीरा पत्नी सोमपाल का कनेक्शन बकाया जमा न करने के कारण कुछ समय पहले काट दिया गया था, मगर मौके पर देखा तो पता चला कि मीरा दूसरे उपभोक्ता की केबिल में से कट लगाकर चोरी से विद्युत का उपयोग कर रही थी। टीम ने जब विद्युत चोरी करने आदि की वीडियोग्राफी करनी शुरू की तो आरोप है कि महिला ने दो व्यक्तियों के साथ मिलकर टीम के साथ अभद्रता की और लाठी डंडे से मारपीट की। विद्युत कर्मियों के हाथों से सरकारी अभिलेख भी छीनकर फाड़ दिए। टीजीटू अंकुश यादव डंडा लगने से घायल भी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने टीम को आरोपितों के चंगुल से बचाकर निकाला। रात को ही जेई ने पुलिस को तहरीर सौंपी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस प्रकरण में मीरा पत्नी सोमपाल व दो अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

# रोडवेज चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रोडवेज बस ने सड़क पार कर रहे युवक को रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामा की तहरीर पर पुलिस ने रोडवेज बस के चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

जनपद रामपुर के थानाक्षेत्र सैफनी के अर्न्तगत स्थित ग्राम सद्दीकपुर निवासी सौरव सिंह पुत्र राजवीर सिंह 09/10 अगस्त की मध्यरात्रि को हाइवे पर हल्दीराम होटल के सामने सड़क पार कर रहा था। मुरादाबाद की तरफ से सर्विस रोड पर आ रही रोडवेज बस ने सौरव सिंह को रौंद दिया। हादसे में वह गंभीर

**■ दो दिन पहले सड़क पार कर रहे युवक को किया था घायल**

रूप से घायल हो गया था। सौरव के मामा राजेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रोडवेज बस चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

27 जुलाई की रात को सड़क किनारे खड़े तीन बाइक सवारों को टक्कर मारने वाले मोटरसाईकिल चालक के विरूद्ध पुलिस ने मुक.दमा दर्ज कर लिया है। हादसे में एक युवक राजपाल(27) निवासी गांव तार का मझरा छितरिया जागीर थाना टांडा जनपद रामपुर की मौत भी हो गई थी, जबकि उसके दोस्त देवेन्द्र व सौरव घायल हो गए थे। मृतक के भाई राजपाल ने हादसे के जिम्मेदार मोटरसाईकिल चालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# किसानों को मिले फसल का दाम तय करने का अधिकार



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि भारत में किसान को अपनी फसलों का दाम तय करने का अधिकार नहीं है, जबकि अन्य सभी उत्पादक इकाईयां अपने उत्पाद का दाम स्वयं तय करती हैं।

ब्लॉक के ग्राम चौकपुरी में आयोजित पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केन्द्र व प्रदेश की सरकार से किसान को अपनी फसलों के भाव तय करने की

**■ चौकपुरी में भाकियु संयुक्त मोर्चा की पंचायत आयोजित**

अपील करते हुए कहा कि, यदि देश के किसानों के अधिकारों के साथ खिलबाड़ बंद नही किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौ. विजयवीर सिंह ने कहा कि सरकार किसानों को कमजोर समझने की गलती न करे और बिजली के निजीकरण संबधी कार्रवाई को तुरंत वापस ले, यदि उत्तर प्रदेश मे बिजली का निजीकरण किया गया तो किसान सड़कों पर उतरकर विरोध करेगा। पंचायत का संचालन मण्डलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह व अध्यक्षता कैसर सिह सैनी ने की। इस मौके पर धर्मेन्द्र शर्मा को ग्राम अध्यक्ष, पुष्पेन्द्र सैनी को युवा ग्राम अध्यक्ष और गांव के 40 किसानों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर सुरेन्द्र शर्मा, मनोज सैनी, अंकूर शर्मा, रिंकू सैनी, कामिल चौधरी, अरुण उपाध्याय, खचेडू सिंह, जयपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# दो कारों की भिड़ंत में चार लोग घायल

## गंभीर हालत में अस्पताल में कराया भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसा के बाद एक चालक अपनी कार मौके पर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों कारों को कब्जे में ले लिया है।

हादसा सोमवार दोपहर पप्सरा चौकी के पास हुआ। हसनपुर निवासी मोहम्मद अब्बास अपने तीन साथियों के साथ कार में सवार होकर अमरोहा से हसनपुर की ओर जा रहे थे। चौकी के सामने से गुजरते समय अतरासी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने इनकी कार में टक्कर मार दी। भिडंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए जबकि कार में सवार मोहम्मद अब्बास समेत बाकी तीनों लोग गंभीर घायल हो गए। वहीं, हादसा अंजाम देने वाला चालक अपनी कार छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकालते हुए उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने मामले तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई की बात कही।

# सीतारामपुर गांव के जंगल में तेंदुए ने किया गाय का शिकार, ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के सीतारामपुर के जंगल में तेंदुए ने आवारा छुट्टा गाय का शिकार कर लिया। जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई ग्रामीणों ने अपने बच्चो जानवरो व महिलाओ को खेतो पर भेजना बन्द कर दिया है गांव के नजदीक खाली पड़े खेत में तेंदुए के निशान पाए गए हैं।

सूचना पाकर वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया है। और ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

सोमवार की रात्रि सीतारामपुर गांव में सोनू पुत्र अमर सिंह के खाली पड़े



शिकार के बाद मौके पर मौजूद वन विभाग की टीम और ग्रामीण।



सीतारामपुर के जंगल में तेंदुए का शिकार हुई मृत्य पड़ी गाय।

खेत में जो आबादी के निकट है तेंदुए ने आवारा छुट्टा गाय को अपना निवाला बना लिया सुबह ग्रामीणों ने जब गाय को इस स्थिति में देखा तो उनके होश उड़ गए और गाय के आसपास खेत में तेंदुए के पद चिन्ह पाए गए इस मामले की सूचना वन विभाग को दी गई सूचना पाकर वन विभाग के दरोगा गौरव कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और पदचिन्हों की जांच की।

वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की हिदायत की है। उधर इस घटना को लेकर ग्राम प्रधान पति राजू सैनी समेत तमाम ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और उन्होंने तेंदुए का शिकार हुई गाय को गड्ढा खोदकर दफन कर दिया है। ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों ने अपने बच्चो व महिलाओ को खेतो पर भेजना बन्द कर दिया वही ग्रामीणो ने वन विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द पिंजरा लगाने की मांग की है।

# राणा शुगर मिल के अधिकारियों ने किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** मंगलबार को गन्ना बिभाग एवं राना शुगर ग्रुप के अधिकारियो द्वारा बाढ़ग्रस्त गन्ना क्षेत्र का भृमण किया गया।भृमण के दौरान गन्ना समिति रामपुर के चौयरमैन विवेक पांडेय ने किसानो से गन्ने की शीघ्र बंधाई करने का आग्रह किया एवं बाढ़ग्रस्त गन्ने मे अगर रोग आता है तो किसान अति शीघ्र कीटनाशक का उपयोग करें।इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी गन्ना समिति के सचिब कृष्ण गोपाल गौतम राना शुगर ग्रुप के बाईस प्रेसिडेंट अमर शर्मा उप गन्ना



प्रबंधन अनुज आर्य अनुभव शर्मा शिवौतार यादव इरशाद अन्सारी छोटे अन्सारी श्रीराम सुपरवाइजर संजीव सुपरवाइजर आदि रहे।

# सैजनी नदी में नवयुवक के डूबने की सूचना पर प्रशासन पहुंचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** तहसील के ग्राम हलूनागर गांव निवासी गिरधारी लाल का पुत्र विमल 16 वर्ष पशु चराने के लिए गांव के सैजनी नदी के पास गया था।

परिजनों ने बताया कि वह विमल पशु चराने के लिए गया था और पिता. जी खेत में ही खाद डालने का कार्य कर रहे थे उनका पुत्र विमल सैजनी नदी में किसी तरह चला गया और डूब गया। इसकी सूचना उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया को मिली उन्होंने तुरंत तहसीलदार सीमा गंगवार को घटना स्थल पर भेजा गया स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी ढूंढने का प्रयास किया गया समाचार लेकर जाने तक कोई भी सफलता नहीं मिली।

# भव्य तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब देशभक्ति के नारों से गूंजा मिलक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल मिलक, रामपुर द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

हाथों में तिरंगा और होंठों पर वन्दे मातरम् तथा भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने पूरे नगर में देशभक्ति का माहौल बना दिया।

यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार जी ने किया, जबकि मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन दीक्षा गंगवार जी रहीं। कार्यक्रम में



भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

विशेष रूप से उपस्थित रहे जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रेमशंकर पाण्डेय, सुरेश गंगवार, मुन्नी देवी गंगवार, जिला मंत्री प्रदीप जाटव, नगर अध्यक्ष ममता अत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज पाण्डेय, मण्डल महामंत्री विजयपाल राजपूत, नन्हे राम पाण्डेय, सरदार सिंह, डा. राम बहादुर, राजीव गंगवार, चेतन स्वरूप, सांईया सक्सेना, मुकेश पटेल, शुशील दिवाकर, शुभम गंग. वार, तरुण सागर, सत्यवीर सागर, तुलसीराम सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और सम्मानित नागरिक।

कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के गीतों, नारों और तिरंगे की शान में उमंग व उत्साह देखते ही बन रहा था। यह क्षण सभी के लिए गर्व, ऊर्जा और एकता का अद्वितीय अनुभव बन गया।

# भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से हर घर तिरंगा यात्रा के अंतर्गत यह यात्रा देश भक्ति का संदेश देती है।यात्रा की मुख्य अतिथि महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी रही यह यात्रा तहसील से शुरू होकर इंटर कालेज पर समाप्त हुई। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर ,जिला मंत्री महेंद्र सैनी, लक्ष्मी कांत सैनी, प्रेम सिंह सैनी, दिलीप अरोडा एडवोकेट, अमित सक्सेना, हरीश मौर्य अमित चन्द्रा, प्रशान्त शर्मा, मुकुट लाल, नोबत सिंह, आरती, राजेश कुमार शर्मा, महेंद्र पाल सिंह, सोरेन सिंह, रामावतार दिवाकर, विनेश कुमार मौर्य, सुरेश कुमार हरि सिंह,पंडित प्रशांत कुमार शर्मा, आकाश सैनी सहित हजारों की तहदाद में लोग मौजूद रहे।

# किसानों की बैंक सम्बन्धित समस्याओं को लेकर किसानों ने सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा अपनी टीम के कुछ लोग लेकर विकास भवन पहुंचे और लीड बैंक अधिकारी से बात की जिसमें बैंकों द्वारा किसानों का उत्पीड़न बंद कराया जाए। जिस कारण किसान की स्थिति खराब होती जा रही है बैंकों में बैठे क्षेत्रीय अधिकारी किसानों के साथ मनमानी कर रहे ऐसा ही एक मामला चमरौआ पंजाब नेशनल का सामने आया जिसमें मैनेजर ग्रामीण लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं।

क्षेत्र की समस्याएं उठाकर लीड बैंक अधिकारी को दी गई बात करते हुए जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा ने कहा राष्ट्रीय किसान मजदूर



संगठन किसानों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाशत नहीं करेगी। यदि सही समय पर किसानों के कार्य नहीं करें गए तो जो सुविधा सरकार द्वारा किसानों तक नहीं पहुंच पाते हैं। उसकी शिकायत हम आगे जिलाधिकारी को देंगे यदि सरकार के आदेश अनुसार जिले की कोई भी शाखा की ब्रांच किसानों का उत्पीड़न करेगी तो बर्दाशत नहीं किया जाएगा। यदि इन शिकायतों का असर नहीं हुआ तो राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन अपने साथियों के साथ बड़ा आंदोलन करने को मजबूर रहेगी। जिला अध्यक्ष संजोर अली पाशा ने यह बात कह कर उन्हें शिकायत दर्ज कराई यदि इसका समाधान सभी ब्रांच में जल्दी हो जाना चाहिए।

### सैफनी में प्राचीन माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम पर

# जोगिंदर यादव ने फीता काटकर रासलीला का किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में स्थित महाभारत कालीन प्राचीन माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम पर मंगलवार को रासलीला का हुआ शुभारंभ जिसमें रासलीला के मुख्य अतिथि बजरंगदल के विभाग संयोजक जोगेंद्र यादव ने फीता काटकर किया शुभारंभ उसके उपरांत आचार्य नितिन भारद्वाज ने वैदिक मंत्रों द्वारा थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा द्वारा पूजन कराया रासल. ीला आयोजक आचार्य विवेक वशिष्ठ, गौरव भटनागर,शोभित शर्मा, त्रिमल सैनी, मास्टर नरेश शर्मा,बादाम सिंह,रामोतार सैनी,बोबी यादव,टिंकू यादव आदि उपस्थित रहे।

# टाण्डा क्षेत्र में अवैध बालू खनन के मामले की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** टाण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम दढियाल एहतमाली में अवैध बालू खनन का एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। तहसीलदार टाण्डा की 11 अगस्त की आख्या के आधार पर, ग्राम दढियाल एहतमाली की गाटा संख्या 59, 60, और 96 में अवैध रूप से 424 घनमीटर बालू का खनन किया गया, जिससे राजस्व और पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंची है। इस मामले में पुलिस ने खान अधिकारी की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तहसीलदार टाण्डा की आख्या के अनुसार, गाटा संख्या 96 (रकबा 0. 8490 हेक्टेयर) पर मौ. उमर खां पुत्र अशफाक अली खां के नाम दर्ज भूमि से 200 घनमीटर बालू का अवैध खनन किया गया। गाटा संख्या 60 (रकबा 0.315 हेक्टेयर) पर दयावती पत्नी राजेंद्र सिंह और हमशीरन पत्नी शफी अहमद के नाम दर्ज भूमि से 64 घनमीटर बालू निकाला गया। इसके अतिरिक्त, गाटा संख्या 59 (रकबा 1.170 हेक्टेयर) पर गोलवती पत्नी विजय सिंह के नाम दर्ज भूमि से 160 घनमीटर बालू का अवैध खनन हुआ। आख्या में बताया गया कि उक्त भूमियों के मालिकों ने अपनी सहमति से शहीद उर्फ नन्हे पुत्र छोटे, निवासी दढियाल एहतमाली, को खनन की अनुमति दी, जिसके परिणामस्वरूप यह अवैध कार्य किया गया। स्थानीय निवासियों शब्बू खां, मौ. उमर, उसमान, और वीरेंद्र सिंह चौहान के लिखित बयानों में भी इसकी पुष्टि हुई है। बयानों के अनुसार, शहीद उर्फ नन्हे द्वारा रात के अंधेरे में यह अवैध खनन किया जाता था। स्थलीय निरीक्षण में भी गाटा संख्या 59, 60, और 96 में अवैध खनन की पुष्टि हुई। कार्यालय अभिलेखों के अनुसार, उक्त गाटाओं में वर्तमान में कोई खनन अनुज्ञा पत्र जारी नहीं किया गया है। इस कारण यह खनन कार्य अवैध माना गया,जो दंडनीय अपराध है।

खान अधिकारी की शिकायत पर टाण्डा पुलिस ने शहीद उर्फ नन्हे पुत्र छोटे सहित अन्य संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

# गन्ना फसल में जलभराव एवं कीट रोग जैसी समस्या पर कंट्रोल रूम या गन्ना विभाग के अधिकारियों से करें सम्पर्क

### जिला गन्ना अधिकारी ने तहसील बिलासपुर के गन्ना प्लाटों का किया भ्रमण, किसानों को गन्ने के गिरने से होने वाले नुकसान व बचने के उपाय बताए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर जिला गन्ना अधिकारी शैलेश मौर्या ने जनपद की तहसील बिलासपुर के ग्राम करसौली खुर्द एवं खाता में प्रधान प्रबन्धक रूद्र बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., के साथ गन्ना प्लाटों का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान मौके पर मौजूद कृषकों को काफी मात्रा में हुयी वर्षा से प्लाटों में जलभराव एवं गन्ने के गिरने से होने वाले नुकसानों से अवगत कराया और उससे बचने के उपाय बताये।

उन्होंने कृषकों को बताया कि जिन खेतों में लगातार बारिश के कारण पानी भर गया है और आसपास में जल निकासी संभव है, उनमें जल निकासी के तत्काल प्रयास करें, लगातार बारिश से मिट्टी के मुलायम होने एवं हवा के प्रभाव से जिन क्षेत्रों में गन्ना गिर गया है या गिरने की संभावना है, उन क्षेत्रों में गन्ना के गिरने के 24 घन्टे के अन्दर पुन: खड़ा करके बंधाई कराने के प्रयास करें एवं बसंतकालीन गन्ना बुआई में नुकसान की ज्यादा संभावना को देखते हुए



खेत से पानी उतरने के बाद इसमें कार्बन्डाजिम या थायोफिनेट मिथाइल 01 ली. तथा एन.पी.के. 05 कि. ग्रा. से 1000 लीटर पानी में मिलाकर छिडकाव करने से पौधे की बढ़वार बढ़ जाती है।

उन्होंने बताया कि सचिव, सहक. ारी गन्ना विकास समिति लि., बिलासपुर के द्वारा अध्यक्ष गन्ना समिति बिलासपुर के साथ ग्राम अलवानगला, सरदरपुर, गोदी एवं रूस्तमपुर तथा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक के द्वारा करीमगंज चीनी मिल के ग्राम मसूरपुर हाजीनगर, चिकना एवं सचिव, सहकारी गन्ना विकास समिति लि. के द्वारा ग्राम सद्दीकनगर, छितौनी, ताजपुर लखन, रायपुर-किशनपुर व ललवारा का भ्रमण कर कृषकों को जागृत किया गया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में किन्हीं कीट रोग का कोई प्रभाव प्रकाश में नहीं आया। कृषकों को अवगत कराया कि किन्हीं गन्ना फसल में कोई जलभराव एवं कीटरोग आदि की समस्या प्रकाश में आये तो तत्काल विभाग द्वारा स्थापित कन्ट्रोल रूम, सम्बन्धित सचिव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सम्बन्धित चीनी मिलकर्मी अथवा जिला गन्ना अधिकारी को अवगत करायें।

# नए ललबारे में टेम्पो की चपेट मे आकर किशोरी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** मंगलवार को क्षेत्र के नया ललबारा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक टेम्पो को खेल खेल में बच्चों ने दौड़ा दिया।

जानकारी के अनुसार लालबारा गांव निवासी कुव मीनाक्षी पुत्री धर्मपाल उम्र 17 वर्ष अपने घर के पास ही खड़ी थी। जहां पर टेम्पो भी खड़ा था। जिसमें बच्चे खेल रहे थे। खेल खेल में किसी बच्चे ने टेम्पो की चाबी घुमा दी टेम्पो चल पड़ा। उसी दौरान टेम्पो की चपेट में आकर मीनाक्षी घायल हो गई।

चारों और चीख पुकार मच गई। आनन फानन में घायल किशोरी को उठा कर परिजन निजी अस्पताल ले गए। उसी दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि किशोरी



की माता का पहले ही देहांत हो चुका है।

पिता कमाने के लिया बाहर गए हुए हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक का पोस्ट मार्टम कराने से परिजनो ने इंकार कर दिया।

# उधम सिंह नगर के जिला अधिकारी समीपवर्ती क्षेत्र से अंडा मुर्गी के परिवहन पर एक सप्ताह के लिए लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** जनपद रामपुर में वर्ल्ड फ्लू को लेकर उधम सिंह नगर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है उधम सिंह नगर के जिला अधिकारी ने यूपी से अंडा मुर्गी के परिवहन पर एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी है। यूपी के सीमावर्ती चेक पोस्टों पर निगरानी बरतने के निर्देश दिए हैं।

उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदोरिया की अध्यक्षता में मंगलवार की शाम आयोजित बैठक में उन्होंने जिले भर के अधिकारियों को निर्देशित किया है की बिलासपुर रामपुर में वर्ल्ड फ्लू के मद्देनजर यूपी से उत्तराखंड के उधम सिंह नगर समेत आसपास के जिलों में अंडा मुर्गी के परिवहन पर एक सप्ताह के लिए रोक लगाई जाती है और उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है की यूपी से सटी सीमा बरती



चौकियों पर निगरानी रखी जाए और किसी भी हालत में परिवहन ना हो सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवेश सासनी, डीएफओ यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुब मिश्र, यूपी जिला अधिकारी मनीष बिष्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष जोशी समेत अन्य अधिकारी वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़े रहे।

# ईओ ने निर्माणाधीन मार्गों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** मंगलवार को अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा ने जेई अभिनेष तिवारी के साथ नगर वार्ड नंबर 3,18 और 17 में निर्माणाधीन मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ जगहों पर कमियां पाई गई,जिसपर जेई अभिनेष तिवारी को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।कई जगह नालों में गंदगी पाई गई, जिसे देखकर अधिशासी अधिकारी ने सफाई नायक को तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित ठेकेदारों को भी अपने काम में सुधार लाने के लिए कहा गया।

इस निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्र की सड़कों और नालों की स्थिति में सुधार लाना और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। अधिशासी अधिकारी और जेई की टीम ने इस निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

# वजीरगंज में भाजपाईयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज ।** वजीरगंज देश के वीर शहीदों के सम्मान में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी द्वारा कस्बे के गंगा देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया भारतीय जनता पार्टी के नेता विश्वजीत गुप्ता और पार्टी जिला उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह राठौड़ ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया शोभायात्रा का कस्बे में भ्रमण के दौरान लोगों ने फूल वर्षा कर स्वागत किया। कस्बे के गंगा देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से भाजापाईयों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा को भारतीय जनता पार्टी के नेता विश्वजीत गुप्ता एवं जिला उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह राठौड़ ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया हाथों में तिरंगा झंडा लिए लोगों भारत माता की जय अमर शहीदों की जय के नारे गूंज रहें थे वहीं डीजे पर बज रहे देश भक्ति गीतों एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया जा रहा था तिरंगा यात्रा हाईवे होती हुई। मैन बाजार होली चौक आबला रोड के साथ-साथ नगर में भ्रमण करती हुई वापस सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जाकर समाप्त हुई तिरंगा यात्रा पर नगर वासियों ने जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राघव सिंह राहुल वार्ष्णेय जयपाल दिवाकर सदस्य जिला पंचायत अनुज सक्सेना पूर्व मंडल अध्यक्ष रिधिपताप प्रताप सिंह नरेश गुर्जर टीनू प्रताप सिंह उपेंद्र सिंह मौर्य आदि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता मौजूद है।

# गुरुनानक हॉस्पिटल पर एसीएमओ का छापा, बिना कार्रवाई के लौटे एसीएमओ

**झोलाछापों के नोडल व बाबू ने झोलाछापों के खिलाफ नोटिस को बनाया अवैध वसूली का हथियार, झोलाछापों के खिलाफ कार्यवाही का डर दिखाकर नोटिस तो दिए जाते हैं। लेकिन कार्यवाही शून्य रहती है पंद्रह दिन पहले सीएचसी प्रभारी नरेंद्र पटेल द्वारा कुंवर गांव में आधा दर्जन झोलाछापों को नोटिस दिए गए थे। जिनके खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है चर्चा है कि सभी को आफिस बुलाकर नोडल और सीएचसी प्रभारी ने आर्थिक सांठगांठ कर ली।**



**अजीत कुमार शर्मा,शाह टाइम्स**

**कुंवर गांव ।** मंगलवार को एसीएमओ डॉ मोहन झा ने बाबू नितिन कुमार के साथ कुंवर गांव में बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे गुरुनानक हास्पिटल पर छापा मारा और बिना कार्यवाही किए ही वापस लौट गए। कुंवर गांव में बिना रजिस्ट्रेशन के दर्जनों फर्जी क्लीनिक और अस्पतालों का संचालन हो रहा है जिनपर नार्मल डिलीवरी से लेकर आपरेशन तक बिना मानक किए जा रहे हैं। झोलाछाप गरीब जनता की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।जिनके पास न तो कोई रजिस्ट्रेशन है और न ही कोई डिग्री धारक डाक्टर बैठते हैं झोलाछापों ने अस्पताल के बाहर डाक्टरों का पैनल बोर्ड लगा रखा है बोर्ड पर नाम लिखे डाक्टर कभी अस्पताल पर बैठते ही नहीं है। झोलाछापों को घटपुरी सीएचसी प्रभारी नरेंद्र पटेल व झोलाछापों के नोडल एसीएमओ डॉ मोहन झा का संरक्षण मिल रहा है।

जिससे झोलाछापों के हौंसले बुलंद हैं। झोलाछापों के नोडल डॉ मोहन झा को काफी समय से कुंवर गांव में फर्जी अस्पतालों की सूचना व शिकायतें मिल रही थी ।जिसपर उन्होंने मंगलवार को झबरा की पुलिया पर स्थित गुरुनानक अस्पताल पर छापा मारा जहां अस्पताल स्टाफ में हड़कंप मच गया । चर्चा है कि एसीएमओ बिना कार्यवाही के ही वापस चले गए।

वहीं एसीएमओ ने कासिमपुर पर एक झोलाछाप के छापा मारा जिसके बाद एसीएमओ कासिमपुर से आगे पहुंचकर पेट्रोल पंप के पास झोलाछाप से आर्थिक सांठगांठ करते देखे गए ।जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

# रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज में प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई-बसई में मंगलवार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत निबन्ध प्रतियोगिता, तिरंगा प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में आनन्द सिंह द्वारा बच्चों को तिरंगे का महत्त्व, इसके इतिहास और सम्मान की परम्पराओं पर विस्तार से जानक. ारी दी गयी। प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम दास ने आपने उदबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान तथा देशभक्ति की भावना के प्रति नागरिकों को प्रेरित करना है। साथ ही स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन हरदीप सिंह ने किया।कार्यक्रम में रामाधार शर्मा, प्रकाशवीर, विशेष पाठक, मनोज कुमार, राकेश कुमार शर्मा, विपिन कुमार, रऊफ अहमद, अंकित सिंह, कामेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, रेनू, शिवानी, साक्षी, अंशिका, अमित पाराशरी आदि उपस्थित रहे।

# 30 सितम्बर तक चलेगा राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वाधान में सम्पूर्ण राष्ट में 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान संचा. लित किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत न्यायालयों में लम्बित विभिन्न प्रकार के वादों यथा वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चौक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, बेदखली से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, अन्य दीवानी मामले आदि को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित होने योग्य मामलों का निस्तारण कराने हेतु अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के अधीन संचालित मध्यस्थता केन्द्र, बदायूँ को संन्दर्भित करा सकते हैं। मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, श्री विवेक संगल के निर्देशानुपालन मे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, शिव कुमारी द्वारा दिनांक 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु समस्त न्यायालयों में यह सूचना प्रचालित की जा चुकी है ताकि अधिक से अधिक सुलह योग्य वादों को मध्यस्थता केन्द्र हेतु सन्दर्भित कराये जा सके तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के द्वारा समय समय पर विधिक जागरूकता शिविरों के माध्यम से जन-सामान्य को जागरूक करने हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उक्त अभियान को सुचारू रूप से धरातल पर उतारने के लिए बैनर, पोस्टर, पम्पलेटस् आदि प्रचार सामिग्री भी उपयुक्त स्थानों पर वितरित एवं चस्पा करायी जा रही है। इसी क्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, शिव कुमारी द्वारा जनपद में आवासित समस्त आम जन-मानस/वादकारियों से अपील है कि मध्स्थता अभियान को सफल बनाने हेतु सुलह योग्य वादों को मध्यस्थता केन्द्र, बदायूँ में सन्दर्भित कराना सुनिष्चित करें।

# छात्रावृत्ति वितरण हेतु समय सारणी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमा. ेत्तर (कक्षा 11-12) के समस्त वर्गो के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण 02 अक्टूबर 2025 को कराए जाने हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही किए जाने के शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्राप्त समय सारिणी की प्रक्रियात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत विद्यालय द्वारा मास्टर डाटा तैयार करना, पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) विद्यालयों को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी बदायूँ से पासवर्ड प्राप्त करने की तिथि 01 जुलाई, 2025 से 05 अक्टूबर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उनकी अधिकारिता में आने वाले समस्त विद्यालयों की मान्यता, स्वीकृत सीटों की संख्या एवं प्रोफाइल को ऑनलाईन डिजीटल हस्ताक्षर से सत्यापित करने की तिथि 02 जुलाई, 2025 से 15 अक्टूबर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। कक्षा 9-10 एवं कक्षा 11-12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति हेतु रजिस्ट्रेशन कराकर ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 02 जुलाई, 2025 से 30 अक्टूबर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवे. दन पत्र की हार्ड कॉपी वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा करने की तिथि 03 जुलाई, 2025 से 04 नवम्बर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। विद्यालयों द्वारा छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों को वांछित अभिलेखों से मिलान करके ऑनलाईन सत्यापित व अग्रसारित करने की तिथि 03 जुलाई, 2025 से 06 नवम्बर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 02 अक्टूबर 2025 को छात्रवृत्ति वितरण हेतु की जाने वाली कार्यवाही में माह अगस्त 2025 तक छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाईन किए गए आवेदन पत्रों को विद्यालयों द्वारा डिजीटल सिग्नेचर से ऑनलाईन सत्यापित व अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 31 अगस्त, 2025 तक है तथा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वर्गवार वास्तविक छात्र संख्या आदि की प्रमाणिकता को ऑनलाईन सत्यापित करने की तिथि 01 सितम्बर 2025 से 09 सितम्बर 2025 तक निर्धारित की गयी है।

# डीएम ने बाढ़ संवेदनशील ग्राम हर्रामपुर का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को तहसील दातागंज के ब्लॉक म्याऊं अंतर्गत बाढ़ संवे. दनशील ग्राम हर्रामपुर का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ग्राम में की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

उन्होंने राहत सामग्री के भंडारण व वितरण, नाव एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता की जांच करते हुए निर्देशित किया कि ग्राम वासियों कोई परेशानी नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में लापरवाही न बरती जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बनाए रखी जाए। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने व समस्त आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही फसल का बीमा व पशु टीकाकरण एवं चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, पशुपालन, सिंचाई एवं आपूर्ति आदि विभाग के अधिकारियों की टीम चौबीसों घंटे सक्रिय रहेगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को सूचना दें, ताकि समय पर सहायता पहुँचाई जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, एसडीएम दातागंज सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

# 18 अगस्त को बिसौली में होगा सम्पूर्ण समाधन दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 वैभव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि माह अगस्त 2025 में तृतीय शनिवार 16 अगस्त 2025 को जन्माष्टमी पर्व पर सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 16 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस अगले कार्य दिवस 18 अगस्त 2025 दिन सोमवार को आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार 18 अगस्त 2025 दिन सोमवार को जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रातः 10:00 बजे से तहसील बिसौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

# बेकाबू तेज रफ़्तार कार स्मृति द्वार गेट में टकराई तीन लोगों की मौत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के बरेली मथुरा हाईवे स्थित स्थित ए आरटीओ कार्यालय के निकट बेकाबू तेज रफ्तार कार ने हाईवे पर लगे स्मृति द्वार गेट में जबरदस्त टक्कर मार दी। कार मे बैठे चार लोग जिसमे मौके पर ही तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई जो एक गंभीर रूप से घायल हो गया उसे बरेली हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसा सोमवार को रात 12:30 बजे आरटीओ ऑफिस चौराहा के निकट का है। जहां बरेली की तरफ से एक बेकाबू तेज रफ्तार कार उझानी की तरफ को जा रही थी।जो तेज रफ्तार कार ने आयंत्रित होकर चौराहा क्रॉश करके हाईवे पर लगे स्मृति द्वार गेट में जा टकराई कार टकराते ही काफी तेज धमाका हुआ। और कार के बुरी तरह से परखच्चे उड़ गए। और कार में बैठे कार सवार ,लेखपाल राजा 35 वर्ष पुत्र मुन्ना बाबू सक्सेना निवासी कल्यान नगर, दूसरा हर्षित गुप्ता 27 वर्ष निवासी माल गोदाम स्टेशन कॉलोनी बदायूं, तीसरा रूबल पटेल 26 सिंह निवासी दहेमी, यह तीनों लोगों की कार में बैठे टक्कर होते ही मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जो चौथा, अंकित 29 वर्ष पुत्र संजीव कुमार निवासी कल्यान नगर गंभीर रूप से घायल है। जिसकी हालत गंभीर देखते हुए बरेली रेफर कर दिया है।यह चारों लोंग कार में सवार होकर बरेली की ओर से उझानी की तरफ को सिंह हवेली रेस्टोरेंट में बर्थडे पार्टी करने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि लेखपाल राजा का बर्थडे था जिस बर्थडे पार्टी को को बदायूं बिसौली रोड 24 होटल निकट वजीरगंज पर मना कर घर वापस लौट रहे थे लौटते समय एक दोस्त को उसके घर माल गोदाम रोड छोड़ने जा रहे थे जहां तीव्र गति से जा रही कार स्मृति द्वारा गेट में टकरा गई। जो गेट की फाउंडिशन भी उखड़ गई।और कार पलट कर हाईवे के नीचे जा गिरी और कार की स्मृति द्वार गेट में टक्कर होते ही काफी तेज धमाके की आवाज सुनकर वहां के स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और फिर सूचना पर पहुंची. पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद कार सवारों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज भिजवाए जहां हादसा इतना भयानक था कि कार सवारों के शरीर के चित्रड़े भी उड़ गए। जहां यह हादसा देखते ही वहां चीख पुकार मच गई बताया जाता है कि लेखपाल की गन्नौर में पोस्टिंग थी जो अंडाट्रेनिंग पर चल रहा था। पुलिस ने तीनों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की तैयारी करना शुरू कर दी है। जहां तीनों मृतकों के परिवार वालों का रो रो के बुरा हाल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया उक्त घटना में तीन दोस्तों की मौके पर मौत हो गई एक घायल है जिसका बरेली निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# उत्साह व उमंग से पूर्ण तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** देश को आजादी बड़े यत्नों व बलिदानों के बाद मिली है भावी पीढ़ी व आमजन को आजादी के महत्व को समझाने व देश को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान जनपद सहित प्रदेश भर में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता,जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव व मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार के नेतृत्व में उत्साह व उमंग से पूर्ण तिरंगा यात्रा का आयोजन पुलिस लाइन से किया गया, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस पुलिस लाइन पर इसका समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, सामा. जिक संगठनों के प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के प्रति. निधियों व आमजन ने देशभक्ति से ओतप्रोत होकर भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि गगन भेदी नारों को बोलते हुए तिरंगा यात्रा में प्रतिभाग किया। सभी का जोश व देश भक्ति के प्रति जज्बा देखते ही बनता था। इस अवसर पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा देश के लिए अमर शहीदों व क्रांतिकारियों द्वारा किए गए बलिदानों को याद करते हुए शहीद स्थल पर उन्हें पुष्प चक्र व पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि देश को आजादी बड़े यत्नों और बलिदानों के बाद मिली है। हम सबको इसका महत्व समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें उन क्रांतिकारी व अमर शहीदों को नमन करना चाहिए जिन्होंने देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया और आज हम सभी अपने त्यौहार सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाते हैं। यह सब उन बलिदानो के कारण ही हुआ है। उन्होंने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सभी अपने घरों पर तिरंगा फहराएं तथा शाम को उसे निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सम्मान पूर्वक ढंग से उतारकर बड़े ही सम्मान व आदर के साथ उसे रखें। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस भी मनाया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान प्रदेश भर में चलाया जा रहा है जो की तीन चरणों में चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों, प्रतिष्ठानों ,कार्यालय आदि में तिरंगा फहरे यह सभी सुनिश्चित करें तथा इसमें बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें तथा तिरंगा फहराने व उतारने में निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन भी अवश्य किया जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने भी आमजन से हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने का आवाहन किया। तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर भामाशाह चौक होते हुए इंदिरा चौक, बाबूराम मार्केट से होते हुए गांधी ग्राउंड चौराहा, लाबेला चौक, रोडवेज , भामाशाह चौराहा होते हुए वापस पुलिस लाइन पर समाप्त हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, एडीएम प्रशासन अरुण कुमार ,एडीएम फाइनेंस वैभव शर्मा सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विद्यालय से आए छात्र-छात्राएं, अध्यापक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कछला गंगा घाट पर हुआ तिरंगा यात्रा का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद सहित प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान बड़े उत्साह, उमंग व जोश के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी अवनीश राय ने अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, राजनैतिक दलों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ कछला गंगा घाट पर तिरंगा यात्रा में प्रतिभाग किया। डीएम ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की, कि वह हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले तथा अपने घरों, प्रतिष्ठानों, विद्यालयों, स्कूलों व कार्यालयों आदि में 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अवश्य लगाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि भावी पीढ़ी व आमजन को आजादी के महत्व को समझाने, आजादी पाने के लिए किए गए बलिदानों व संघर्षों को याद दिलाने तथा राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर कार्य करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जनपद सहित प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है, जिसका जन सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा तथा 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद के डायट परिसर स्थित ऑडिटोरियम में पूर्वाहन 11:30 बजे से प्रदेश के पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री मा0 डॉ अरुण कुमार सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व,एसडीएम सदर, राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य लोग, आमजन आदि मौजूद रहे।



विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान 17 करोड़ ने जियोहॉटस्टार पर लॉग इन किया

**मुंबई, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई सबसे यादगार टेस्ट श्रृंखला के समापन के साथ ही, 17 करोड़ से ज्यादा लोगों ने जियोहॉटस्टार पर लॉग इन किया, जिससे यह डिजिटल पर किसी भी टेस्ट श्रृंखला की अब तक की सबसे ज्यादा पहुंच बन गई। जैसे-जैसे श्रृंखला एक असाधारण और रोमांचकारी समापन की ओर बढ़ रही थी, ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन जियोहॉटस्टार पर 1-3 करोड़ दर्शकों की अधिकतम संगामी पहुंच दर्ज की गई - जो डिजिटल पर किसी भी टेस्ट मैच की अब तक की सबसे ज्यादा संगामी पहुंच है। रोमांचक मुकाबलों और रोमांचक मोड़ों के साथ, इंग्लैंड-भारत सीरीज़ ने जियोहॉटस्टार पर 65 अरब मिनट के विशाल व्यू टाइम के साथ भारत का ध्यान खींचा।

### संभावित दो स्तरीय डब्ल्यूटीसी ने बढ़ाई विंडीज क्रिकेट की चिंता

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगरआईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए दो स्तरीय प्रणाली (टू टियर सिस्टम) तय करती है तो वेस्टइंडीज शीर्ष स्तर की टीमों से बाहर हो सकती है क्योंकि डब्ल्यूटीसी के तीनों संस्करण में वेस्टइंडीज नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही थी और मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में भी वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों टेस्ट में हार मिली है। टू टियर सिस्टम की संभावना से वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक लचतित हैं और क्रिकेट वेस्टइंडीज़ (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी क्रिस डेहलरग ने कहा है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक इस संबंध में अपनी बात रखने की उम्मीद कर रहे हैं। रविवार और सोमवार को त्रिनिदाद में हुई सीडब्ल्यूआई की आपात बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबो. धित करते हुए डेहलरग ने कहा कि इस संबंध में हमें भूमिका अदा करनी होगी, हमें आईसीसी के समक्ष अपनी बात रखनी होगी।

### 64वां सुब्रतो कप 19 अगस्त से शुरू होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 64वां संस्करण 106 टीमों के साथ शुरू होगा, जो जूनियर ब्वायज, जूनियर गर्ल्स और सब-जूनियर ब्वायज - इन तीन वर्गों में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट 19 अगस्त से 25 सितंबर तक नई दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में आयोजित होगा। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा राजधानी में आकाश ऑफिसर मेस में आयोजित एक प्रेस कार्यक्रम में की गई, जिसमें एयर मार्शल एस शिवकुमार आदि उपस्थित थे।

# एशिया कपः भारत के लिए ओपनिंग पर सवाल

## अभी तक चार दावेदार सामने आए, सैमसन-यशस्वी और अभिषेक- गिल के बीच टक्कर



**नई दिल्ली, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे की समाप्ती के बाद अब भारत का अगला असाइनमेंट एशिया कप है। इसकी शुरुआत नौ सितंबर से होगी और सारे मैच यूएई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ ही करेगी।

इसके बाद शेडयूल के मुताबिक, टीम इंडिया 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगी। हालांकि, इस टूर्नामेंट से पहले चयनकर्ताओं के सामने असली चुनौती है। दरअसल, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल पिछले कुछ समय से टी-20 टीम का हिस्सा नहीं थे और अब अगर ये एशिया कप के लिए खुद को उपलब्ध बताते हैं तो चयनकर्ताओं के सामने ये चुनौती होगी कि ओपनिंग के लिए किसे चुना जाए। गिल और यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ इसी साल फरवरी में खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। गिल और यशस्वी, दोनों ने अपना-अपना पिछला टी-20 मुकाबला जुलाई 2024 में पल्लेकल में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। इसके बाद से किसी भी टी-20 सीरीज में ओपनिंग की जिम्मेदारी अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के कंधों पर रही है। जुलाई 2024 के बाद भारत ने बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेली हैं और अभिषेक और सैमसन पर ही ओपनिंग की जिम्मेदारी रही है। हालांकि, अगर गिल और यशस्वी वापसी करते हैं तो ओप. निंग किसे दी जाएगी, यह सबसे बड़ा सवाल है। सैमसन खुद भी बता चुके हैं कि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव ने यह जिम्मेदारी निभाने को कहा था। हालांकि, तब सूर्यकुमार ने उन्हें सात मैचों की बात कही थी। यानी बांग्लादेश के खिलाफ तीन और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैच। इस सात मैचों में सैमसन ने तीन शतक जड़े थे और खुद को साबित किया था। वहीं, अभिषेक मौजूदा समय में टी-20 के नंबर एक बल्लेबाज हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में अपनी कई तूफानी पारियों से धमाल मचा दिया है। वहीं, गिल टेस्ट टीम के कप्तान हैं और यशस्वी विस्फोटक ओपनर हैं। ऐसे में अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति के सामने एक सही स्क्वाड चुनने की जिम्मेदारी होगी। सैमसन और अभिषेक ने हाल फिलहाल में खुद को साबित किया है और उनके आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। सैमसन और अभिषेक को पिछले साल अक्टूबर से साथ ओपनिंग करने की जिम्मेदारी मिली और तब से भारत ने 12 में से 10 टी-20 जीते हैं। इसके अलावा सैमसन विकेटकीपर की अतिरिक्त भूमिका निभाते हैं, जबकि अभिषेक स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। सैमसन ने अब तक टी-20 में 42 मैचों में 152. 39 के स्ट्राइक रेट से 861 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। वहीं, अभिषेक ने 17 टी-20 मैचों में 193.85 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 535 रन बनाए हैं। इनमें दो शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। अगले साल टी-20 विश्व कप होना है और उसे देखते हुए इन दोनों की ओपनिंग जोड़ी को छेड़ना खतरे से खाली नहीं होगा।



● कोहली का जलवा इंस्टग्राम पर बरकरार

# विराट इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फालोअर्स वाले एशियाई एथलीट

## रोनाल्डो-मेसी और राक बस उनसे आगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली का जलवा सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर भी बना हुआ है। वह इंस्टा पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एशियाई एथलीट हैं। वह शीर्ष-10 की लिस्ट में इकलौते क्रिकेटर और एशियाई हैं। इस लिस्ट में फुटबॉल खिलाड़ियों की भरमार है। कोहली के इंस्टा पर करीब 273 मिलियन यानी 27.3 करोड़ फालोअर्स हैं। वह इंस्टाग्राम पर ओवरआल सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एथलीट्स में चौथे नंबर पर हैं। शीर्ष-दो पर दुनिया के दो महानतम फुटबॉलर्स में शुमार क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी का बोलबाला है। रोनाल्डो पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान हैं और फिलहाल सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नस्र के लिए खेल रहे हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 662 मिलियन यानी 66.2 करोड़ फालोअर्स हैं। वहीं, अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कप्तान मेसी के इंस्टाग्राम पर 506 मिलियन यानी 50.6 करोड़ फालोअर्स की संख्या है। मेसी फिलहाल अमेरिकी मेजर लीग साकर में इंटर मियामी टीम का हिस्सा हैं। तीसरे नंबर पर श्द राकश के नाम से मशहूर रेसलर और एक्टर ड्वेन जानसन हैं। इंस्टाग्राम पर ड्वेन जानसन के फालोअर्स की संख्या 392 मिलियन यानी 39.2 करोड़ है। इसके बाद विराट कोहली का नंबर आता है।

**इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एथलीट्स की लिस्ट**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | खेल | फालोअर्स |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | फुटबॉल | 66.2 करोड़ |
| 2 | लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | फुटबॉल | 50.6 करोड़ |
| 3 | ड्वेन जानसन | अमेरिका | रेसलिंग | 39.2 करोड़ |
| 4 | विराट कोहली | भारत | क्रिकेट | 27.3 करोड़ |
| 5 | नेयमार जूनियर | ब्राजील | फुटबॉल | 23.1 करोड़ |
| 6 | किलियन एम्बाप्पे | फ्रांस | फुटबॉल | 12.5 करोड़ |

# बेहोश होकर गिरे इतावली ओरिएंटियरिंग एथलीट की मौत

**चेंगदू, वार्ता।** चेंगदू में 2025 विश्व खेलों में प्रतिस्पर्धा के दौरान बेहोश होकर गिर पड़े इतालवी ओरिएंटियरिंग एथलीट मटिया डेबर्टोलिस की मंगलवार को मौत हो गई। आयोजकों और उनके खेल के शासी निकाय ने इसकी पुष्टि की।

अंतर्राष्ट्रीय विश्व खेल संघ (आईडब्ल्यूजीए),चेंगदू 2025 विश्व खेलों की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय ओरिएंटियरिंग महासंघ (आईओएफ) ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया। बयान के अनुसार, डेबर्टोलिस शुक्रवार सुबह, 8 अगस्त को विश्व खेलों के 12वें संस्करण के तहत पुरुषों की मध्यम दूरी की ओरिएंटियलरग स्पर्धा के दौरान बेहोश पाए गए। घटनास्थल पर तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। बाद में उन्हें गहन चिकित्सा के लिए चीन के एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान में स्थानांतरित कर दिया गया। निरंतर विशेषज्ञ चिकित्सा प्रयासों के बावजूद, मंगलवार को उनका निधन हो गया। बयान में कहा गया है कि वर्ल्ड गेम्स परिवार, एलओसी और आईओएफ इस त्रासदी से स्तब्ध हैं और एथलीट के परिवार, दोस्तों और पूरे ओरिएंटियरिंग समुदाय के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

# एमएस धोनी की अर्जी पर सुनवाई

मानहानि केस



● मद्रास हाईकोर्ट का आदेश, माही ने मीडिया हाउस पर 100 करोड़ का दावा किया था

**चेन्नई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के 100 करोड़ रुपए मानहानि केस में मद्रास हाई कोर्ट ने सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। धोनी का बयान एडवोकेट कमिश्नर के माध्यम से रिकार्ड किया जाएगा, ताकि भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति से बचा जा सके। धोनी ने 2014 में यह केस दर्ज किया था, जिसमें दो प्रमुख मीडिया चौनलों से हर्जाने की मांग की गई थी।

आरोप था कि 2013 के आईपीएल सट्टेबाजी घोटाले पर टीवी डिबेट के दौरान उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणी की गई थी। एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त जस्टिस सीवी कार्तिकेयन ने एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है, जो धोनी की ओर से सबूत और बयान दर्ज करेंगे। धोनी ने हलफनामे में कहा कि वे कोर्ट और कमिश्नर के निर्देशों का पालन करेंगे और चाहते हैं कि ट्रायल में देरी न हो। 2013 में हुई थी स्पाट फिक्सिंग आईपीएल 2013 में स्पाट फिक्सिंग हुई थी। पुलिस की जांच में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के दामाद, टीम चेन्नई सुपर किंग्स के हेड गुरुनाथ मयप्पन और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा जैसे बड़े नामों पर आरोप लगे थे। राजस्थान रॉयल्स के 3 खिलाड़ी एस. श्रीसंत, अंकित चव्हाण और अजीत चंदीला तो गिरफ्तार हो हुए थे। दोनों टीमों पर सवाल खड़े होने लगे।

हाईप्रोफाइल मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से लोढ़ा कमेटी बनाई गई। साल 2015 में कमेटी की सिफारिश पर दोनों टीमों पर 2 साल का प्रतिबंध लगाया गया था। धोनी फिलहाल इंटरनेशल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और आईपीएल में सीएसके की ओर से खेलते हैं। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था।

# विभु ने डेफलम्पिक्स गोल्फ सेलेक्शन टायल्स में पहला स्थान हासिल किया

● यूपी के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ की जसतर सिंह बिलिंग ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** महाराष्ट्र के विभु त्यागी ने डेफलम्पिक्स सेलेक्शन ट्रॉयल्स 2025 में पुरुष प्रतिभागियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल करते हुए विजेता का ताज पहना। ग्रेटर नोएडा के प्रतिष्ठित जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में दो दिनों तक चले इस चुनौतीपूर्ण मुकाबले में त्यागी ने कुल 168 (24-ओवर पार) स्कोर करते हुए लीडरबोर्ड में पहला स्थान प्राप्त किया। यह मुकाबला अत्यधिक गर्मी, उमस और तेज हवाओं जैसी कठिन परिस्थितियों में खेला गया, जिसने खिलाड़ियों की सहनशक्ति और कौशल की कड़ी परीक्षा ली। इस चयन ट्रायल का आयोजन एआईएससीडी द्वारा भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के मार्गदर्शन में किया गया था। 6 से 8 अगस्त, 2025 तक आयोजित इस आयोजन में छह समर्पित एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें एक महिला खिलाड़ी भी शामिल थीं, जो भारत में श्रवण-बाधित खिलाड़ियों के लिए खेलों में बढ़ती समावेशिता को दर्शाता है। त्यागी के बाद उत्तर प्रदेश के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ के जसतर सिंह बिललग ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। यह ट्रायल्स डेफलम्पिक्स 2025, टोक्यो के लिए भारत की गोल्फ टीम का चयन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। ट्रायल्स की शुरुआत आईजीयू के कोषाध्यक्ष संजीव रत्तन द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई, जिनके साथ एआईएससीडी के चेयरमैन मोलहदर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित किया और उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक सोमेश शर्मा और तकनीकी निद. ेशक (बैडलमटन) श्रीमती सोनू आनंद शर्मा भी उपस्थित रहीं। एआईएससीडी के चेयरमैन मोलहदर सिंह ने कहा कि चयन ट्रायल्स को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित किया गया। भले ही प्रतिभागियों की संख्या कम थी, लेकिन प्रतियोगिता बेहद कड़ी रही और सभी खिलाड़ियों ने दोनों राउंड्स में निरंतर प्रदर्शन किया। मैं भारतीय गोल्फ संघ को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शब्दों में, 'जो खेले, वो खिले', इन विशेष खिलाड़ियों को देश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला है और यह बहुत गर्व की बात है।

# भारत ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते 27 पदक

● 10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं एक साथ आई

**एशियाई अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025: भारतीय पदक विजेता**
**स्वर्ण पदक विजेता**-रितिका, **रजत पदक विजेता**-यात्री, प्रिया, नीरज, इशान, **कांस्य पदक विज. ता**-भावना, पार्थवी, प्रांजल, श्रुति, हर्ष, अंकुश, रॉकी, मयूर।

**एशियाई अंडर-19 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025: भारतीय पदक विजेता**
**स्वर्ण पदक विजेत**-निशा, मुस्कान, राहुल, **रजत पदक विजेत**-विनी, निशा, आरती, कृतिका, प्राची, मौसम, हेमंत, **कांस्य पदक विजेत**-यक्षिका, आकांक्षा, शिवम, गौरव।

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने बैंकॉक में आयोजित एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में विभिन्न आयु वर्गों में कुल 27 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

ओलंपिक्सडॉटकॉम के अनुसार, रितिका ने सोमवार को बैंकॉक में महिलाओं के 80+ किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में भारत के अभियान का समापन किया। टीम ने विभिन्न आयु वर्गों में कुल 27 पदक जीते। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं एक साथ आईं, जिसमें भारत की अंडर-19 टीम कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रही और अंडर-22 टीम चौथे स्थान पर रही। भारत ने 40 मुक्केबाजों का दल उतारा था।

प्रत्येक आयु वर्ग में बीस। अंडर-19 दल ने तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य सहित 14 पदक जीते, जबकि अंडर-22 मुक्केबाजों ने एक स्वर्ण, चार रजत और आठ कांस्य पदक जीते। अंतिम दिन के बारे में बताते हुए, विज्ञप्ति में कहा गया कि रितिका भारत की एकमात्र अंडर-22 चैंपियन बनकर उभरीं, जिन्होंने अंतिम दिन 80+ किग्रा के फाइनल में कजाकिस्तान की एस्सेल टोकटासिन को हराने के लिए दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा। यात्री पटेल को महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि 60 किग्रा के फाइनल में प्रिया का पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की यू तियान के खिलाफ जोशीला मुकाबला 3-2 से हार के साथ समाप्त हुआ। बाद में, नीरज ने पुरुषों के 75 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान के शावकटजोन बोल्ताएव से हारकर रजत पदक जीता। ईशान कटारिया ने भी 90+ किग्रा भार वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खलीमजोन मामासोलिएव से हारकर रजत पदक जीता। विज्ञप्ति में आगे कहा गया कि इस साल की शुरुआत में, अंडर-15 और अंडर-17 टीमों ने एशियाई चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 43 पदक जीते थे।

# हरमनप्रीत-मंधाना को विश्व कप जीतने का भरोसा

## 8 टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से भारत में शुरू होगा जहां भारत का पहला मैच श्रीलंका से होगा



**मुंबई, वार्ता।** भारत की सीनियर जोड़ी हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना ने टीम के हालिया प्रदर्शन, सामूहिक आत्मविश्वास और हाल के समय में बदले हुए तैयारी के तरीकों पर भरोसा जताते हुए पहला वनडे विश्व कप जीतने की संभावना जताई है।

आठ टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से भारत में शुरू होगा, जहां भारत का पहला मैच श्रीलंका से है। भारत पिछली बार 2022 के वनडे विश्व कप में सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच सका था। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 और 2017 में रहा है, जहां दोनों बार टीम उपविजेता थी। दोनों बार टीम की कप्तान मिताली राज थीं। इस बार भारतीय टीम घरेलू मैदान और हालिया फॉर्म के दम पर एक कदम आगे बढ़ने की उम्मीद कर रही है। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने मुंबई में विश्व कप के 50 दिन के काउंटडाउन आईसीसी इवेंट के दौरान कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा घस होता है और उम्मीद है कि इस बार हम 100प्रतिशत देंगे। हम उस रुकावट को समाप्त करने की को. शिश करेंगे, जिसका इंतजार सभी भारतीय प्रशंसक वर्षों कर रहे हैं। भारत इस साल वनडे में शानदार फॉर्म में रहा है और अब तक खेले गए 11 में से नौ मैच जीते हैं। इनमें आयरलैंड पर 3-0 की जीत, श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज जीत और हाल में इंग्लैंड में 2-1 की सीरीज जीत शामिल हैं। वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के खिलाफ जीत ने निश्चित ही घरेलू विश्व कप से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ाया होगा। अभी भारत का आत्मविश्वास कैसा है? इस सवाल के जवाब में हरमनप्रीत ने कहा कि सच कहूं तो बहुत ऊंचा है। पिछले कुछ साल में हमने जितना क्रिकेट खेला है, उसने हमें काफी आत्मविश्वास दिया है। जिस तरह हम पिछले कुछ साल से खेल रहे हैं, हम बस उसे जारी रखना चाहते हैं। मेरा मानना है कि यह सब हमारी मानसिकता और बेखौफ क्रिकेट पर निर्भर है, जो हम खेल रहे हैं। इंग्लैंड में वनडे सीरीज जीत से पहले टीम को वहां 3-2 से टी20 सीरीज में भी जीत मिली थी, जो इंग्लैंड में भारत की पहली टी20सीरीज जीत भी है। हरमनप्रीत ने कहा कि हम इंग्लैंड के नतीजों से हैरान नहीं थे क्योंकि हमें पता था कि हमने कैसी तैयारी की है। हमें पता था कि हम यह आसानी से कर सकते हैं। हमने इसके लिए बहुत मेहनत की थी, लेकिन साथ ही चीजों को बहुत सिंपल भी रखा था। हमें भरोसा था कि हम कोई भी सीरीज या टूर्नामेंट आसानी से जीत सकते हैं। हम सिर्फ इस पर बात कर रहे थे कि कैसे जीतना है, कैसे खुद को सुधारना है। हमारे लिए यह कोई बड़ी उपलब्धि नहीं थी बल्कि यह हमारी दिनचर्या का नतीजा था और हम इसे बार-बार करते रहना चाहते हैं। टीम की उपकप्तान मंधाना ने कहा कि टीम के हालिया फॉर्म का कारण मैदान से बाहर की तैयारियां भी हैं। उन्होंने कहा कि हम जो ट्रेलनग और मेहनत कर रहे हैं, उसका नतीजा मिल रहा है। उम्मीद है कि यह विश्व कप हमारे लिए बहुत खास होगा। इंग्लैंड में पिछले डेढ़ महीने में कई सही चीजें हुईं। मैदान से बाहर भी पूरी टीम का एकजुट रहना और हर दिन कड़ी मेहनत करना हमारे लिए बहुत अहम है।

# मो बोबाट लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त



● मो बोबाट क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बेजोड़ विशेषज्ञता और दूरदर्शिता रखते हैः जूलियन

**लंदन, वार्ता।** मो बोबाट को लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया है और वे 1 अक्टूबर, 2025 से यह पदभार ग्रहण करेंगे। इंग्लैंड के पूर्व पुरुष टीम के प्रदर्शन निदेशक और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के वर्तमान क्रिकेट निदेशक, फ्रेंचाइजी की 2026 सीजन की तैयारी के लिए पहली बड़ी नियुक्ति हैं।

बोबाट का आगमन ऐसे समय में हुआ है जब स्पिरिट एक नए स्वामित्व युग में प्रवेश कर रहा है, जिसमें एमसीसी के पास टीम में 51: हिस्सेदारी है और अमेरिका स्थित तकनीकी निवेश समूह टेक टाइटन्स के पास शेष 49प्रतिशत हिस्सेदारी है। ईसीबी ने हाल ही में पुष्टि की है कि सभी आठ हंड्रेड टीमें निजी स्वामित्व में चलेंगी। इस बीच, लंदन स्पिरिट नए ढांचे के तहत अपना नाम बरक. रार रखेगी, और 2026 की शुरुआत में इसका नया ब्रांडिंग करने की योजना है। अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए, बोबाट ने कहा कि ऐसे रोमांचक समय में लंदन स्पिरिट में शामिल होना सम्मान की बात है।

एमसीसी और हमारे नए साझेदारों, टेक टाइटन्स के साथ काम करते हुए, इस फेंचाइजी के क्रिकेट भविष्य को आकार देने का अवसर अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है। मैं मैदान के अंदर और बाहर कुछ खास बनाने के लिए उत्सुक हूं। लंदन स्पिरिट के अध्यक्ष जूलियन मेथेरेल ने कहा कि आज लंदन स्पिरिट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। मो बोबाट क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बेजोड़ विशेषज्ञता और दूरदर्शिता लेकर आते हैं, और हमें उनका स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

साथ ही, लंदन स्पिरिट नाम को बरकरार रखना उस पहचान में हमारे विश्वास को दर्शाता है जो हमने बनाई है - एक ऐसी पहचान जो राजधानी, हमारे प्रशंसकों और हमारे मूल्यों के साथ प्रतिध्वनित होती है। अब हम नई ऊर्जा और स्पष्ट उद्देश्य के साथ एक नए युग की ओर देख रहे हैं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 13 अगस्त 2025

# मुनीर की धमकी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं सीखा। वह बराबर उकसावे वाली कार्रवाई कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नजरिया जिस तरह पाकिस्तान के प्रति पिछले कुछ दिनों में दिखाई दिया है विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से। बहुत संभव है उसने भी पाकिस्तान के दिमागी संतुलन को बिगाड़ने का काम किया हो। इस समय पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर अमेरिकी दौरे पर हैं। यह पिछले दो महीनों में उनका दूसरा अमेरिकी दौरा है। जाहिर है, अमेरिका की इस तरह आवभगत से वह गदगद होंगे ही और होते भी दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने फ्लोरिडा के टाम्पा में पाक प्रवासियों को जिस अंदाज में संबोधित किया, वह उनकी उद्दंडता ही कही जाएगी। मुनीर का कहना था कि अगर पाकिस्तान के अस्तित्व पर किसी तरह की आंच आती है, तो वह उसका मुंहतोड़ जवाब तो देगा ही, साथ ही वह परमाणु हमला करने से भी नहीं हिचकेगा। उन्होंने सीधे तौर से भारत को यह भी कहकर धमकी दी कि अगर भारत ने पाक की ओर जल प्रवाह को बाधित किया तो इस्लामाबाद भारतीय बुनियादी ढांचे को नष्ट कर देगा। अब तो खबर यह भी आ रही है कि पाकिस्तान में भारतीय राजनयिकों को परेशान किया जा रहा है। हद तो यह है कि भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई तक बंद कर दी गई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को निर्देश दिए गए हैं कि भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

हालांकि भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दिल्ली में तैनात पाक राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयरस्ट्राइक के बाद भी पाक अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों को इसी तरह परेशान किया था। यह सीधे तौर से वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशन्स 1961 का उल्लंघन है। कन्वेंशन का आर्टिकल 25 कहता है कि मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। निश्चित रूप से पाक में आए एकाएक बदलाव से यह संदेह पैदा होता है कि इसके पीछे अमेरिका अपनी चालें चल रहा है। यह कोई मामूली बात नहीं है कि कोई किसी देश की धरती से किसी अन्य देश को ललकारे और मेजबान देश होने के नाते वह कोई आपत्ति दर्ज न करे। आखिर अमेरिका की धरती से कोई भारत जैसे देश को ललकारे यह उसकी सहमति के बिना कैसे संभव हो सकता है। यूं भी अमेरिका का रुख जिस तरह भारत के प्रति टैरिफ वह अन्य आवर्जन जैसे मामलों को लेकर रहा है, उससे भी यही संदेह गहराता है कि पाक को उकसाया जा रहा है और पाकिस्तान अमेरिका की निकटता पाने के चक्कर में वह भारत जैसे बड़े पड़ोसी से टकराव के रास्ते की तरफ जा रहा है। बिना सोचे-समझे यह रास्ता उसके लिए विनाशकारी हो सकता है। निसंदेह यह समय भारत की राजनीति व कूटनीति के लिए बेहद परीक्षा की घड़ी है और ऐसे में बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

## गाजा में नरसंहार पर भारत सरकार चुप क्यों



इजरायल ने गाजा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, गाजा में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की जानी चाहिए, जिनमें 18,430 बच्चे शामिल हैं, भारत सरकार फलस्तीनी लोगों की पीड़ा पर चुप है, जबकि इजरायल नागरिकों पर तबाही बरपा रहा है, गाजा में सैकड़ों लोगों की मौत भूख से हुई है और लाखों लोग भुखमरी के खतरे में हैं, गाजा में अल जजीरा के पांच पत्रकारों की टारगेट किलिंग भी एक जघन्य अपराध है, ऐसे हालात में चुप्पी के जरिये ऐसे अपराधों को बढ़ावा देना भी अपराध है, भारत सरकार तब भी चुप है, जब इजरायल फलस्तीन के लोगों पर कहर बरपा रहा है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस महासचिव**

# गायब होती नौकाओं व लुप्त होते विमान का कारण है बरमूडा ट्रायंगल



बरमुडा ट्रायंगल यह नाम सुनते ही दिमाग में रहस्य, गायब होती नौकाएं और विमान, और समुद्र के नीचे छुपे अनजाने खतरों की तस्वीरें उभर आती हैं। राजनैतिक नक्शे पर यह कोई आधिकारिक क्षेत्र नहीं है, पर लोकप्रिय संस्कृति ने अटलांटिक महासागर के उस हिस्से को जो मियामी, बरमूडा और प्यूर्टो रिको के बीच बनता है। एक किस्म की रहस्यमई काली छाया बना दी है। कई दशकों से पथिकों, वैज्ञानिकों, पत्रकारों और कथाकारों ने यहां हुई गुमशुदगियों को जोड़कर एक बड़ी कहानी रची है पर क्या यह कहानी वास्तविक घटनाओं पर आधारित है, या वह केवल अफवाहों, त्रुटिपूर्ण आंकड़ों और मानव कथानक की देन है? इतिहास, साक्ष्य और आधुनिक वैज्ञानिकता की रोशनी में इसे समझने का प्रयास यहां प्रस्तुत है।

बर्मुडा ट्रायंगल का रहस्य मुख्यत: कुछ मशहूर घटनाओं से आबाद हुआ। सबसे चर्चित घटनाओं में 1918 में गायब हुई यूएसएस साइक्लॉप्स और 1945 के फ्लाइट 19 का मामिला आता है। पांच प्रशिक्षण बमवर्षक विमान जो सम्पर्क खोने के बाद कहीं गायब हो गए थे। इन घटनाओं ने समाचार पत्रों और बाद में पुस्तकों व टीवी फिल्मों के लिए विषय बनाया और लोगों में भय व जिज्ञासा को हवा दी। इन मामलों के चारों ओर समय के साथ अनेक किस्से और संभावित स्पष्टीकरण जुड़ते गए। जर्मन उपमर्झ U-boat हमले से लेकर समुद्री विशालकाय जीवों और अलौकिक शक्तियों तक। पर जब ऐतिहासिक अभिलेखों और आधिकारिक जांचों को देखा जाता है तो कई सुराग साधारण और तर्कसंगत कारणों की ओर इंगित करते हैं जैसे खराब मौसम, नेविगेशन त्रुटियां, लोडिंग त्रुटि, या तकनीकी खराबी।

रहस्य को बढ़ाने में असल में सबसे बड़ा योगदान मिला उस मीडिया-युग ने, जिसमें सन 1950-60 के दशक से लेखक और पत्रकारों ने व्यक्तिगत कहानियों और भौ-डरावनी व्याख्याओं को जोर-शोर से पेश किया। 1960 के दशक में प्रकाशित कुछ लेखों और किताबों ने घटनाओं को जोड़कर एक ऐसा ढांचा बनाया, जिसमें अनुशासित आंकड़ों का स्थान कम और रोमांचक दावे अधिक दिखे। इन संस्मरणों और रिपोर्टों ने त्रिकोण को एक मिथकीय स्थान बना दिया। जहां प्राकृतिक घटनाओं को कभी-कभी अतिशयोक्ति के साथ जोड़ा गया। इस प्रक्रिया में छोटे-छोटे हादसों, जिनके पीछे सामान्य कारण होते हैं, को भी असाधारण बताया गया।

वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर भी कई संभावित व्याख्याएं दी गईं। इनमें से एक चर्चित सिद्धांत है समुद्र के तल से निकलने वाले मेथेन गैस के बुलबुले जो बड़े पैमाने पर पानी की सतह पर आएं तो पानी की घनत्व घटने से जहाज के डूबने जैसी घटना पैदा कर सकते हैं। कुछ शोध उदाहरण के तौर पर आर्कटिक में पाए गए गैस क्रेटर्स को उद्धृत करते हैं कि अचानक निकलने वाले गैस के बुलबुले जलयान के लिए खतरनाक हो सकते हैं पर यह स्पष्टीकरण कुछ सीमाओं के साथ आता है। ऐसी घटनाओं के प्रमाण जहां मेथेन बुलबुले ने बड़े जहाजों को अचानक डुबो दिया हो, अपेक्षाकृत कम दर्ज होते हैं और वे बर्मुडा क्षेत्र से सीधे जुड़े ठोस सबूत नहीं देते। इसी तरह अनुमान लगाए गए हैं कि अचानक बन जाने वाली विशाल लहरें, अरक्टिक और नॉर्थ अटलांटिक में आने वाली शक्तिशाली समुद्री तूफान-प्रवृत्तियां, तथा गलती से हुए नेविगेशन और मानवीय भूलें भी इन गुमशुदगियों के कारण बने होंगे।

सरकारी और विशेषज्ञ संस्थाएं भी इस विषय पर आईं और उनकी टिप्पणियां इस प्रकार रहीं। अमेरिकन नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन तथा यूएस नेवी ने बार-बार कहा है कि बर्मुडा ट्रायंगल में जहाजों और विमानों के गायब होने की सामान्य दर किसी भी अन्य बड़े समुद्री इलाके से अधिक नहीं है। मौसम, समुद्री धाराएं जैसे गल्फ स्ट्रीम, मानवीय भूल और सामान्य समुद्री खतरों को मुख्य कारण माना जाना चाहिए। विशेषज्ञों का तर्क है कि जब भी कोई समुद्री दुर्घटना होती है तो मनुष्य रहस्यमय व्याख्याओं की ओर आकर्षित होता है और यह आकर्षण समय के साथ मिथक का रूप ले लेता है। हालांकि कुछ मैडिकल और भौ-गर्भीय सिद्धांत रोचक हैं, पर उनका प्रमाणिक समर्थन सीमित और परिस्थितिजन्य है।

बीसवीं सदी के मध्य से पहले भी इसी अटलांटिक क्षेत्र में कई जहाज और हवाई-जहाज लापता हुए, पर उस समय सूचना प्रसार सीमित था और रिपोर्टें अक्सर अधूरी थीं। उदाहरण के लिए यूएसएस साइक्लॉप्स एक बड़ा ईंधन-वाहक था जो 1918 में लाखों टन माल लेकर गायब हुआ। उस समय युद्ध के माहौल और सीमित रेडियो सम्पर्क ने खोज-खबर को कठिन बना दिया। फ्लाइट 19 की घटना भी उसी प्रकार की त्रासदियों में गिनी जाती है। समुद्र में उड़ान भरते हुए नेविगेशन गलती, दिन-रात और मौसम का मिश्रण, साथ ही प्रशिक्षण के दौरान अनुभवी पुरोहितों की अनुपस्थिति, यह सब मिलकर एक बड़ा फलक प्रस्तुत करते हैं। ऐसे कई केसों में आज भी कंक्रीट सबूत नहीं मिला, पर मौलिक कारणों का दायरा काफी हद तक साधारण प्राकृतिक और मानवीय कारणों में आ जाता है।

बीमा और आर्थिक दृष्टि से भी इस क्षेत्र का अध्ययन रोचक है। कई लोगों का तर्क है कि अगर बर्मुडा ट्रायंगल सच में विशेष खतरों का केंद्र होता, तो बीमा प्रीमियम अन्य समुद्री मार्गों से भिन्न होते। लॉयस ऑफ लंदन जैसे बीमा बाजारों के वक्तव्यों से यह पता चलता है कि बीमा कंपनियां इस क्षेत्र को सामान्य समुद्री रास्तों के समान ही मानती हैं यानी खास ऊंची प्रीमियमों या अलग तरह के जोखिम मूल्यांकन का समर्थन नहीं मिलता। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि छोटे निजी नौकाओं या विमानों के खोने की रिपोर्टें अक्सर आधिकारिक आंकड़ों में आए बिना ही फैल जाती हैं, जिससे गलत अनुमान लगना आसान हो जाता है।

जहां तक सांख्यिकी की बात है, कई स्वतंत्र विश्लेषणों ने दर्शाया है कि यदि आप समान अवधि और यातायात वाले किसी भी अन्य बड़े समुद्री भाग की तुलना करें तो बर्मुडा ट्रायंगल की घटनाओं की संख्या अप्रत्याशित रूप से अधिक नहीं है। शब्द-निर्माता और पत्रकारों द्वारा चुने गए कुछ मामलों की सूची को जोड़कर एक विशेष पैटर्न दिखाया गया है, पर समग्र आंकड़ों में वह अनिवार्यता नहीं मिलती जो इस स्थान को विशेष खतरनाक घोषित करे। इसके अलावा, समुद्री इतिहास की जांच में अक्सर पता चलता है कि प्रारम्भिक रिपोर्टें अतिरंजित होती हैं, या बाद में पुष्ट होती-नहीं-हुई सूचनाओं पर आधारित होती हैं। साइंस-ड्रिवन स्पष्टीकरणों में से एक और प्रेरक विचार है चुंबकीय विचलन के सिद्धांत का। पुराने जमाने के द्वारा बनाई गई कुछ मानचित्रों और नेविगेशन माध्यमों के आधार पर यह धारणा बनी कि यहां कंपास अनियमित रूप से चलता है और नेविगेशन गलती का कारण बनता है। आधुनिक नेविगेशन टेक्नॉलॉजी जैसे GPS और उन्नत इनर्शियल नेविगेशन ने इस दावे को कमजोर कर दिया है। वास्तविकता यह है कि पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र स्थान-विशेष पर कुछ भिन्न होता है, पर उसके कारण विमान या जहाजों का स्वत: ही लापता होना सिद्ध नहीं होता। सामान्यत: नेविगेशन त्रुटियां मानव निर्णय और उपकरणों की सीमाओं से जुड़ी रहती हैं न कि किसी एक रहस्यमई चुंबकीय जाम से। बर्मुडा ट्रायंगल का प्रभाव सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक भी रहा है। किताबें, डॉक्युमेंट्री, फिल्मों और टीवी शोज ने इस क्षेत्र को रहस्य और रोमांच का पर्याय बना दिया। लोग अज्ञात पर आकर्षित होते हैं और ऐसी कहानियां जिनमें विज्ञान-सीमाएं लांघती हैं, आसानी से व्याप्त हो जाती हैं। साथ ही, रहस्यवाद के चाहने वालों और षड्यंत्र सिद्धांतकारों ने अलौकिक, विदेशी या गुप्त सैन्य तकनीक तक की व्याख्याएं दीं, जो मनोरंजक होने के साथ-साथ अक्सर प्रमाणों से दूर होती हैं। इन कथाओं का समाज पर प्रभाव यह है कि वे वास्तविक समुद्री खतरों और सुरक्षा उपायों पर ध्यान कम कर देती हैं जबकि भय और किवदंती को बढ़ावा देती हैं। विज्ञान और इतिहास की कसौटी पर यदि निष्पक्ष निर्णय लें तो बर्मुडा ट्रायंगल को एक यथार्थवादी अलौकिक काले छेद के रूप में मानने का कोई ठोस कारण नहीं मिलता। साक्ष्य बताते हैं कि अधिकतर दुर्घटनाएं प्राकृतिक कारणों, खराब मौसम, मानवीय भूल, नौवहन में त्रुटियां और कभी-कभी तकनीकी विफलताओं की वजह से हुई हैं।

कुछ घटनाएं आज भी अनसुलझी हैं, पर अनसुलझापन का अर्थ यह नहीं कि किन्हीं अलौकिक तत्वों को बुलाना चाहिए। कई बार साक्ष्य न होने का मतलब सिर्फ इतनी देर तक कमीशन की जांच और रख-रखाव के अभाव की स्थितियां भी हो सकती हैं। विशेषज्ञों द्वारा की गई विस्तृत जांच यह संकेत करते हैं कि बर्मूडा त्रिकोण का रहस्य किसी नए भौतिक नियम या अज्ञात शक्ति का प्रमाण नहीं देता।

**भेड़िया सांप (लाइकोडॉन औलिकस) कोल्यूब्रिडी कुल का सदस्य है। इसका नाम संभवत: इसके दांतों के कारण पड़ा है। यह सांप अपने आसपास खतरा होने पर शरीर को कुंडलित कर लेता है और मरे समान हो जाता है। इस स्थिति में हिलाने-डुलाने पर भी यह कोई विरोध या हरकत नहीं करता।**

# आत्मरक्षा के लिए मौत का स्वांग

जीवों में अपनी सुरक्षा के लिए कई प्रकार के व्यवहार देखे जाते हैं। यह परिस्थिति और खतरे के प्रकार पर निर्भर करता है कि किस प्रकार का व्यवहार अपनाना उन्हें अपने प्रतिद्वंदी से सुरक्षा दे सकता है। कई बार सुरक्षा के लिए नकलपट्टी का सहारा लिया जाता है जिसमें जीव किसी अन्य जीव, पत्ती, पेड़ की छाल या लकड़ी जैसा रूप धर लेते हैं। या कुछ जीवों में यह व्यवहार सुरक्षात्मक आवरण के रूप में हो सकता हैय वे अपने शरीर को एक आवरण या खोल से ढंक लेते हैं, जैसे तितलियां ककून बनाकर।

वहीं, कुछ जीवों द्वारा अपने शरीर से कुछ ऐसे रसायनों का स्राव किया जाता है, जो उनके परिवेश में घुल-मिल जाएं और शिकारी जीवों से उनकी रक्षा हो सके, लेकिन कभी-कभी सुरक्षा से ज्यादा प्रतिद्वंद्वी को चेतावनी देना भी एक कारगर तरीका हो सकता है। इसमें मुख्यत: अपने प्रतिद्वंदी से अपने क्षेत्र की रक्षा करना या अपने आप को अधिक शक्तिशाली दिखाना हो सकता है। मौत का स्वांग करना भी रक्षात्मक व्यवहार का एक रूप है, जिसमें कोई जीव मृत अवस्था की तरह जड़ हो जाता है ताकि शिकारी को चकमा देकर उससे बचा जा सके। मृत्यु का स्वांग की यह रणनीति जंतुओं के विभिन्न समूहों में देखी गई है, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, मछलियां शामिल हैं। खरगोशों, सरीसृप, उभयचर और आर्थोपोड में यह व्यवहार थेनेटोसिस लंबे समय से ज्ञात है। कुछ भारतीय सांपों, जैसे लाइकोडॉन औलिकस, जेनोक्रोफिस पिस्केटर, कोलोग्नाथस रेडियाटस और लाइकोडॉन कैपुसिनस में भी मृत होने का व्यवहार देखा गया है।



खतरा होने पर मरने का स्वांग करना एक अच्छा सुरक्षा उपाय हो सकता है, लेकिन कई मामलों में यह भी देखा गया है कि शिकार होने वाले जीवों के अलावा शिकारी जीव भी इस रणनीति को अपनाते हैं ताकि अपना शिकार आसानी से पकड़ सकें। हाल के वर्षों में कुछ सांपो में यह व्यवहार देखा गया है।

भेड़िया सांप (लाइकोडॉन औलिकस) कोल्यूब्रिडी कुल का सदस्य है। इसका नाम संभवत: इसके दांतों के कारण पड़ा है। यह सांप अपने आसपास खतरा होने पर शरीर को कुंडलित कर लेता है और मरे समान हो जाता है। इस स्थिति में हिलाने-डुलाने पर भी यह कोई विरोध या हरकत नहीं करता।

एक अध्ययन के दौरान जब यह देखने की कोशिश की गई कि मृत समान जड़ स्थिति में यदि इसे अकेला छोड़ दिया जाए तो वह कितने समय तक जड़ बना रहता है। देखा गया कि वह अपने इस व्यवहार में पहले परिवेश को भांपता है। यदि परिस्थिति सामान्य होते दिखती है तो लगभग दो से तीन मिनट बाद वह अपने सिर को मूल स्थिति में वापस ले आता है और जीवित दिखने लगता है। यह सांप शिकारी जीवों या मनुष्यों से सामना होने पर तो यह रणनीति अपनाता ही है, जिसमें शिकारी इसे मरा हुआ समझकर छोड़ देता है, लेकिन कई बार भेड़िया सांप ऐसा करके शिकार को धोखे से पकड़ने का काम भी करता है। मरा जानकर शिकार इसके पास आ सकते हैं, और ऐसे में शिकार को पकड़ने में कम मेहनत और ऊर्जा खर्च होती है।

**...मनोहर पवार**
**(स्रोत फीचर्स)**

# जीते जी और मौत के बाद भी जीवन बांटने का संकल्प

**वर्ल्ड ऑर्गन डोनेशन डे पर विशेष**




**श्वेता गोयल**

अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने, अंगदाताओं और लाभार्थियों को सम्मानित करने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को अंगदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 13 अगस्त को 'विश्व अंगदान दिवस' मनाया जाता है। अंगदान करना किसी को नया जीवन देने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक माना जाता है। यह दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में अंगदान की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

विश्व अंगदान दिवस की शुरुआत 1954 में प्रथम सफल अंग प्रत्यारोपण के सम्मान में तथा अंगदान के जीवनरक्षक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। माना जाता है कि दुनिया में पहली बार अंगदान वर्ष 1954 में किया गया था। उस समय रोनाल्ड ली हेरिक ने अपने भाई को अपनी एक किडनी दान कर उसे नया जीवनदान दिया था। वहीं, डा. जोसेफ मरे ने पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट किया था। इस मानवीय कार्य हेतु वर्ष 1990 में डा. जोसेफ मरे को फिजियोलॉजी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

अंगदान ऐसे व्यक्ति को अंग के रूप में दिया जाने वाला अनमोल जीवनदाई उपहार है, जिसके किसी अंग की बीमारी अंतिम अवस्था में हो और जिसे ट्रांसप्लांट (प्रत्यारोपण) की जरूरत हो। जो व्यक्ति अपना अंगदान करता है, उसे ऑर्गन डोनर कहा जाता है जबकि अंग पाने वाले व्यक्ति को रेसिपिएंट कहा जाता है। अधिकांश मामलों में अंगदान रेसिपिएंट की जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समुदायों को अंग दाताओं की तत्काल आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के साथ दान प्रक्रिया के बारे में मिथकों और गलत धारणाओं को दूर करता है, जीवन बचाने के लिए अंग दाताओं की महत्वपूर्ण आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है और विश्व में अंगों की कमी के जवाब में अंगदान को एक संस्कृति के रूप में प्रोत्साहित करता है। यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जो जीवन बचाने, समझ को बढ़ावा देने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए समर्पित है, जहां अंगदान के माध्यम से सार्वभौमिक रूप से जीवन का उपहार अपनाया जाता है। दरअसल मृत्यु उपरांत व्यक्ति के स्वस्थ अंगों से कई लोगों को अभयदान प्राप्त होता है।

अंगदानकर्ता किसी भी उम्र और पृष्ठभूमि के व्यक्ति हो सकते हैं। हालांकि अंगदान करने की पात्रता मृत्यु के समय या कुछ मामलों में किडनी अथवा आंशिक लीवर जैसे विशिष्ट अंगों के लिए जीवित रहते हुए निर्धारित की जाती है। अंग दाता बनने के लिए कोई भी व्यक्ति अपने राज्य अथवा राष्ट्रीय अंग दाता रजिस्ट्री के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करा सकता है, अपने ड्राइविंग लाइसेंस पर अपनी इच्छा दर्शा सकता है या अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने निर्णय पर



चर्चा कर सकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसकी इच्छाओं को जानकर उनका सम्मान किया जाए। आंख और टिश्यू की मदद से एक अंग दाता करीब 7 लोगों की जान बचा सकता है। इस प्रक्रिया के लिए अंग दाता को जीते जी अंगदान की साइट पर रजिस्टर करना होता है ताकि मृत्यु के बाद परिवारजन उसके अंगों और ऊतकों को दान करने की सहमति दे सकें। डोनर से रेसिपिएंट में मानव के कई अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण किया जा सकता है, जिनमें लिवर, किडनी, पैंक्रियाज, दिल, फेफड़ा, आंत, कॉर्निया, बोन मैरो और स्किन, यूट्रस, बोन, मसल्स, नर्व्स और कनेक्टिव टिश्यूज जैसे वैस्कुलराइज्ड कम्पोजिट एलोग्राफ्ट्स आदि शामिल हैं।

वैसे अंगदान को दो महत्वपूर्ण प्रकारों में विभाजित किया गया है, जीवित दाता और शव दाता। शव दानकर्ता गुर्दे, जिगर, फेफड़े, दिल, अग्नाशय, आंत, हाथ और चेहरा दान दे सकते हैं जबकि जीवित दाता अपना एक गुर्दा, एक फेफड़ा, यकृत का एक भाग, अग्नाशय का एक हिस्सा, आंत का एक हिस्सा, कॉर्निया दे सकते हैं। जब कोई जीवित व्यक्ति अपना कोई अंग या अंग का कोई हिस्सा दान करता है तो उसे जीवित दान कहा जाता है। जीवित दान के सबसे आम उदाहरणों में किडनी दान, लिवर दान, रक्त दान आदि शामिल हैं। कोई व्यक्ति अंगदान तभी कर सकता है, जब वह चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हो और उसका रक्त समूह तथा ऊतक उस व्यक्ति से मेल खाते हों, जिसे प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। दूसरी ओर, जब किसी व्यक्ति के अंगों को उसकी मृत्यु के बाद दान किया जाता है तो इसे शव या रोगग्रस्त दान कहा जाता है। ऐसे मामलों में अंगों को जल्द से जल्द निकाल दिया जाना चाहिए।

जो व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद अंगदान करना चाहता है, उसे अंगदान के लिए पंजीकरण कराना होता है। किसी अंग दाता की मृत्यु कैसे होती है, यह भी यह तय करने में एक महत्वपूर्ण कारक है कि उसके कौन से अंगदान किए जा सकते हैं। डॉक्टरों के अनुसार मस्तिष्क मृत्यु की स्थिति में हृदय, फेफड़े, अग्नाशय, गुर्दा, यकृत इत्यादि सभी महत्वपूर्ण अंगों का दान किया जा सकता है। प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में कॉर्निया, अस्थि मज्जा, हृदय वाल्व आदि केवल ऊतक दान ही संभव है क्योंकि मृत्यु के बाद ऑक्सीजन की आपूर्ति की कमी के कारण महत्वपूर्ण अंग मर जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक किसी व्यक्ति के ऊतक दान की शुरुआत उसकी मृत्यु के 24 घंटे के भीतर हो जानी चाहिए। दान किए गए अंगों के विपरीत, दान किए गए ऊतकों को तैयार करके लंबे समय तक रखा जा सकता है। 18 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति अपना अंगदान करके जीवित अंग दाता बन सकता है।

दान किए गए अंग किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकते हैं। हालांकि ट्रांसप्लांटेशन तभी संभव है, जब कोई व्यक्ति अपना ऑर्गन किसी को डोनेट करेगा। जब आप अपने शरीर के किसी अंग का दान करते हैं तो उसे पाने वाले को लंबा जीवन जीने में मदद मिलती है। रक्त और प्लेटलेट्स का दान तो कोई भी स्वस्थ व्यक्ति कर सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति प्रति वर्ष अधिकतम 6 बार रक्तदान कर सकता है और साल में 24 बार तक प्लेटलेट्स दान कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मस्क ने दी एप्पल को चेतावनी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कारोबारी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने दिग्गज टेक कंपनी एप्पल पर बाजार प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। यह मामला एक्सएआई के स्वामित्व वाले चैटबोट ग्रोक से जुड़ा है। एक्स पर उपलब्ध फीचर ग्रोक एक एआई एसिस्टेंट है जो उपयोगकर्ताओं के प्रश्नों के उत्तर दे सकता है, टेक्स्ट तथा तस्वीरें जेनरेट करने में सक्षम है और संवाद भी कर सकता है। मस्क ने एक्स पर पोस्ट की एक सीरीज में ग्रोक की रैंकिंग को लेकर बाजार प्रतिस्पर्धा कानूनों के उल्लंघन के लिए एप्पल की आलोचना की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि एप्पल इस तरह से काम कर रहा है कि ऐप स्टोर पर ओपन एआई के अलावा किसी दूसरी एआई कंपनी का शीर्ष पर पहुंचना असंभव हो जाता है। यह स्पष्ट रूप से बाजार प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन है। उन्होंने चेतावनी दी है कि वह तत्काल कानूनी कार्रवाई करेंगे। मस्क का यह पोस्ट हाल ही में बाजार में पेश जीपीटी-5 के प्रति उनकी असहजता भी दर्शाता है।

# पाक ने भारतीय राजनयिकों के घरों की गैस सप्लाई रोकी

## रिपोर्ट के मुताबिक मिनरल वॉटर और न्यूज पेपर भी बंद किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूज पेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर पर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी



### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई, लोकल वेंडर्स को गैस सिलेंडर न देने के निर्देश

पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों को इसी तरह परेशान किया था। उस समय, भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसा. रिया, उप उच्चायुक्त जेपी सिंह और नौसेना सलाहकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ा था। इन घटनाओं में लगातार पीछा करना,

### यह कदम पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा: रिपोर्ट

सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ करना और फर्जी फोन कॉल करना जैसी हरकतें शामिल थीं। इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों को परेशान करने की 19 घटनाएं हुईं। राजनयिकों के उत्पीड़न में इस बढ़ोतरी के बाद भारतीय उच्चायोग ने यह मुद्दा पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सामने उठाया था। गौर करने वाली बात यह है कि 2018 में भी दोनों देशों में ऐसे मामले हुए थे, जिसके बाद दोनों ने 1961 के 'वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस' का पालन करने का वादा किया था। पाकिस्तान के गैस, पानी और अखबार रोकने का फैसला वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस (1961) का उल्लंघन है। कन्वेंशन के आर्टिकल 25 के मुताबिक मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। पाकिस्तान ने जानबूझकर ये बुनियादी सप्लाई रोककर मिशन के काम और राजनयिकों की रोजमर्रा की जिंदगी में रुकावट डाली। कन्वेंशन का मकसद है कि डिप्लोमैट बिना भय और हस्तक्षेप के काम कर सकें। पाकिस्तान की ये हरकतें सीधे तौर पर दबाव का माहौल बनाने की कोशिश है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया था।



प्रयागराज। स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए राष्ट्रीय ध्वज खरीदता युवक।

## अमेरिका ने बीएलए को आतंकी संगठन घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी। मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथारिटी काम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी

### कहा: बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान में कई हमलों की जिम्मेदारी ली, मुनीर के यूएस दौरे के बीच ऐलान

नोटिफिकेशन। इसमें बताया गया है कि बीएलए पर कार्रवाई इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट की धारा 219 और एग्जीक्यूटिव आर्डर 13224 के तहत की गई है। अमेरिका की ओर से यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका दौरे पर हैं। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है।

# भारत पर टैरिफ रूस के लिए झटका: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति इस हफ्ते पुतिन से मिलेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर लगाए गए एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ को मास्को के लिए झटका बताया है। व्हाइट हाउस से बयान देते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमे. रिका जब रूस से तेल खरीदने वाले उसके सबसे बड़े (चीन) या दूसरे सबसे बड़े (भारत) तेल खरीदार पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कहता है, तो यह रूस के लिए बड़ा झटका है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ ने रूस की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। ट्रम्प यूक्रेन में सीजफायर के मुद्दे पर इस हफ्ते पुतिन से मुलाकात करने वाले हैं। इस पर उन्होंने कहा हम पुतिन से मुलाकात करेंगे, और बैठक के पहले दो मिनट में ही मुझे पता चल जाएगा कि सौदा हो सकता है या नहीं। पुतिन से मुलाकात से



### कहा: डील होगी या नहीं 2 मिनट में पता चल जाएगा

पहले जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से बात करेंगे ट्रम्प ने कहा है कि वे पुतिन से मिलने से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं यूरा. पीय नेताओं से बात करूंगा, जेलेंस्की से भी चर्चा होगी। सबकी राय लेकर मैं पुतिन से मुलाकात में पूरी तैयारी के साथ जाऊंगा और देखेंगे क्या होता है।

### अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारतीय स्टील, एल्युमिनियम और कई प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत टैरिफ (इम्पोर्ट डयूटी) लगाया है। एक रिपोर्ट के मुता. बिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो यह अमे. रिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर भारत का पहला औपचारिक पलटवार होगा। ट्रम्प ने 31 जुलाई को सभी भारतीय प्रोडक्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके बाद फिर 6 अगस्त को रूस से आयल इम्पोर्ट को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत का एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया था।

## बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित किया जाए: कनाडाई सांसद

**ओटावा।** कनाडाई सांसद फ्रैंक कैपुटो ने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और उनकी लिबरल पार्टी से लारेंस बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की है। कैपुटो ने कहा: यह गैंग समुदायों को डरा रहा है। अब समय है कि सरकार कार्रवाई करे। कैपुटो पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर हैं, उन्होंने अपने सहयोगी मंत्री गैरी आनंदसंगरी को पत्र लिखकर बताया कि बिश्नोई का आपराधिक साम्राज्य हत्याएं, और अवैध गति. विधियां करता है। उन्होंने कहा कि यह गैंग राजनीतिक, धार्मिक और वैचारिक कारणों से हिंसा फैलाता है। कैपुटो ने अपने पत्र में लिखा कि बिश्नोई गैंग की गतिविधियां इसे आतंकी संगठन घोषित करने का आधार देती हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इसे आतंकी संगठन की सूची में डालें ताकि पुलिस और सरकार को इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए जरूरी संसाधन मिल सकें।

# गाजा में नरसंहार पर भारत सरकार खामोश: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को गाजा में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की और इजरायल पर 'नरसंहार' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इजरायल ने गाजा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिनमें 18430 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने भारत सरकार पर आरोप लगाया कि वह फलस्तीनी लोगों की पीड़ा पर चुप है, जबकि इजरायल नागरिकों पर तबाही बरपा रहा है। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने प्रियंका गांधी के सवालों के जवाब में कहा कि यह गलत बयान है। वहां आम

### कांग्रेस नेता ने कहा: इजरायल ने 60 हजार लोगों को मारा

लोगों के मौत की वजह हमास है। वायनाड सांसद प्रियंका ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि गाजा में सैकड़ों लोगों की मौत भूख से हुई है और लाखों लोग भुखमरी के खतरे में हैं। उन्होंने गाजा में अल जजीरा के 5 पत्रकारों की टारगेट किलिंग को 'जघन्य अपराध' बताया। एक अन्य पोस्ट में प्रियंका ने लिखा कि चुप्पी के जरिए ऐसे अपराधों को बढ़ावा देना भी अपराध है। उन्होंने भारत सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह शर्मनाक है कि वह तब भी चुप है जब इजरायल फलस्तीन के लोगों पर कहर बरपा रहा है।

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals | Affiliations
NAAC A++ UGC
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
Admission Open
Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm
Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm
Shri Ram College of Law
BALLB | BComLLB | LLB
Shri Ram Polytechnic
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)
For Admission Scan QR code or Register on www.srgcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.
For Admission Scan QR code or Register on www.srcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal
Scholarship more than ₹ 10 Crores Available
For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281

# आसिम मुनीर सूट पहनने वाला लादेन: माइकल रुबिन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को सूट पहनने वाला ओसामा बिन लादेन बताया है।

उन्होंने कहा कि मुनीर के परमाणु धमकी वाले हालिया बयान से पाकिस्तान गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा है। आसिम मुनीर ने पिछले हफ्ते अमेरिका के टेम्पा शहर में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों से मुलाकात के दौरान कहा था कि पाकिस्तान एक न्यूक्लियर स्टेट है, पाकिस्तान डूबा तो आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। रुबिन ने इस बयान की तुलना आतंकी संगठन आईएसआईएस और ओसामा बिन लादेन के खतरनाक बयानों से की। रुबिन ने अमेरिकी सरकार से पाकिस्तान से प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी

### मुनीर के परमाणु धमकी वाले बयान से पाक गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा: पेंटागन के पूर्व अधिकारी

का दर्जा तुरंत छीन लेने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान को आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश घोषित करने पर विचार करना चाहिए। नाटो देशों के अलावा जिन देशों के साथ अमेरिका के अमेरिका के रक्षा संबंध हैं। उन्हें वह प्रमुख प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा देता है। रुबिन ने आसिम मुनीर को 'पर्सोना नान ग्राटा' घोषित कर अमे. रिका का वीजा देने पर पाबंदी लगाने की मांग की है। रुबिन ने यह भी कहा कि जब मुनीर ने ये बयान दिया, तो उसी वक्त उन्हें मीटिंग से बाहर निकालकर टेम्पा एयरपोर्ट भेजकर देश से बाहर कर देना चाहिए था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मेरी माटी मेरा देश
दुर्गा इस्पात प्राईवेट लि.
मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर